RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 58
नई दिल्ली, बुधवार, 3 जनवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





जम्मू कश्मीर में सुरक्षा हालात की गृह मंत्री ने समीक्षा की

राष्ट्रीय-10

# भाजपा ने 2024 का बजाया बिगुल

## ● भाजपा 2024 के लिए नए सदस्यों को शामिल करने के लिए कमेटी गठित करेगी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**आगामी** आम चुनावों में अपने प्रदर्शन के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित करते हुए, भाजपा ने मंगलवार को नए नारे 'तीसरी बार मोदी सरकार, अब की बार 400 पार' के साथ के साथ चुनावी बिगुल फूंक दिया है। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2019 के लोकसभा चुनावों में हासिल की गई सीटों से 100 अधिक है।

पार्टी ने 400 का लक्ष्य, तीन हिंदी राज्यों में भारी जीत के बाद पार्टी के नेताओं की तरफ से आया। इसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी दे दी गई। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, कई कैबिनेट मंत्री, कई मुख्यमंत्री, शीर्ष नेता शामिल हुए। भाजपा कार्यालय में दिनभर चली बैठक में राज्य के नेता और कुछ सांसद भी शामिल हुए। सूत्रों ने कहा कि हालांकि बैठक का एजेंडा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुलाया गया था, लेकिन जल्द ही यह लोकसभा की पहल के साथ आगे बढ़ गई क्योंकि पार्टी इंडिया समूह के तहत विपक्षी गठबंधन का मुकाबला करने पर विचार कर रही है। दो घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में नारे के अलावा इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए संगठनात्मक रणनीतियों पर भी फोकस किया गया। सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक लोकसभा और विधानसभा सीटों के लिए संयोजक और सह-संयोजक की प्रतिनियुक्ति की गई है। पार्टी ने अपने अभियान प्रयासों को और तेज करते हुए घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा सहित प्रमुख नेताओं के लोकसभा क्षेत्रों में दौरे जल्द ही शुरू होंगे।

पीएम मोदी की मौजूदगी वाली पिछली भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में चर्चा किए गए 'क्लस्टर-मेकिंग फॉर्मूले' से उपजी इस रणनीति का उद्देश्य पार्टी की चुनावी पहुंच को अधिकतम करना है। इसके अतिरिक्त, पार्टी 25 जनवरी से 25 मार्च तक एक मेगा कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। भाजपा कार्यकर्ता 22 जनवरी के अभिषेक समारोह के बाद 25 जनवरी से 60 दिन की शुरू होने वाली यात्रा के तहत देश के विभिन्न हिस्सों से अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने के इच्छुक भक्तों की मदद करेंगे। हालांकि यात्रा का खर्च व्यक्तियों द्वारा वहन किया जाएगा, भाजपा कार्यकर्ता उन्हें जानकारी और टिकट देने में मदद करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रतिष्ठा समारोह के बाद सभी कार्यक्रमों और समारोहों में भाग लेने की सलाह दी गई है। उन्हें पार्टी के लोगो या झंडों का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी गई है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने राम मंदिर के निर्माण में

**लोकसभा चुनाव 2024**

**'तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 के पार', भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन में करेंगे मदद, आरएसएस कार्यकर्ता घर घर जाकर राम मंदिर कार्यक्रम की देंगे जानकारी**

आरएसएस और भाजपा के योगदान को सामने के लिए व्यापक कार्यक्रम चलाने का भी फैसला किया है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों में वोट हासिल करने के लिए अपने चुनाव अभियान में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का लाभ उठाने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है।

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले राम मंदिर अभिषेक समारोह का लाभ उठाने के लिए एक सूक्ष्म-स्तरीय योजना बनाई है, जिसमें अयोध्या की मुफ्त यात्रा का आयोजन करने से लेकर घरों में अक्षत (पवित्र चावल) वितरित करना, उन्हें पवित्र शहर में आमंत्रित करना और नये मतदाताओं से जुड़ने के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम (शेष पेज 9)

# ट्रक चालकों की देशभर में हड़ताल

## ● नया दंड प्रावधान लागू करने का निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से परामर्श के बाद ही लिया जाएगा: गृह सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई/कोलकत्ता



**हिट-एंड-रन** पर केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ देशभर में ट्रक, डंपर और बस चालक समय हड़ताल पर हैं। इसके विरोध के चलते सब्जी, पेट्रोल, डीजल समेत अन्य आश्वयक चीजों की आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यदि यह विरोध-प्रदर्शन और लंबा चला तो देशभर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत हो सकती है। वहीं केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने मंगलवार को कहा कि नया दंड प्रावधान लागू करने का निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) से परामर्श के बाद ही लिया जाएगा। भल्ला ने सभी आंदोलनकारी ट्रक चालकों से काम पर लौटने की भी अपील की।

कमी की आशंका के कारण लोगों में पहले से ही ईंधन खरीदने की होड़ लग गई है और पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार लग गई। नए कानून के तहत हिट-एंड-रन मामले में 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपये का जुर्माने का प्रावधान है। केंद्र ने मंगलवार को ट्रकर्स एसोसिएशनों के साथ बातचीत शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला मंगलवार शाम को प्रदर्शनकारी ट्रक ड्राइवरों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किए जाने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि अखिल भारतीय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने नए प्रावधानों को वापस लेने की मांग के समर्थन में अभी तक कोई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान नहीं किया है। हिट-एंड-रन मामलों पर नए कानून में कड़ी सजा के प्रावधान के खिलाफ कुछ ट्रक चालक संघों की हड़ताल के दूसरे दिन कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन किया गया, हालांकि सरकार ने आंदोलन को खत्म करने के लिए आंदोलनकारी समूहों के साथ मंगलवार को बातचीत शुरू की। इससे आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया और कई स्थानों पर ईंधन की कमी की आशंका के चलते पहले से ईंधन भरवाने की होड़ लग गई है। ट्रक चालकों के कई संघों ने भारी जुर्माने के प्रावधान पर सवाल उठाया है और वे कैब चालकों, वाणिज्यिक वाहनों के चालकों का कहना है कि दुर्घटना की स्थिति में वे इतना बड़ा जुर्माना कैसे अदा करेंगे। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ट्रक ड्राइवरों के विरोध की मांगों के समर्थन में आई है और कहा है कि कानून के दुरुपयोग से जबरन वसूली और संगठित भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है। प्रदर्शन कर रहे ट्रक ड्राइवरों की आशंकाओं को गलत तरीके से पेश करने के रूप में खारिज करते हुए, केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि यदि वाहन चालक जो गलती से किसी व्यक्ति को टक्कर मार देता है और बाद में पुलिस को उस बारे में सूचित करता है या पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले जाता है तो उस पर हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के कड़े प्रावधान के तहत मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। उधर पटना में प्रदर्शनकारियों ने ने नए कानून पर सवाल उठाते (शेष पेज 9)

# विशेषाधिकार समिति सांसदों के निलंबन पर विचार करेगी


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** के शीतकालीन सत्र के दौरान अशोभनीय आचरण के लिए कांग्रेस के तीन सदस्यों को सदन से निलंबित करने के मुद्दे पर विचार करने के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति अगले सप्ताह बैठक करेगी। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली समिति 12 जनवरी को अपनी बैठक में कांग्रेस सदस्यों के. जयकुमार, अब्दुल खालिक और विजयकुमार विजय वसंत के मौखिक साक्ष्य दर्ज करेगी, जिन्हें 18 दिसंबर को सदन में में गंभीर अव्यवस्था उत्पन्न करने के लिए निलंबित कर दिया गया था। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान, विपक्षी दलों के 100 लोकसभा सदस्यों को अशोभनीय आचरण के लिए निचले सदन से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि वे संसद की सुरक्षा के उल्लंघन के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग करते हुए तख्तियां लेकर आए थे और नारे लगा रहे थे। सत्तानवे सदस्यों को शीतकालीन सत्र के बाकी दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था जबकि सिंह, खालिक और विजयकुमार का मुद्दा विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया था जो पीठासीन अधिकारी की कुर्सी तक पहुंच गए थे। तीनों सदस्यों का निलंबन तब तक जारी रहेगा जब तक समिति अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को नहीं सौंप देती। राज्यसभा में भी, शीतकालीन सत्र के दौरान 46 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था, जिनमें वे 11 सदस्य भी शामिल थे, जिनका मामला उच्च सदन की विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया था। राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति की अध्यक्षता उपसभापति हरिवंश करते हैं और उसे भेजे गए 11 सदस्यों के निलंबन के मामले की पड़ताल के लिए अभी उसकी बैठक बुलानी बाकी है। विपक्षी सदस्य जेबी माथेर हिशाम, एल हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जी सी चन्द्रशेखर (सभी कांग्रेस) बिनय विश्वम और संतोष कुमार पी. (दोनों भाकपा), एम मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम (दोनों माकपा) को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट सदन को मिलने तक के लिए निलंबित किया गया था। टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन ने कहा कि सरकार शायद चाहती है कि विपक्षी सदस्य भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी और बृजभूषण शरण सिंह की तरह व्यवहार करें ये दोनों कदाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं क्योंकि 14 विपक्षी सांसद संसद से निलंबित हैं। सोशल मीडिया पर ओब्रायन, जो निलंबित सांसदों में से हैं, ने सरकार पर हमला बोला और लोकसभा में सांप्रदायिक टिप्पणी का इस्तेमाल करने के आरोपी बिधूड़ी और बृजभूषण शरण सिंह का जिक्र किया, जो महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। बिधूड़ी पर लगे आरोपों की जांच विशेषाधिकार समिति कर रही है। ओब्रायन ने कहा, रमेश और (शेष पेज 9)

# बिहार सरकार जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों का विवरण सार्वजनिक करे: सुप्रीम कोर्ट

## ● उच्चतम न्यायालय ने कहा कि ताकि असंतुष्ट लोगों को चुनौती देने का समय मिल सके

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायाल ने बिहार में हुए जातिगत सर्वे को लेकर सुनवाई के दौरान मंगलवार को राज्य सरकार को अहम निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने सरकार से कहा कि वह जाति सर्वेक्षण का पूरा विवरण सार्वजनिक करे, ताकि असंतुष्ट लोग निष्कर्षों को चुनौती दे सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन याचिकाकर्ताओं को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने जाति सर्वेक्षण और इस तरह की कवायद करने के बिहार सरकार के फैसले को बरकरार रखने वाले पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा, अंतरिम राहत का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि उनके (सरकार के) पक्ष में उच्च न्यायालय का आदेश है। अब, जब विवरण सार्वजनिक मंच पर डाल दिया गया है, तो दो-तीन पहलू बचे हैं। पहला कानूनी मुद्दा है-उच्च न्यायालय के फैसले का औचित्य और इस तरह की कवायद की वैधता के बारे में। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने कहा कि चूंकि सर्वेक्षण का डाटा सामने आ गया है, अधिकारियों ने इसे अंतरिम रूप से लागू करना शुरू कर दिया है और एससी, एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण को मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है। पीठ ने रामचंद्रन से कहा, जहां तक आरक्षण बढ़ाने की बात है, तो आपको इसे उच्च न्यायालय में चुनौती देनी होगी। रामचंद्रन ने अदालत से कहा कि इसे पहले ही उच्च न्यायालय में चुनौती दी जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि मुद्दा महत्वपूर्ण है, और चूंकि राज्य सरकार डेटा पर काम कर रही है, इसलिए मामले को अगले सप्ताह सूचीबद्ध किया जाना चाहिए, ताकि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए दलील दे सकें। पीठ ने कहा, कैसी अंतरिम राहत बिहार सरकार के पक्ष में उच्च न्यायालय का फैसला है। बिहार सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि अलग-अलग विवरण सहित डेटा को सार्वजनिक कर दिया गया है और कोई भी इसे निर्दिष्ट वेबसाइट पर देख सकता है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, वह जिस चीज को लेकर अधिक चिंतित हैं, वह डेटा के अलग-अलग विवरण की उपलब्धता है। सरकार किस हद तक डेटा को (शेष पेज 9)

# पीएम ने तमिलनाडु को सांस्कृतिक नेतृत्व के लिए सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कुछ नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं की कुल लागत 20,140 करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री ने सांस्कृतिक प्रेरणा के लिए तमिलनाडु की सराहना की और राष्ट्र हित के प्रति समर्पण हेतु देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) के दिवंगत नेता विजयकांत की प्रशंसा की।

वहीं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सामाजिक न्याय के नेतृत्व वाले शासन के द्रविड़ियन मॉडल की वकालत की और कहा कि इसका उद्देश्य अन्य लक्ष्यों के साथ-साथ शिक्षा को सभी तक पहुंचाना भी है। चेन्नई और दक्षिणी तमिलनाडु में हाल की भारी बारिश, बाढ़ और उसके परिणामस्वरूप हुए जानमाल के नुकसान की पृष्ठभूमि में मोदी ने कहा कि केंद्र हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। हालांकि स्टालिन ने उनसे भारी बारिश-जलप्रलय को गंभीर प्राकृतिक आपदा घोषित करने और राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से राज्य को उचित धन जारी करने का आग्रह किया। मोदी ने राज्य की राजधानी चेन्नई से करीब 300 किलोमीटर दूर स्थित मध्य तमिलनाडु के इस जिले में हवाई एवं बंदरगाहों, रेलवे, राजमार्ग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, परमाणु ऊर्जा और उच्च शिक्षा से जुड़ी 20 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पहले उन्होंने यहां भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से तमिलनाडु की प्रगति मजबूत होगी और यात्रा सुगमता बढ़ेगी तथा रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे। स्टालिन ने कहा कि लोगों के करीब होने के नाते राज्य सरकारों का कर्तव्य है कि वे छात्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और लोगों को अन्य सभी आवश्यक सहायता प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए बाढ़ और बारिश के बाद की स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय सहायता के अनुरोध को दोहराना और राज्य के अधिकारों को स्थापित करना केवल लोगों की मांग है, न कि राजनीतिक बयानबाजी। तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा प्रयास देश के विकास में तमिलनाडु से मिली सांस्कृतिक प्रेरणा का लगातार विस्तार करना है।

दिल्ली में नए संसद भवन में पवित्र सेंगोल स्थापित किए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह तमिल संस्कृति द्वारा पूरे देश को दिए गए सुशासन के मॉडल से उपजी एक प्रेरणा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष के लिए आजादी का अमृत काल (शेष पेज 9)

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का दौर जारी, फिलहाल राहत के आसार नहीं

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

## ● भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिमी यूपी, हरियाणा चक्रवाती हवाओं से प्रभावित



**उत्तर-पश्चिमी** बर्फीली हवाओं के चलते राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार की सुबह को मौसम बेहद सर्द रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने और ठिठुरन के चलते राजधानी क्षेत्र में अत्यधिक ठंड के कारण लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि उत्तर पश्चिमी यूपी और हरियाणा में चक्रवाती हवाओं से प्रभावित रहे।

राजधानी दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली रिज क्षेत्र 8.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, पालम में तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 9.2 और मयूर विहार में 10.3 डिग्री रहा। हालांकि दिन में धूप से निकलने से लोगों को गलन व ठिठुरन से थोड़ी राहत अवश्य मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर पश्चिमी यूपी और हरियाणा के ऊपर चक्रवाती हवाओं का दबाव बना रहा। आईएमडी ने कहा कि सुबह सफदरजंग में दृश्यता गिरकर 500 मीटर हो गई। 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम 4 बजे 340 था। आईएमडी अधिकारी के अनुसार, उत्तर पश्चिमी यूपी और हरियाणा के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं के चलने से दिल्ली में गर्म और ठंडी हवाएं दोनों चल रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी और उत्तर भारत के बड़े हिस्से में जारी शीत लहर के कमजोर होने के कोई संकेत नहीं हैं। आईएमडी ने आने वाले दिनों में मौजूदा मौसम से राहत की कोई उम्मीद नहीं जताई है और कहा है कि शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी और 5 से 11 जनवरी के बीच मध्य भारत के कुछ हिस्सों तक फैल जाएगी। आईएमडी ने कहा, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 6-9 डिग्री सेल्सियस और उत्तरी मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और उत्तरी छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान 10-12 डिग्री सेल्सियस के बीच है। पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात के कई हिस्सों में ये सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस ऊपर है।

आईएमडी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पंजाब, हरियाणा, हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में सुबह 8.30 बजे आज घने कोहरे की स्थिति देखी गई। आईएमडी के अनुसार मंगलवार सुबह 8.30 बजे दृश्यता वाराणसी-25 प्रत्येक, झाँसी-200; उत्तराखंड- पंतनगर-25, नैनीताल-50, देहरादून-200; राजस्थान- बीकानेर-25, जयपुर और उदयपुर डबोक-50 दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, दृश्यता (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 जनवरी, 2024



# कुख्यात रवि काना पर पुलिस ने लगाया गैंगस्टर एक्ट

● दो दिन पहले ही सेक्टर-39 थाने में युवती ने गैंगस्टर के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया था


गैंगस्टर गैंग का एक सरगना गौतमबुद्धनगर पुलिस की गिरफ्त में।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की बीटो-दो पुलिस ने सरिया और कबाड़ का अवैध कारोबार करने वाले कुख्यात बदमाश रवि काना समेत 16 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। दो दिन पहले ही सेक्टर-39 थाने में एक युवती ने गैंगस्टर रवि काना के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन मुख्य आरोपी रवि अभी फरार है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के एक प्रवक्ता ने बताया कि थाना बीटो-दो के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र सिंह ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर दादूपुर गांव निवासी रवि नागर उर्फ रवि काना समेत 16 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट (उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम) में मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि इस गिरोह के लोग सरिया और कबाड़ के अवैध कारोबार में लंबे समय से लिप्त हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रवि नागर उर्फ रवि काना ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक गैंग बना लिया और अपने अनुचित भौतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सरिया व स्क्रैप के कारोबार में लंबे समय से सक्रिय है।

उक्त गैंग के सदस्यों द्वारा विभिन्न निर्मासणाधीन साइटों पर जाने वाले सरिये के ट्रकों को रोककर चालक से मिलीभगत करके सरिया उतरवा लेते हैं। रवि नागर उर्फ रवि काना साइटों के मैनेजर को डरा धमकाकर स्टाक बुक में पूरा वजन अंकित कराते हैं।

इसके बाद उतारे गए सरिया को बाजार भाव से अधिक दामों पर बेचकर अनुचित मुनाफा कमाते हैं। आरोप है कि गैंग लीडर विभिन्न प्रतिष्ठानों से निकलने वाले स्क्रैप का ठेका भी कंपनियों के मालिकों को डरा धमकाकर अपने गैंग के सदस्यों के नाम पर करा लेता है।

आरोपियों में ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा 2 में इस बाबत दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, रवि नागर उर्फ रविंद्र सिंह उर्फ रवि कानाु दनकौर, राजकुमार नागर, तरुण छोंकर, अमन कासना, विशाल, अवध उर्फ बिहारी, महकी नागर उर्फ महकार, अनिल, विक्की पुत्र नानक चंद निवासी सलारपुर जारचा, अफ सार पुत्र मकसूद निवासी लोहला अगौता,, राशिद अली पुत्र शकी, आजाद नागर पुत्र धर्मवीर निवासी दादूपुर, प्रहलाद पुत्र अंतराम बड़ा गांव कमतरी, आगरा, विकास नागर पुत्र सतपाल नागर निवासी दादूपुर, दनकौर, कुमारी काजल झा पुत्री सुनील कुमार निवासी न्यू फ्रे ंडस कालोनी, नई दिल्ली, मुध पत्नी रवि नागर निवासी दादूपुर, दनकौर शामिल है। ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि थाना बीटा 2 पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर के आरोपी अनिल, आजाद, विकास व राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रुप से बेच रहे था देसी व अंग्रेजी शराब



**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने अलग.अलग स्थान से अवैध रूप से शराब बेचने का आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अंग्रेजी व देसी शराब बरामद हुई है। नोएडा के थाना फेस.3 पुलिस ने एक के सूचना के आधार पर तिकोना पार्क के पास शराब बेच रहे राहुल कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी ग्राम मामूरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चार पेटी बेस्टो व्हिस्की हरियाणा मार्का की बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह दूसरे राज्यों से सस्ती शराब लाकर लोगों को बेचता है। इसी थाना क्षेत्र की पुलिस ने होटल ऑरेंज पाई के पास बिजली घर पर खड़े सविकांत को गिरफ्तार किया इसके पास से 70 पव्वे इंपैक्ट ग्रीन व्हिस्की के बरामद हुए। थाना सेक्टर.49 पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर बरौला गांव के पास से राजू उर्फ राजीव पुत्र भगवान दिन को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 48 क्वाटर देसी शराब के बरामद हुए। थाना कासना पुलिस ने घरबार रोड पर स्थित जिम्स अस्पताल के पास शराब बेच रहे मूलचंद पुत्र रमेश को गिरफ्तार किया।

### परिजनों ने लगाई डांट तो मौत को लगा लिया गले

**नोएडा।** नोएडा में परिजनों की डांट से नाराज होकर नोएडा के अलग अलग स्थानों पर दो युवकों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नोएडा के थाना फेस-2 प्रभारी ने बताया कि मूल रूप से बिहार निवासी अरविंद कुमार अपने परिजनों के साथ नंगला चरण दास गांव में रह रहे हैं। सोमवार की शाम अरविंद कुमार की पत्नी ने अपने 24 वर्षीय बेटे मुकेश को किसी बात पर डांट दिया था। मां की डांट से नाराज मुकेश अपने कमरे में चला गया और फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब उसकी मां कमरे में पहुंची तो मुकेश फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारा और डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अलावादादरी क्षेत्र के सुपरटेक निकोलस.3 में रहने वाले युवक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। आदित्य ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आदित्य को उसके माता-पिता ने मोबाइल फोन चलाने पर डांट दिया था। इस बात से नाराज होकर उसने फांसी लगा ली।

### नोएडा में ओटीएस योजना की तारीख बढ़ी

**नोएडा।** नोएडा में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नववर्ष में भी एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस स्कीम लागू रहेगी। बिजली विभाग ने इस योजना की तिथि बढ़ा दी है। नोएडा के बिजली उपभोक्ता अब 16 जनवरी तक इसका लाभ उठा सकेंगे। विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता राजीव मोहन ने बताया कि बिजली विभाग की एकमुश्त योजना की मियाद बढ़ने से विद्युत विभाग को काफी राजस्व मिलना तय है। आपको बता दें कि इसके पूर्व इस योजना का तीसरा चरण 31 दिसंबर तक था। इस चौथे चरण में भी योजना के तीसरे चरण वाली छूट ही मिलेगी। 8 नवंबर को शुरू हुई ओटीएस स्कीम में अभी तक 60 हजार बकायेदारों को लाभ मिला है। इससे विभाग को करीब 9 करोड़ का राजस्व मिला है। इस योजना के तहत जनपद में 1.49 लाख बकायेदार शामिल थे। सभी पर विभाग का करीब 400 करोड़ रूपये का राजस्व बकाया था। इस योजना में बकाया बिल के ब्याज पर 40.100 प्रतिशत छूट मिली थी। ओटीएस की पहली योजना 8.15 नवंबर, दूसरी 16.30 नवंबर तथा तीसरी योजना 1.31 दिसंबर तक चली थी। अब इसे बढ़ाकर 16 जनवरी कर दिया गया है।

### योगेन्द्र पैनल के समर्थन में 19 ने नाम लिया वापस

नोएडा। नोएडा की सबसे बड़े जन संगठन फोनरवा के चुनाव की गतिविधि इन दिनों जोरशोर से जारी है। नोएडा की इस सबसे बड़ी संस्था के चुनाव के लिए कई दिग्गज अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इस संस्था का चुनाव जीतने वाले व्यक्ति को नोएडा का मेयर कहा जाता है। मंगलवार को फ ोनरवा.2023 के चुनाव में नामांकन करने वाले 19 प्रत्याशियों ने योगेन्द्र शर्मा, केके जैन के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है। फ ोनरवा के चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि योगेंद्र शर्मा व केके शर्मा के समर्थन में जिन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है उनमें उपाध्यक्ष पद के लिए दीपक शर्मा, सोमेन्द्र कुमार, रामपाल भाटी, प्रदीप मिश्रा, बलराज गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए श्याम सिंह, सचिव पद लिए विकान्त बैसोया, कोषाध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर शर्मा, तथा विधिक सचिव के लिए सुभाष भाटी के नाम शामिल हैं।

## साधन के अभाव में दर-दर भटकते रहे यात्री

● ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का नोएडा और गाजियाबाद में दिखा व्यापक असर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

केंद्र सरकार के नए कानून में हिट एंड रन के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों के खिलाफ ट्रक व निजी बसों चालकों की तीन दिवसीय हड़ताल का, दूसरे दिन मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर में व्यापक असर दिखा। हड़ताल के कारण लंबी दूरी के यात्री सबसे ज्यादा परेशान दिखे जिन्हें ठंड में बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

उत्तर प्रदेश रोडवेज के कई चालकों के हड़ताल में शामिल होने से यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई। हड़ताल करने वाले बस और ट्रक चालकों ने कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को हड़ताल के चलते लंबी दूरी की एक भी बस दिखाई नहीं दी। पूर्वांचल के जनपदों के साथ-साथ अलीगढ़, मथुरा और आगरा जाने वाले लोगों को भी बसों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

ट्रांसपोर्टरों के विभिन्न संगठनों के संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष चौधरी वेदपाल ने बताया जब तक सरकार यह कानून वापस नहीं लेती, तब तक ट्रांसपोर्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। आज शाम तक हम बैठक करके इस पर कोई ठोस निर्णय लेंगे। जल्द ही पूर्ण रूप से चक्का जाम की घोषणा की जाएगी। हड़ताल के चलते रोडवेज के कुछ ड्राइवर भी ड्यूटी पर नहीं आए। कर्मचारियों की उपलब्धता के मुताबिक बसें संचालित की गईं। फिर भी ज्यादातर रूट प्रभावित हैं। निजी बस चालकों की हड़ताल का असर क्षेत्र के दादरी, दनकौर, बिलासपुर, रबूपुरा और जेवर क्षेत्र में भी दिखा। भारतीय दंड विधान की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता में ऐसे चालकों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान है जो लापरवाही से गाड़ी चलाकर भीषण सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद पुलिस या प्रशासन के किसी अफसर को दुर्घटना की सूचना दिए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं।

### *नए कानून को लेकर ड्राइवर हुए मुखर*

*गाजियाबाद। केंद्र सरकार के लाए गए नए एक्सीडेंटल कानून को लेकर गाजियाबाद में ड्राइवर में जबरदस्त विरोध दिखाई दे रहा है। जबरदस्ती गाड़ी रोकी जा रही है। ड्राइवर अपने ही साथी ड्राइवरों को जूते की माला पहना रहे हैं और सड़क पर भी जाम लगा दिया है। सरकारी रोडवेज बस हो प्राइवेट ट्रांसपोर्ट हो या हो कमर्शियल ट्रक सबके चक्का जाम है। गाजियाबाद में नए हिट एंड रन कानून का विरोध कर रहे ड्राइवरों ने बंथला में अपने ही ड्राइवर साथी को ड्राइवर जूते की माला पहना दी।*

## ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से गैस की कालाबाजारी शुरू

● 900 रुपये का सिलेंडर, 1100 में खरीदने को मजबूर है लोग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे यूपी के ट्रक और निजी बस चालकों द्वारा हिट एंड रन कानून के विरोध में की जा रही हड़ताल का असर आमजन से जुड़ी चीजों पर भी पड़ रहा है। इस हड़ताल का कुछ जमाखोर जमकर फायदा उठाने लगे हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल की आड़ लेकर जमाखोर रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे हैं। 900 रुपये वाला गैस सिलेंडर लोग 1100 रुपये में खरदने को मजबूर है।

आपको बता दें कि ट्रक चालकों की हड़ताल के चलते जहां रसोई गैस के ट्रक नोएडा और ग्रेटर नोएडा में नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमाखोर इस हड़ताल का जमकर फायदा उठा रहे हैं। हड़ताल से रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। लोगों को भारत गैस, इंडेन गैस एजेंसी के गोदामों से रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। फु टकर व्यापारियों को सिलेंडर 1100 से 1500 रुपये लेकर बेचा जा रहा है। कालाबाजारी पर लगाम लगाने में जिला आपूर्ति विभाग भी विफल साबित हुआ है। रसोई गैस सिलेंडर खत्म होने पर बड़ी संख्या में मंगलवार सुबह लोग सेक्टर.54 स्थित गैस गोदाम पहुंचे। जहां से बड़े पैमाने पर शहर के अलग.अलग हिस्सों में सिलेंडर की आपूर्ति की जाती है। भारत गैस के बाहर मौजूद सिलेंडर विक्रेताओं ने बताया कि ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण जिन ट्रकों से रसोई और कामर्शियल सिलेंडर लाया जाता है उनके चालक हड़ताल पर चले गए हैं। सोमवार से सिलेंडर नहीं आए हैं, जो सिलेंडर गोदाम में है। वह विभिन्न जगह पर पहले से बुकिंग के आधार पर पहुंचाएं जा रहे हैं। मंगलवार को जब रसोई गैस सिलेंडर भरवाने के लिए सेक्टर-54 स्थित गैस एजेंसी पर पहुंचे तो पता चला कि ट्रक चालकों की हड़ताल से गोदाम में गैस सिलेंडर नहीं है।

### अधिकारियों ने टाउनशिप का किया निरीक्षण

**नोएडा।** नोएडा की कंपनी सिविटेक ने ग्रेटर नोएडा स्थित दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप डीएमआईसी में आवासीय व औद्योगिक क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है। टाउनशिप में करीब 6 एकड़ आवासीय और 5 एकड़ औद्योगिक भूखंड के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से संपर्क साधा।

सीईओ के निर्देश पर ग्रेनो प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार और आईआईटीजीएनएल के कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित ने कंपनी के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर भूखंड दिखाए। कंपनी के अधिकारियों को टाउनशिप में ऑटोमेटेड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, 24 घंटे बिजली और पानी की सुविधा के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## कार पार्किंग विवाद में फॉर्च्यूनर से युवक को कुचला, मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद जिले के मोदीनगर थाना इलाके में कार पार्किंग के विवाद में जनसेवा केन्द्र के संचालक एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने के बाद गाड़ी से कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई।

पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके चार फरार साथियों की तलाश की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि 31 दिसंबर और एक जनवरी की दरमियानी रात को जन सेवा केंद्र के संचालक अनुपम श्रीवास्तव (32) नामक युवक की बेरहमी से पिटाई की गई और उसे फॉर्च्यूनर वाहन से कुचल दिया गया। चालक की पहचान राहुल चौधरी के रूप में हुई है,

डीसीपी ने बताया कि अनुपम के पिता सुरेन्द्र लाल की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर मुख्य अपराधी राहुल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पहलः नोएडा कमिश्नरेट पुलिस पहुंचेगी आपके द्वार

**नोएडा।** नोएडा में नोएडा कमिश्नरेट पुलिस द्वारा नए साल पर एक नई व्यवस्था शुरू हुई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में नए साल की पहली तारीख से शुरू हुई नई व्यवस्था के तहत नोएडा पुलिस घर घर जाकर पब्लिक से मुलाकात करेगी और संवाद करेगी। कहीं कोई परेशानी आ रही है तो उसका समाधान भी किया जाएगा। आपको बता दें कि नए साल के पहले दिन यानि सोमवार से नोएडा कमिश्नरेट पुलिस द्वारा एक खास तरह का अभियान शुरू कया गया है। इस अभियान के तहत नोएडा कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारी व थाना पुलिस सेक्टरए सोसायटी से लेकर मार्केट में पुलिस अधिकारी व थाना पुलिस पहुंचेगी। इस अभियान को नोएडा पुलिस आपके द्वार नाम दिया गया है। नोएडा पुलिस के इस विशेष अभियान के तहत पुलिस सेक्टर, सोसायटी व मार्किट में जाकर वहां के नागरिकों की समस्याओं को जानेंगे और पब्लिक से वार्ता करेंगे। नोएडा पुलिस का यह अभियान अगले तीन महीने तक चलाया जाएगा।

## किसानों ने प्राधिकरण कार्यालय पर जड़ा ताला

● 105 गांवों के किसानों ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में किसानों का उग्र रुप एक बार फि र से देखने को मिला है। अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पिछले काफी समय से आंदोलन कर रहे किसानों ने मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय पर धावा बोल दिया और तालाबंदी कर धरने पर बैठ गए। आपको बता दें कि नोएडा भारतीय किसान परिषद से जुड़े किसानों द्वारा पिछले काफी समय से समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। इसी के तहत इन किसानों ने घोषणा की थी कि नोएडा के 105 गांवों के किसानों द्वारा मंगलवार, 2 जनवरी को तालाबंदी की जाएगी। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नोएडा के 105 गांवों के किसान नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर एकत्रित हुए और हवन पूजन करने के बाद प्राधिकरण के सभी गेटों पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। नोएडा पुलिस प्रशासन ने सोमवार को ही नोएडा प्राधिकरण पर हुई तालाबंदी को रोकने के लिए सेक्टर.6 में स्थित प्राधिकरण के बाहर धरना स्थान पर लगभग एक घंटे तक किसानों से बात की थी और उन्हें समझाने की बेहद कोशिश भी की थी। लेकिन अधिकारियों और किसानों के बीच वार्ता सफल नहीं हो सकी थी। उधर, किसानों का धरना 22वें दिन भी जारी रहा। नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी में 105 गाँवों के किसान शामिल हो चुके हैं जो लगातार धरना दे रहे हैं। धरना दे रहे किसानों को पुलिस प्रशासन ने समझाने की बहुत कोशिश कीए परंतु किसान अपनी मांगों पर अडिग है।

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तोड़े अवैध रैंप, मचा हड़कंप

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी.3 में घरों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध रूप से बनाए गए रैंप को ध्वस्त कर दिया।

प्राधिकरण की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस बल के सामने उनकी एक नहीं चली। प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण कर्मियों का दस्ता ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी-3 पहुंचा। प्राधिकरण कर्मियों ने बुलडोजर की मदद से आवासीय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध रूप से बनाए गए रैंप को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया।

## स्कूल वैन और बसों में सीसीटीवी का आदेश

● गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने यूपी सरकार के कदम को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्कूल वैन और बसो में सीसीटीवी कैमरे लगाने के फैसले का स्वागत किया। साथ ही कहा बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्रवाई सख्त हो ।

यूपी सरकार ने आदेश जारी करके स्कूल वैन और बसों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य कर दिया है। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि प्रदेश सरकार में स्कूल वैन और बसों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला छात्रों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। स्कूल मैनेजमेंट और वैन मालिको को 3 माह के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगवाने होंगे। सीमा त्यागी ने कहा कि जहाँ स्कूल वैन और बसों में सीसीटीवी लगने से बच्चों की सुरक्षा बढ़ेगी। वहीं स्कूल वैन की निगरानी भी हो सकेगी। साथ ही बच्चों के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। सीमा त्यागी के मुताबिक उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1998 में कहा गया है कि बसों और वैन को पीले रंग से रंगा जाना चाहिए। स्कूल बस शब्द को आगे और पीछे दोनों तरफ लिखा जाना चाहिए। वाहनों में प्रेशर हॉर्न या मल्टीटोन हॉर्न नहीं लगाए जा सकते। साथ ही वाहनों में अग्निशामक यंत्र, जीपीएस ट्रैकिंग और एक परिचारक भी होना चाहिए। लेकिन निजी स्कूलों के अधिकतर वाहन इन नियमो को अमल में नही लाते है। अगर प्रदेश सरकार इस आदेश को लागू कराने में सफल होती है तो निश्चित तौर पर बच्चों की सुरक्षा के साथ दिन प्रतिदिन होने वाली अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

हमने पूर्व में देखा है कि प्रदेश सरकार ने निजी स्कूलों के लिये दिए आदेश मीडिया की सुर्खिया तो बनते है लेकिन धरातल पर लागू नहीं हो पाते हैं। हमे आशंका है कि इस आदेश का हस्र भी फीस अधिनियम 2018 के जैसा ना हो।

जो आदेश के 5 साल बाद भी प्रदेश में पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाया है। उम्मीद है कि यूपी सरकार तीन माह के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश को प्रदेश के प्रत्येक जिले में सख्ती से लागू कराएगी और आदेश को नही मानने वाले स्कूल मैनजमेंट और वैन मालिको पर सख्त कार्यवाई सुनिश्चित करेगी ।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Vipin Dumra** claims to be owner and in possession of **Flat No. 39, Third Floor, in Block & Pocket - C-12, Category-MIG, Sector-3, Rohini, Delhi-110085 (hereinafter called the said property)** by virtue of Relinquishment Deed Dated 11.10.2022 executed by Indu Dumra, Reena Dheer & Raman Dumra r/w Conveyance Deed Dated 14.01.2015 after the death of Bishamber Nath on 22.11.2020. and Said **Vipin Dumra** has agreed to sell the said Property to Sunita Rani And Said Sunita Rani has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD, ITO Branch, New Delhi.** Any person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned & our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property & subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19
Mobile No. 9818399999

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्क्कील श्री संजीव कुंद्रा पुत्र किशोर कुंद्रा व वीनू कुंद्रा पत्नी संजीव कुंद्रा निवासीगन क्यू-1/3, डीएलएफ सिटी फेस 2 गुरुग्राम हरियाणा ने अपने पुत्र कनव कुंद्रा को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है सारे संबंध विच्छेद कर दिए है,और भविष्य में वह किसी से किसी भी प्रकार का कोई भी लेनदेन करता है तो उसके लिए मेरे मुव्क्कील जिम्मेवार नहीं होंगे

Adv Nagender Verma
Verma Associate
Office:- 52, Lawyer's Chamber Compund ,Gurugram (Haryana)
Mob. 7290865444

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that my client Mr Vinod Kumar, Mr Pawan Kumar, Mr Parveen Kumar and Mr. Naveen Kumar who are the owners of Plot measuring 0 Kanal 7 Marla, out of Khewat No. 1153, Khata No. 1453, Mu No. 291 Kila No. 6/1/2 (5-6-0), in Jhajjar, Haryana , by virtue of inheritance after the demise of Mr. Mahabir Singh who was the owner vide Sale Deed dated 14.08.1989 executed by Mr. Hari Singh and Mrs. Sahab Kaur. Whereas Mahabir singh died on 28.01.2018 and his wife died on 29.04.2022 and intend to get the financial assistance from **Piramal Capital & Housing Finance Limited**. If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Khaitan & Khaitan
A-38 Kailash Colony, New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**बॉम्बे सिटी सिविल कोर्ट, बोरीवली डिवीजन, डिन्डोशी, मुंबई में
संक्षिप्त सिविल वाद सं. 365/2018**

आईसीआईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
एक बैंकिंग कम्पनी, जो कम्पनी अधिनियम, 156 के तहत निगमित है और बैंकिंग रेग्यूलेशन ऐक्ट, 1949 के तहत, बैंक के रूप में लाइसेन्सधारक है तथा जिसका पंजीकृत कार्यालय आईसीआईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा-390 097, गुजरात में और कार्पोरेट कार्यालय आईसीआईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400 051 में स्थित है, इसके प्राधिकार पत्र धारक श्री राजेश चिन्तामन वानखेड़े, ऋण प्रबंधक, आयु 47 वर्ष के माध्यम से ............वादी

बनाम

प्रदीप कुमार
रूद्रनारायण चौधरी
आयु 31 वर्ष, व्यवसाय : नौकरी भारतीय निवासी, निवास स्थान मकान नंबर बी-1515, शिवशक्ति नगर, तुर्भे स्टोर, तुर्भे, नवी मुंबई, महाराष्ट्र-400 705
स्थायी पता एल-1, 2073/62/9, अस्थल मंदिर, संगम विहार, दिल्ली-110062 ............प्रतिवादी

सेवा में,
प्रदीप कुमार
रूद्रनारायण चौधरी
निवास स्थान
मकान नंबर बी-1515, शिवशक्ति नगर, तुर्भे स्टोर, तुर्भे, नवी मुंबई, महाराष्ट्र-400 705
स्थायी पता एल-1, 2073, 62/9, अस्थल मंदिर, संगम विहार, दिल्ली-110062

ध्यान दें कि, यह माननीय न्यायालय माननीय न्यायाधीश श्रीमती वी.डी. इंगले, पीठाधिकारी, न्यायालय कक्ष सं. 02 के समक्ष 17-01-2024 को पूर्वा. 11 बजे उपरोक्त नामक प्रतिवादियों द्वारा निम्नलिखित राहतों हेतु संचालित किया जाएगा :-

वादी अतएव प्रार्थना करता है कि :
ए. कि यह घोषित किया जाए कि उपरिवर्णित दावा विवरण के अनुसार रू. 2,42,313.00 (रूपए दो लाख बयालीस हजार तीन सौ तेरह मात्र) की कुलयोग राशि वाद दाखिल किए जाने की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली तक 24 प्रतिशत वार्षिक की संविदात्मक दर पर ब्याज सहित प्रतिवादी द्वारा वादी को देय एवं बकाया है।
बी. प्रतिवादी के विरूद्ध एक आदेश इस निर्देश के साथ पारित किया जाए कि प्रतिवादी द्वारा वादी को दावा विवरण के अनुसार रू. 2,42,313.00 (रूपए दो लाख बयालीस हजार तीन सौ तेरह मात्र) की कुलयोग राशि वाद दाखिल किए जाने की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली तक 24 प्रतिशत वार्षिक की संविदात्मक दर पर ब्याज सहित अदा करे ;
सी. इस वाद की लागतों हेतु ;
डी. आगे अन्य ऐसी राहतों हेतु जो न्यायालय द्वारा वाद के तथ्यों और परिस्थितियों में उपयुक्त विचारित की जाती हैं।

दिनांकित 16 दिसम्बर, 2023

कृते रजिस्ट्रार
सिटी सिविल कोर्ट, डिन्डोशी

सीलर
श्रीमती सविता एन. मलकाम्पटे
वादी हेतु अधिवक्ता
कार्यालय :- ए-001, भू तल, सरयू सीएचएस लि. बिल्डिंग नंबर 9, सुविधाम, बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग के पीछे, निकट डिंडोशी न्यायालय, फिल्म सिटी रोड, मलाड (ई), मुंबई-400 097
मोबाइल : 9821482519

**Karnataka Bank Ltd.** 100
Your Family Bank. Across India.

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, प्लॉट नंबर 8-बी, प्रथम तल, राजेन्द्र पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली-110060
फोन : 011-40591567 (एक्सटेंशन 240)
ई-मेल : delhiarm@ktkbank.com,
वेबसाइट : www.karnatakabank.com
सीआईएन : एल85110केए1924पीएलसी001128

अचल सम्पत्ति की बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा कर्नाटक बैंक लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 20-05-2022 को लिया जा चुका है, कर्जदारों/गारंटरों/सह-आबंधकों (1) मैसर्स वर्षा ट्रेडर्स, इसके स्वामी - श्री जगदीश प्रसाद सिंघल पता : एफ-196/1, दिलशाद कालोनी, शाहदरा, दिल्ली-110095 द्वारा प्रतिनिधित्वकृत (2) श्रीमती संतोष सिंघल पत्नी श्री जगदीश प्रसाद सिंघल निवास स्थान : फ्लैट नंबर जी-3, लीला होम, प्लॉट नंबर 23, सेक्टर-4, वैशाली, उत्तर प्रदेश-201012 की तरफ बकाया राशि रू. 1,16,21,775.07 (रूपए एक करोड़ सोलह लाख इक्कीस हजार सात सौ पचहत्तर तथा पैसे सात मात्र) यानी (i) ओवरड्राफ्ट खाता नंबर 1897000100446001 के तहत बकाया राशि रू. 98,46,076.83 दिनांक 01-06-2022 से भावी ब्याज सहित + लागत, (ii) बिल डिस्काउंटिंग खाता नंबर 1896000200000301 के तहत बकाया राशि रू. 17,75,698.24 भावी ब्याज + लागत हेतु कर्नाटक बैंक लिमिटेड, दरियागंज शाखा - दिल्ली, 82, भू तल, दयानंद रोड, दरियागंज, दिल्ली-110002, प्रतिभूत लेनदार, को देय की वसूली के लिए दिनांक 05-02-2024 को "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी।

अचल सम्पत्ति का वर्णन:

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्रीमती संतोष सिंघल पत्नी श्री जगदीश प्रसाद सिंघल के साथ संबंधित सम्पत्ति सं. एफ-196 (प्लॉट नंबर 196, ब्लॉक-एफ), खसरा नंबर 1076/5/2/715 का भाग, परिमाप 634.50 वर्ग फीट स्थित ग्राम झिलमिल ताहिरपुर, दिलशाद एक्सटेंशन नंबर 1, दिलशाद कालोनी, इलाका-शाहदरा, दिल्ली-110095। (मैसर्स शान्ति ट्रेडिंग कार्पोरेशन के लिए कॉमन सिक्योरिटी)

चौहद्दी : पूरब : रोड ; पश्चिम : सम्पत्ति सं. एफ-196 का भाग ; उत्तर : प्लॉट नंबर एफ-197 ; दक्षिण : सम्पत्ति सं. एफ-196 का भाग

सुरक्षित मूल्य/न्यूनतम मूल्य जिससे कम पर सम्पत्ति नहीं बेची जाएगी : रू. 30,00,000.00 (रूपए तीस लाख मात्र)

जमा की जाने/प्रदान की जाने हेतु धरोहर राशि : रू. 3,00,000.00 (रू. तीन लाख मात्र)

(कर्जदार/बंधककर्ता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है)।

(यह सूचना कर्जदार/गारंटरों को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत सूचना भी मानी जाएगी)

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कर्नाटक बैंक की वेबसाइट नामतः www.karnatakabank.com में "Mega E-Auction on 05.02.2024" शीर्षक के अंतर्गत लिंक देखें।

ई-नीलामी दिनांक 05-02-2024 को पूर्वा. 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से 05 मिनट के असीमित विस्तार के साथ संचालित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता से अपना नाम https://bankauctions.in/ पर पंजीकृत करवाना तथा यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण (अंतिम रूप से 03-02-2024 को) मैसर्स 4क्लोजर, 605 ए, छठा तल, मैत्रीवनम, अमीरपेट, हैदराबाद-500038, सम्पर्क नंबर 040-23836405, मोबाइल 8142000809, ई-मेल : info@bankauctions.in से प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

तिथि : 02-01-2024
स्थान : दिल्ली

हस्ता./- वास्ते कर्नाटक बैंक लिमिटेड
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी

# रानीखेड़ा में 147 एकड़ में बनेगा इंडस्ट्रीयल हब

## मुख्यमंत्री ने परियोजना को दी मंजूरी, आईटी, आईटीईएस और रिसर्च जैसी सर्विस इंडस्ट्री होंगी स्थापित

- कई क्लस्टर होंगे, रियायती दर पर मिलेगी जमीन, लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए नए साल की शुरुआत में केजरीवाल सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। सरकार रानीखेड़ा में 147 एकड़ जमीन में इंडस्ट्रीयल हब बनाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इंडस्ट्रीय हब बनाने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण से यह जमीन ली जाएगी। यह इंडस्ट्रीयल हब पूरी तरह से ईको-फैंडली होगा। यहां पर आईटी, आईटीईएस और रिसर्च जैसी सर्विस इंडस्ट्री स्थापित की जाएंगी। संभावना है कि इसमें कई क्लस्टर भी होंगे, जहां मल्टीलेबल बिल्डिंग्स बनाई जाएंगी। इंडस्ट्री लगाने के लिए सरकार रियायती दर पर जमीन देगी और इसके विकसित होने पर यहां पर परोक्ष-अपरोक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद अब फाइल उपराज्यपाल के पास भेजी गई है।

दिल्ली सरकार ने रानीखेड़ा में नया इंडस्ट्रीयल हब को विकसित करने की जिम्मेदारी डीएसआईआईडीसी को सौंपी है। सरकार का कहना है कि इस इंडस्ट्रीयल हब में सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके विकास के दौरान हर बुनियादी बातों का ध्यान रखा जाएगा। यहां इंडस्ट्री लगाने के लिए दिल्ली और बाहर के लोग भी रियायती दर पर जमीन ले सकेंगे। चूंकि यह पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक केंद्र होगा। इसलिए यहां ऐसी इंडस्ट्री के लिए जमीन का आवंटन किया जाएगा, जो किसी तरह से प्रदूषण पैदा न करें। लिहाजा, यहां अधिकतर सर्विस सेक्टर से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

इंडस्ट्रीयल हब विकसित करने का मकसद व्यापार को बढ़ावा देना और दिल्ली को एक विनिर्माण केंद्र में तब्दील करना है। इस इंडस्ट्रीयल हब में स्थापित होने वाली इंडस्ट्री को प्रदूषण मानदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा। इसका विकास दो चरणों में किया जाएगा। यहां पर एक स्मार्ट इंटीग्रेटेड आईटी पार्क विकसित किया जाएगा, जिसमें कई बिल्डिंग ब्लॉक्स होंगे, जो पूरी तरह प्रदूषण रहित होंगे और इसमें आईटी, आईटीईएस, मीडिया, बॉयोटेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड इनोवेशन हब समेत अन्य इंडस्ट्री स्थापित की जाएंगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने इंडस्ट्रीयल हब का विकास तय समय सीमा के अंदर पूरा करने पर जोर दिया है। इसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

दरअसल, केजरीवाल सरकार दिल्ली में रोजगार को बढ़ावा देने को लेकर कई तरह की कवायद कर रही है, जिससे कि दिल्ली में रह रहे लोगों को आसानी से अच्छी जॉब मिल सके। इसी कवायद की कड़ी में रानी खेड़ा में यह इंडस्ट्रीयल हब विकसित किया जाएगा। रानीखेड़ा में इंडस्ट्रीयल हब को विकसित करने का प्रयास कुछ सालों से चल रहा है।

इस कार्य में कई अड़चने आई, लेकिन अब सारी अड़चनें दूर हो चुकी हैं। इसी के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने डीडीए से 147 एकड़ जमीन लेने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दी है। अब फाइल एलजी के पास भेजी गई है। एलजी से मंजूरी मिलने के बाद आगे की प्रकिया शुरू की जाएगी।

# ईडी के समक्ष आज पेश हो सकते हैं सीएम

- प्रवर्तन निदेशालय का मनी लॉड्रिंग मामले में तीसरा समन, तीन जनवरी को बुलाया
- आप प्रवक्ता ने कहा, पार्टी कानून के अनुसार काम करेगी, भाजपा ने नियमों के पालन करने की दी सलाह




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शराब नीति से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तीसरे समन के बाद बुधवार को पूछताछ के लिए पेश हो सकते हैं। वहीं आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने तीसरे समन पर कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) कानून के अनुसार काम करेंगी। वहीं भाजपा ने उन्हें कानून के नियमों का पालन करने की सलाह दी है।

एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल के ईडी के सामने पेश होने के सावाल प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि इस संबंध में पार्टी की कानूनी टीम जवाब देने की तैयारी करेगी और हम कानून के मुताबिक काम करेंगे।

केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 3 जनवरी को बुलाया है। ईडी ने केजरीवाल को 3 जनवरी को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। केजरीवाल को यह तीसरा नोटिस है। आप के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं, क्योंकि उन्होंने 2 नवंबर और 21 दिसंबर के दो पूर्व समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने ईडी के पहले समन को राजनीति से प्रेरित बताते हुए पेश होने से इनकार कर दिया था।

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कानून का सम्मान करने और शराब घोटाले की चल रही जांच में भाग लेने की सलाह दी है। संवैधानिक पद पर होने के कारण उन्हें जनता के सामने कानून के सम्मान का उदाहरण भी पेश करना चाहिए।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल ने हमेशा यह दिखाने की कोशिश की है कि कानून उन्हें और उनके सहयोगियों को फर्जी मामलों में फंसा रहा है, जो सच नहीं है।

केजरीवाल के अपने मंत्री विभिन्न आरोपों में दोषी साबित हुए हैं। एक मंत्री फर्जी डिग्री मामले में दोषी पाए गए हैं तो दूसरे मंत्री राशन कार्ड बनाने से जुड़े रेप मामले में फंस गए हैं। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और सांसद संजय सिंह शराब घोटाले में गिरफ्तार हैं तो पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन हवाला मामले में फंसे हैं। इन सभी पर लगे आरोपों की गंभीरता और सबूतों की मजबूती को देखते हुए कोई भी अदालत इन्हें जमानत देने को तैयार नहीं है। महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि केजरीवाल उन सभी को क्लीन चिट देते रहते हैं और खुद को भी क्लीन चिट दे देते हैं।

### जांच एजेंसी ने अमानतुल्ला खान के परिसरों पर फिर की छापेमारे



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के लिए कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के राष्ट्रीय राजधानी में स्थित करीब चार से पांच परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली।

धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईडी अधिकारी करीब चार-पांच परिसरों की तलाशी ले रहे हैं। ईडी ने ओखला निर्वाचन क्षेत्र से विधायक खान (49) के परिसरों पर अक्टूबर में भी छापा मारा था। उसने नवंबर में इस मामले में उनके तीन कथित साथियों को भी गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती के जरिए बड़ी मात्रा में धन अर्जित करके उसका इस्तेमाल अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने में किया। दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती और 2018 से 2022 के दौरान अमानतुल्ला खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर अवैध व्यक्तिगत लाभ से संबंधित मामले में की गई थी।

# उपराज्यपाल ने गांवों के विकास को लेकर ग्रामीणों से किया संवाद

- युवा विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाये : एलजी



उपराज्यपाल आवास पर जुटे 180 गांवों के प्रतिनिधि।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली के 180 गांवों के करीब 500 प्रतिनिधियों से राज निवास में मुलाकात और सीधा संवाद किया। राज निवास में ग्रामीणों के साथ हुए अपनी तरह की इस पहली मुलाकात का उद्देश्य दिल्ली के गांवों के विकास की योजना के लिए उनके राय जानना है।

संवाद का यह कार्यक्रम महत्वाकांक्षी दिल्ली ग्रामोदय अभियान, जिसे उपराज्यपाल ने गांवों के विकास के लिए लॉन्च किया था, के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में अपने जन-प्रतिनिधियों के नेतृत्व में आए ग्रामीणों और संसद सदस्य मीनाक्षी लेखी, डॉ. हर्षवर्धन, मनोज तिवारी और रमेश बिधूड़ी, ने दिल्ली के विकास के लिए की गई इस पहल को मील का पत्थर बताया और कहा कि यह पूरे देश के सामने विकास के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में उभर कर सामने आएगा। सक्सेना, जो कि पहले ही दिल्ली के 5 गांवों- कुतुबगढ़, जौंटी, दौराला, रावता और निजामपुर को गोद ले चुके हैं, ने कहा कि डीडीए को हाल ही में ट्रांसफर किए गए 800 करोड़ रुपये की मदद से दिल्ली के सभी गांवों को एक समान रूप से विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्राम विकास फंड के 480 करोड़ रुपये अलग से हैं, जिसको 180 गांवों में विकास कार्यों के लिए पहले ही मंजूर कर दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने-अपने गांवों की समस्याओं और उनके अस्थायी समाधान की पहचान करने की अपील की, जिससे सभी गांवों के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप देते समय इन्हें शामिल किया जा सके।

सक्सेना ने घोषणा की कि वह दिल्ली के चिन्हित गांवों में रात भर रुककर, वहां के लोगों के समक्ष आने वाली समस्याओं को जानेंगे।

इस महीने से जिलाधिकारी भी चिन्हित गांवों का दौरा करेंगे और वहां पर रुककर ग्रामीणों से समस्याओं के समाधान के लिए विचार-विमर्श करेंगे और उसके ही अनुसार विकास कार्यों को भी अंतिम रूप देंगे। उन्होंने कहा कि उनका यह कदम सरकार आपके दरवाजे पर के अनुरूप है।

उपराज्यपाल से बातचीत के दौरान दिल्ली के ग्रामीणों और उनके प्रतिनिधियों ने इस बात पर अफसोत जताया कि दशकों से उनके गांवों में सीवर नेटवर्क, सड़क, पार्क, स्कूल, अस्पताल और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। शहरीकृत गांवों के कुछ ग्रामीणों ने पार्किंग की भारी कमी की शिकायत की।

### देहात में विश्वस्तरीय खेल ढांचे की जरूरत

दिल्ली के गांवों में विश्व स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि भारतीय सेना और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कोच/प्रशिक्षक जल्द ही स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए उपलब्ध होंगे, जिन्होंने हाल ही में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में कई पदक जीतकर अपनी उच्च क्षमता का प्रदर्शन किया है।

# राजधानी में 32 और व्यवसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे खुले रहेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को 32 और दुकानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री की इस पहल से दिल्ली के अंदर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

इन प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने को लेकर दिल्ली के श्रम विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा था। ये व्यवसायिक प्रतिष्ठान कमर्शियल, रिटेल ट्रेड या बिजनेस, प्रोविजन स्टोर कटेगरी के हैं। सभी को दिल्नली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट 1954 के प्रावधानों और नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। सरकार इन पर कड़ी निगरानी रखेगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जा सके। अब इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी देने के लिए फाइल एलजी के पास भेजी गई है। इन दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को दिल्ली शॉप एस्टिब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 की धारा 14, 15 व 16 के प्रावधानों और नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। मसलन, गर्मियों के दिनों में रात 9 से सुबह 7 बजे तक और ठंड के मौसम में रात 8 से सुबह 8 बजे के बीच किसी भी प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी।

### बेरोजगारी को लेकर आप ने उठाये सवाल

**नई दिल्ली।** आप ने रोजगार और बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार हमला बोला है। प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने विश्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल में देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को 50 साल पीछे पहुंचा दिया है।

मैन्युफैक्चरिंग में जो स्थिति है, वैसी वर्ष 1970 में थी। वर्ष 2014 मे मैन्युफैक्चरिंग का जीडीपी में 16 फीसद योगदान था, जबकि वर्ष 2022 में यह घटकर 13.32 फीसद रह गया है। मेक इन इंडिया के मुताबिक वर्ष 2022 तक जीडीपी में 25 फीसद का योगदान और 10 लाख रोजगार नहीं दे पाया है।

# आरोपियों का पॉलीग्राफी परीक्षण कराएगी पुलिस

**संसद सुरक्षा चूक का मामला**

- आमने-सामने पूछताछ की गई, 5 जनवरी तक पुलिस हिरासत में है सभी




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद में 13 दिसंबर को हुई सुरक्षा चूक के मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों से दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने दूसरी बार आमने-सामने पूछताछ की। अधिकारियों ने मनोविश्लेषण भी किया है और आरोपियों का पॉलीग्राफ परीक्षण करने की योजना बनाई है। आरोपी सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आजाद, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत पांच जनवरी तक पुलिस हिरासत में हैं। पुलिस ने घटना के वास्तविक मकसद के बारे में उनसे पूछताछ की गई है।

नीलम और मनोरंजन को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित विशेष प्रकोष्ठ की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट के कार्यालय में, तथा अन्य चार को विशेष प्रकोष्ठ की विभिन्न इकाइयों में रखा गया है। आरोपियों से विशेष प्रकोष्ठ की अलग-अलग टीम पूछताछ कर रही हैं। 30 और 31 दिसंबर को उन्हें आमने-सामने पूछताछ के लिए काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट के कार्यालय में लाया गया था।

जांचकर्ता घटना के क्रम और प्रत्येक आरोपी की भूमिका की पुष्टि करना चाहते थे। इससे पहले, आरोपियों से 20 दिसंबर को आमने-सामने पूछताछ की गई थी। तेरह दिसंबर, 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले की गत साल बरसी वाले दिन शर्मा और मनोरंजन शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए थे। उन्होंने कैन से पीला धुआं छोड़ा और नारेबाजी की।

बाद में सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। लगभग उसी समय, शिंदे और नीलम ने संसद परिसर के बाहर नारे लगाते हुए कैन से रंगीन धुआं उड़ाया। आरोपी भगत सिंह फैन क्लब फेसबुक पेज का हिस्सा थे। उन्होंने पूछताछ के दौरान कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी और मणिपुर हिंसा तथा किसान आंदोलन जैसे मुद्दों पर सरकार को संदेश भेजना था।

# पानी-सीवर से जुड़े कार्यों की प्राथमिकता: सोमनाथ भारती

- मीट 2 एमएलए कार्यक्रम में जल अधिकारी भी रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने मंगलवार को रिठाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र गोयल के साथ बैठक की। इस बैठक में दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

यह बैठक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा- निर्देश में डीजेबी उपाध्यक्ष द्वारा शुरू की गई खास मुहिम मीट 2 एमएलए के तहत संपन्न हुई। इस बैठक में डीजेबी उपाध्यक्ष ने जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिठाला क्षेत्र के सीवर और पानी से जुड़े कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए।

जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 2025 तक यमुना को साफ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है साथ ही पानी-सीवर से जुड़े कार्यों की प्राथमिकता में है। राजधानी दिल्ली की हर कॉलोनी और गांव को सीवर नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है।

# 50 लाख के नकली नोटों के साथ तीन गिरफ्तार

- बाजार में करीब पांच करोड़ की नोट खपा चुके है आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसने 500 रुपये के नोटों के रूप में नकली छापकर सप्लाई करता था।

विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष सेल) एचजीएस धालीवाल ने कहा कि पुलिस ने 30 दिसंबर को अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास से आसिफ अली, दलीश अली और सरताज खान को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, दानिश अली बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन्स एंड सर्जरी (बीयूएमएस) का छात्र है और सरताज खान बदायूं में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) चलाता है।धालीवाल ने कहा, ये तीनों एक महिंद्रा टीयूवी कार में 500 रुपये मूल्यवर्ग के 50,00,000 (पचास लाख) रुपये के बराबर नकली भारतीय मुद्रा नोट लेकर आए थे। पूछताछ के दौरान तीनों ने खुलासा किया कि उन्होंने देश भर में चलन के लिए बदायूँ में नकली नोटों की छपाई इकाई स्थापित की थी। उनके कहने पर, पुलिस ने बदायूँ के शशवान में एक घर पर छापा मारकर प्रिंटिंग सेट-अप, कच्चा माल, हाई-एंड लैपटॉप और प्रिंटर और कई अन्य उपकरण जब्त किए। पुलिस ने दावा किया कि आरोपियों ने पिछले पांच वर्षों में 5 करोड़ रुपये के अंकित मूल्य के नकली नोट प्रसारित किए।

पुलिस के मुताबिक, आसिफ, जो बदायूँ में एक यूनानी दवा डॉक्टर के पास काम करता था, कुछ साल पहले एक व्यक्ति के संपर्क में आया था, जिसने उसे नकली नोट छापने का आइडिया दिया था। इसके बाद उसने सरताज खान को शामिल किया, क्योंकि वह तकनीक का जानकार था और दानिश अली को नकली नोट छापने के लिए नियुक्त किया। एक अन्य अधिकारी ने कहा, तीनों ने नकली नोटों को स्कैन करने और छापने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला सॉफ्टवेयर खरीदा था।

## संक्षिप्त समाचार



केवेंटरस मार्केट में लगाए गए पार्किंग बोर्ड को रंगते प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्किंग बोर्ड को रंगा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में केवेंटर्स मार्केट नामक एक छोटी से स्थानीय मार्किट में गए, जहां हाल ही में दिल्ली नगर निगम ने भारी पार्किंग शुल्क लगाया है। सचदेवा ने केवेंटरस मार्केट में लगाए गए पार्कि बोर्ड पर विरोध स्वरूप पेंट कर कहा कि भाजपा राशन और किराने की दुकानों वाली स्थानीय मार्किटों पर पार्किंग शुल्क लगाने का कड़ा विरोध करेगी। मंगलवार को स्थानीय दुकानदार और सूरजमल विहार निवासी इसके विरोध में धरने दिया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा संचालित एमसीडी द्वारा किराना राशन बेचने वाली छोटी स्थानीय मार्किटों पर पार्किंगशुल्क लगाना कुतुबउद्दीन ऐबक द्वारा जजिया टैक्स लगाने के बराबर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूर्वी दिल्ली के लोगों को परेशान कर रहे हैं और क्षेत्र को विकास निधि देने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि यहाँ के लोगों ने अधिकतम भाजपा विधायकों और पार्षदों को चुना है। पूर्व में निर्धारित नीति के अनुसार एमसीडी नई पार्किंग बनाने से पहले ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पार्षद की सहमति ली थी, लेकिन यहां केवेंटर्स मार्केट के लिए एमसीडी द्वारा किसी की भी सहमति नहीं ली गई है। छोटे स्थानीय बाजारों पर गलत तरीके से पार्किंग शुल्क लगाने पर महापौर को दिल्ली वालों को जवाब देना चाहिए।

### यमुना डूब क्षेत्र में बैरकों के निर्माण की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में अपने प्रशिक्षुओं के रहने के लिए बैरक बनाने की अनुमति मांगी थी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आश्चर्य जताया कि डूब क्षेत्र के मैदानी इलाकों में निर्माण की अनुमति कैसे दी जा सकती है। पीठ ने कहा, आप यमुना के डूब क्षेत्र में निर्माण क्यों करना चाहते हैं? पर्यावरण के लिए कदम उठाने की जरूरत है। पिछले साल बाढ़ का पानी उच्चतम न्यायालय में घुस गया था। हम यमुना पर बैरक की अनुमति कैसे दे सकते हैं?। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के एक आदेश के खिलाफ दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर बिकी 24 लाख बोतल शराब

- वर्ष 2022 की 31 दिसंबर की तुलना में 18 फीसदी अधिक



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में नए साल की पूर्व संध्या पर शराब की 24 लाख बोतलों की बिक्री दर्ज की गई, जो 2022 की इसी तारीख से लगभग 18 प्रतिशत अधिक है। आबकारी विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2022 में 520 दुकानों के नेटवर्क के माध्यम से 3,99,60,509 (3.99 करोड़) शराब की बोतलें बेची गईं। दिसंबर, 2023 में 635 दुकानों से 4,97,80,240 (4.97 करोड़) बोतलें बेची गईं। आंकड़े के अनुसार, नए साल की पूर्व संध्या (31 दिसंबर) पर 24,00,726 (24 लाख) शराब की बोतलें बेची गईं - जो दिसंबर, 2023 के दौरान एक दिन की सबसे अधिक बिक्री है। 31 दिसंबर, 2022 को 20,30,664 (20.30 लाख) बोतलों की बिक्री दर्ज की गई - यह उस महीने के लिए एक दिन की सबसे अधिक बिक्री का आंकड़ा भी है। दिसंबर, 2023 में दूसरी सबसे बड़ी बिक्री क्रिसमस की पूर्व संध्या (24 दिसंबर) को दर्ज की गई जब 19,42,717 (19.42 लाख) बोतलें बेची गईं। आंकड़ों से पता चलता है कि 2022 में इसी दिन 14,69,357 (14.69 लाख) बोतलें बेची गईं। आंकड़ों से यह भी पता चला कि 30 दिसंबर, 2023 को 17,79,379 (17.79 लाख) शराब की बोतलें बेची गईं, जबकि 2022 में उसी दिन 14,66,353 (14.66 लाख) बोतलें बेची गईं। वर्ष 2023 में सबसे कम बिक्री पांच दिसंबर को दर्ज की गई जब 12,84,222 (12.84 लाख) बोतलें बेची गईं, जबकि 2022 में इसी दिन 13,81,531 (13.81 लाख) बोतलें बेची गईं। वर्ष 2022 में सबसे कम बिक्री चार दिसंबर को दर्ज की गई थी, जब 9,03,835 (9.03 लाख) बोतलें बिकीं थी। दिसंबर, 2023 में शराब की बोतलों की बिक्री हर दिन 10 लाख से अधिक रही।

# पति पर व्याभिचार का झूठा आरोप लगाना कठोर क्रूरता: हाईकोर्ट

- याचिका पर कोर्ट ने दिया तलाक का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पति के खिलाफ विवाहेतर संबंध के निराधार आरोप लगाना और सार्वजनिक स्थान पर उसे व्याभिचारी व्यक्ति के रूप में चित्रित करना कठोर क्रूरता का कृत्य है जो विवाह विच्छेद का आधार प्रदान करता है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने एक परिवार अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें पति की ओर से क्रूरता का आरोप लगाने वाली याचिका पर तलाक का आदेश दिया गया है। पीठ ने कहा कि पति-पत्नी जरूरत के समय एक-दूसरे से सम्मान पाने और सुरक्षा दीवार के रूप में काम करने की उम्मीद करते हैं। पीठ के अनुसार, दूसरे व्यक्ति के चरित्र और निष्ठा पर लगातार तंज कसने से मानसिक पीड़ा होती है। अदालत ने हाल के एक आदेश में कहा कि कोई भी सफल विवाह आपसी सम्मान और विश्वास पर आधारित होता है और यदि एक स्तर से अधिक समझौता किया जाता है, तो रिश्ते का अंत तय है। अदालत ने कहा कि पत्नी कार्यालय की बैठकों के दौरान कर्मचारियों और अतिथियों के समक्ष पति पर बेवफाई के आरोप लगाने की हद तक चली गई और उसने अपने पति को उसके कार्यालय में एक व्याभिचारी व्यक्ति के रूप में चित्रित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 जनवरी, 2024



# छात्रों को घरों में संस्कार, दक्षता, कौशल, व्यवहार कुशलता की शिक्षा देंगे दादा-दादी, नाना-नानी

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

## विद्यार्थियों की रट्टा लगाने की प्रवृति खत्म करने पर काम कर रहा शिक्षा विभाग

**प्राथमिक** कक्षाओं के विद्यार्थियों को रटने की अपेक्षा अनुभव आधारित गृह कार्य प्रदान किया गया है। नई शिक्षा नीति अनुभव आधारित शिक्षा को महत्व देती है। इसलिए निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शीतकालीन अवकाश में विद्यार्थियों को इसी प्रकार का गृह कार्य प्रदान किया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी इसी प्रकार का गृह कार्य दिया गया था।

विद्यार्थियों से गृह कार्य को करवाने में अभिभावकों की विशेष भूमिका रहेगी, जिसमें दादा, दादी या नाना, नानी मेंटर की भूमिका में रहेंगे। अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को संस्कार, दक्षता, कौशल तथा व्यवहार कुशलता की शिक्षा प्रदान करेंगे। गृह कार्य के लिए करने वाली गतिविधियां विद्यार्थियों में विद्यार्थी को पढ़ने-लिखने, गणना करने जैसी कौशल प्रदान करेगी, वहीं उन्हें अनुमान लगाना, आंकलन करना, विश्लेषण करना आदि भी सिखाएगी।

परिवार के सदस्यों से जोड़कर बनाई गई गतिविधियां विद्यार्थियों को टेलीविजन और मोबाइल से दूर रखकर अनुभव आधारित सिखने को बढ़ावा देगी। गृह कार्य की गतिविधियों में इस बात का भी ध्यान रखा गया कि इसमें विद्यार्थियों को कोई खर्च न करना पड़े और मौसम के अनुसार ही गतिविधियां निर्धारित हैं।

निदेशालय हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र में कुल 42 में से कम से कम 10 गतिविधियां प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य रहेगी। जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में पीटीएम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें उक्त गतिविधियों के मूल्यांकन पर भी चर्चा की जाएगी। इन गतिविधियों के मूल्याकन में में अभिभावकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।



सांकेतिक तस्वीर।

गुरुग्राम जिले के निपुण मिशन के नोडल अधिकारी जिला एफएलएन समन्वयक मनोज कुमार लाकड़ा के मुताबिक गृह कार्य की गतिविधियों में मुख्य रूप से चारों और उगे हुए फूलों को पहचान तथा उनकी वृद्धि आदि का मापन करना, बाजार में उपलब्ध सब्जियों के नाम लिखना, मुंगफली से दाने निकलना और उनको गिनना, प्रतिदिन का न्यूनतम और अधिकतम तापमान लिखना, परिवार के सदस्यों के जूते के नंबर पता करना तथा उनको लिखना, रसोई घर में प्रतिदिन परिवार के सदस्यों के मदद करें तथा उपलब्ध सभी मसालों, अन्य खाद्य पदार्थों को पहचानें एवं उनके नाम लिखें, परिवार के सदस्यों के मोबाइल नंबर याद करना, घर के कमरे एवं आंगन आदि की लम्बाई एवं चौड़ाई को मापना, गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में दो देशभक्ति गीत याद करना, कैलेंडर देखकर रविवार और छुट्टियों आदि की गणना करना आदि शामिल है।

**सभी अध्यापक इस पहल में दें योगदान:** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी दहिया ने कहा कि शिक्षा विभाग इस अनूठी पहल में सभी अध्यापक अपना पूर्ण योगदान दें। छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर गृह कार्य के दौरान करने वाली गतिविधियों में मार्गदर्शन करें। जिला शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी दहिया ने सभी अध्यापकों को इस बारे निर्देश जारी कर दिए है, ताकि हर बच्चे व उनके अभिभावक को इस बारे जानकारी हो।

# गुरुग्राम को इस साल मिलेंगे टावर ऑफ जस्टिस, मेडिकल कालेज, माता मंदिर व पार्किंग

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## 2024 में अनेक विकास परियोजनाएं धरातल पर होंगी साकार

## डीसी निशांत कुमार यादव ने पत्रकार वार्ता में दी अहम जानकारियां

**जिला** के वर्ष 2024 बेहद खास साबित होने वाला है। इस वर्ष जिला से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाएं धरातल पर साकार होंगी साथ ही कई नए प्रोजेक्ट्स पर काम भी शुरू होगा। यह बात डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कही। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

नववर्ष 2024 के दूसरे दिन संवाददाताओं से बातचीत करते हुए डीसी ने जिले वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के दूसरे महीने तक द्वारका एक्सप्रेस वे पर गुरुग्राम जिला का हिस्सा आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। साथ ही अक्टूबर तक श्री शीतला माता मेडिकल कॉलेज भी बनकर तैयार हो जाएगा। करीब 541 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किए जा रहे इस मेडिकल कॉलेज में पेशेंट के इलाज के साथ साथ उनके अटेंडेंट के रुकने की सुविधा का ध्यान रखा गया है। डीसी ने कहा कि गुरुग्राम एक मेडिकल टूरिज्म का हब है। ऐसे में सस्ते व अच्छे इलाज की सुविधा के लिए यह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल एक बेहतर विकल्प साबित होगा। उन्होंने श्री शीतला माता मंदिर के निर्माण से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि मंदिर के पुराने डिजाइन में कुछ आवश्यक बदलाव के बाद निर्माण कार्य जोरों पर है। इस साल के अंत तक श्रद्धालुओं को वहां माता का भव्य मंदिर देखने को मिलेगा। पुराने शहर में पार्किंग की समस्या के निदान के लिए कमान सराय व सदर बाजार में पार्किंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वजीराबाद में एमसीजी द्वारा करीब 200 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी तैयार किया जा रहा है। लघु सचिवालय के पास 170 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन टॉवर ऑफ जस्टिस भवन का काम भी इसी वर्ष पूरा दिन जा रहा है।




गुरुग्राम के लघु सचिवालय में पत्रकारों से बात करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम को मिलेगा नया लघु सचिवालय** : डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि लघु सचिवालय में आगंतुकों के बढ़ती संख्या के मद्देनजर जिला में नए लघु सचिवालय के निर्माण की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नए सिटीजन फ्रेंडली भवन में सभी आधुनिक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए आमजन को सभी सेवाओं का लाभ एक छत के नीचे देने की योजना है। पार्किंग एरिया में नए भवन में 600 वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था को जाएगी।

**गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी पर बन रहा राष्ट्रीय राजमार्ग 352 डब्लू** : डीसी ने कहा कि गुरुग्राम-पटौदी- रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 352 डब्लू का काम भी इसी वर्ष पूरा होने जा रहज है। इस राजमार्ग का काम पूरा होने से जिला की सौ ग्राम पंचायतों को गुरुग्राम शहर से सीधी कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी गुरुग्राम से पटौदी के सफर में करीब डेढ़ घंटे का समय लगता है। इस राजमार्ग के पूरा होने से यह दूरी करीब 45 मिनट में तय की जा सकेगी।

**ग्लोबल सिटी के लिए ऑक्शन प्रक्रिया शुरू** : डीसी ने करीब एक हजार एकड़ में बनने जा रही ग्लोबल सिटी का उल्लेख करते हुए कहा कि सेक्टर-37 में विकसित किए जा रहे इस वैश्विक स्तर के शहर में फैसिलिटी का टेंडर किया जा चुका है। वहीं एचएसआईडीसी की ओर से करीब पांच सौ एकड़ पर ऑक्शन की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगा शिविर

**सोहना।** नगर परिषद के तत्तवाधान में नागरिक अस्पताल परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगा शिविर में सीएससी सेंटर और पेंशन काउंटर बनवाने वालों की सबसे ज्यादा भीड़ रही। नागरिक अस्पताल परिसर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाया।

इस अवसर पर लोगों को चिकित्सा से लेकर कृषि, पेंशन, महिला एवं बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न लाभदायक योजनाओं की सुविधा दी गई। लेकिन शिविर में सबसे ज्यादा भीड़ सीएससी केन्द्र और पेंशन बनवाने वाले काउंटर पर रही। जिसमें महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा था। सीएससी केन्द्र पर परिवार पहचान पत्र से लेकर गृहकर टैक्स की योजनाओं को सबसे अधिक लाभ लिया। वहीं पेंशन बनवाने वालों में वृद्धों से लेकर विधवा महिलाएं आई। जिनके फार्म भरे गए और कमियों को दूर किया। 20 फीसदी पेंशन बनवाने वालों के परिवार पहचान पत्र में खामियों को दूर किया गया।

# गांव बाघनकी व सोहना में लोगों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का लिया लाभ

## अधिकारियों ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद अभियान के तहत मंगलवार को सोहना के सिविल अस्पताल के समीप और गांव बाघनकी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों ने इस यात्रा का लाभ उठाते हुए अपने आवश्यक दस्तावेज बनवाए तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया।

गांव बाघनकी और सोहना शहर में नागरिक अस्पताल के नजदीक आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों में विधायक संजय सिंह की धर्मपत्नी वंदना सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। उन्होंने लोगों को वर्ष 2047 तक भारत देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा करने की शपथ दिलवाई। वंदना सिंह ने कहा कि यह यात्रा आम नागरिकों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रही है। अब सरकारी सेवाएं लोगों के घर द्वार तक पहुंच रही है। दोनों आयोजनों में स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग की ओर से मेडिकल कैंप लगाकर नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई।



गुरुग्राम के गांव बाघनकी व सोहना में विकसित भारत संकल्प यात्रा का जायजा लेती विधायक संजय सिंह की धर्मपत्नी वंदना सिंह।

इस अवसर पर कृषि विभाग की ओर से ड्रोन का प्रदर्शन करते हुए लोगों को आने वाले समय में इसी उपकरण से खेत में कीटनाशकों व खाद के छिडक़ाव की प्रेरणा दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उपस्थित अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

इस मौके पर नगर परिषद की ओर से प्रोपर्टी टैक्स, आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाने, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन आदि की स्टाल लगाई गई।

कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक की ओर से जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पशुधन बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बिजली वितरण निगम, खेलो इंडिया, जिला रेड क्रास सोसायटी, बागवानी विभाग, खाद्य एवं पूर्ति विभाग की ओर से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की स्टाल लगाकर लोगों को इन स्कीमों का फायदा दिया गया।

# अधिक पेड़ लगा व ई-वाहनों का प्रयोग कर पर्यावरण बचाने में सहयोग दें : नवीन गोयल

## नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में नववर्ष 2024 के स्वागत में हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**नारायणा** ई-टेक्नो स्कूल में वर्ष 2023 को विदाई देते हुए नववर्ष 2024 के आगमन पर एक हर्ष पूर्ण उत्सव (कार्निवाल) का आयोजन किया गया। स्कूल फेट या कार्निवल पूरे शैक्षणिक वर्ष के सबसे अपेक्षित समय में से एक है। नव वर्ष का सभी को बेसब्री से इंतजार होता है और इस प्रकार के कार्यक्रम सभी में एक विशेष प्रकार की ऊर्जा का संचार कर देता है।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सिरसा रेड्डी, जीडीएम वरुण गांधी मुख्य रूप से आमंत्रित थे। अतिथियों के आगमन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा सरीन, एजीएम सौरभ कुमार व उप-प्रधानाचार्या सोनल शर्मा, साहिल वशिष्ठ, ईशा शर्मा व तनुश्री रामसेन ने गुलदस्ता देकर अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने प्रकृति के संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि हमें हर हाल में प्रकृति का संरक्षण करना है। प्रकृति से ही मानव का अस्तित्व है। हमारे ही कारण से आज पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। पर्यावरण में सुधार के हम दो तरह से प्रयास कर सकते हैं। पहला तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि हरियाली बढ़े और पर्यावरण स्वच्छ हो।



नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में नवीन गोयल को स्मृति चिन्ह देते स्कूल प्रमुख।

दूसरी यह कि हमें ई-वाहनों की तरफ बढना है। ई-वाहनों का उपयोग करके भी हम पर्यावरण को जहरीली गैसों, धुएं से बचा सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी यही प्रयास है कि हम अपने पर्यावरण को बेहतर कैसे बनाएं। उनके दिशा-निर्देशों में देश और प्रदेश काम भी का रही है। हम सबकी इसमें भागीदारी होने की बात उन्होंने कही। कार्यक्रम में छात्रों ने संस्कृति से जुड़े नृत्य-संगीत, देश भक्ति गीत तथा गीता श्लोक आदि द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या डॉक्टर मनीषा सरीन ने इस उत्सव का उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह उत्सव हमें नए साल की शुरुआत और प्रकृति के पुनर्जन्म व विभिन्न प्रकार की संस्कृति व प्रतिभाओं को जानने का अवसर प्रदान करता है।

# हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में उतरे गुरुग्राम के व्यवसायिक वाहनों के ड्राइवर



गुरुग्राम में हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में एकत्रित ट्रक ड्राइवर।

## अपने व्यवसायिक वाहनों को खड़े करके किया विरोध प्रदर्शन

## गुरुग्राम में हैं 3 लाख से अधिक व्यवसायिक वाहन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**केंद्र** सरकार द्वारा हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में मंगलवार को गुरुग्राम में व्यवसायिक वाहनों के पहिये थमे रहे। ट्रांसपोर्ट यूनियन ने हड़ताल करके सरकार के इस कानून का विरोध करते हुए वापस लेने की मांग की। गुरुग्राम में तीन लाख से अधिक व्यवसायिक वाहनों के ड्राइवर्स ने कहा कि इस कानून का दुरुपयोग भी होगा।

केंद्र सरकार की तरफ से हिट एंड रन के नए कानून में यह कहा गया है कि यदि कोई भी चालक किसी भी व्यक्ति को टक्कर मारकर वहां से वाहन लेकर या छोड़कर फरार हो जाता है तो उसके खिलाफ जो कार्रवाई होगी, उसमें 10 साल की सजा और सात लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान होगा। ट्रांसपोर्टर ने इस कानून को उनके व्यवसाय के विरोध में बताया। व्यवसायिक वाहनों के ड्राइवर्स ने कहा कि ज्यादातर हादसों में वाहन चालक की कोई गलती नहीं होती। नए कानून में कोई अपील-दलील नहीं सुनी जाएगी। सीधे कार्रवाई होगी। इसलिए यह कानून देशहित में नहीं है। इसलिए यह कानून वापस लिया जाए। कानून वापसी को लेकर ही सभी व्यवसायिक वाहनों के ड्राइवर हड़ताल पर ही रहेंगे। दूसरी तरफ इस हड़ताल के कारण बहुत से ट्रांसपोर्ट के काम भी प्रभावित हो गए। तेल पम्प पर तेल की कमी और घरेलू व अन्य सामान पर इस हड़ताल का असर पड़ेगा।

# सरकार कानून बदलकर रोकना चाहती है दुर्घटनाएं : पंकज डावर



गुरुग्राम में हड़ताली ट्रक डाइवर्स के समर्थन में उनके साथ खड़े पंकज डावर।

**गुरुग्राम।** मोदी सरकार की हिटलरशाही अब चरम पर है। यह सरकार ऐसी व्यवस्थाएं देश में नहीं कर सकती, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसलिए इस सरकार ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए कानूनों को ही बदलना शुरु कर दिया है। यह बात कांगेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने हड़ताली ट्रक डाइवर्स के बीच जाकर उनकी मांग का समर्थन करते हुए कही।

पंकज डावर ने कहा कि ट्रक चालकों की मांग जायज है। कारण यह है कि जब भी ट्रक चालकों से दुर्घटना होती हैं, 'यादातर मामलों में पुलिस ट्रक चालक को ही दोषी करार करके कार्रवाई करती है। ट्रक चालक तो पहले से ही दुर्घटनाओं के मामलों को लेकर परेशान थे। अब जिस तरह के कानून में बदलाव किए जा रहे हैं, इसके बाद तो उनके सामने आगे कुआं पीछे खायी जैसी स्थिति पैदा हो गई है। पंकज डावर ने ट्रक चालकों और उनकी यूनियन की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि हम ट्रक चालकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उनकी लड़ाई हम मिलकर लड़ेंगे। पंकज डावर ने कहा कि सरकार हिटलरशाही जैसे फैसले बिना सोचे समझे इस सरकार में लिए जा रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## शहर में धूमधाम से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा निकाली



**सोहना।** राम मंदिर प्राण प्रष्ठिा शोभायात्रा शहर में धूमधाम से निकाली गई। इस शोभायात्रा में सैंकड़ों की संख्यां में लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा को सोहना विधायक संजय सिंह ने झंडी दिखाकर देवीलाल खेल स्टेडियम से रवाना किया। सोमवार को स्थानीय ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम से दोपहर तीन बजे राम मंदिर प्राण प्रष्तिठा शोभायात्रा की शुरुआत की। इस शोभायात्रा को सोहना विधायक संजयसिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में शहर के सामाजिक संगठन से आए लोग समेत सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं बच्चों ने भाग लिया। शोभायात्रा को चुंगी नंबर दो से नागरिक अस्पताल मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, नगर परिषद कार्यालय के सामने से खेल चौक, पुराना अलवर मार्ग, बस स्टैंड मार्ग से शहर थाना पुलिस थाने के सामने से होते हुए वापस देवीलाल खेल स्टेडियम में पहुंची। शोभायात्रा में शामिल लोगों भगवान राम के भक्ति गीतों पर जमकर झूमते हुए शहर में से निकले। विधायक संजय सिंह ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को भगवान राम के प्रति आस्था जताई गई। 22 जनवरी को भी अपने घरों में दीप जलाते हुए खुशिया मनाने को कहा गया। विधायक ने शोभायात्रा में शामिल लोगों आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा, संघ के भारी मात्रा में कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।

## एसडीएम ने जरुरतमंदों को सर्दी में कंबल वितरण किए




**सोहना।** सोहना एसडीएम प्रदीप सिंह ने बेघर और खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों को कंबल बांटे। एसडीएम ने जरुरतमंदों को सर्दी खत्म होने तक कंबल वितरण किए जाने का अभियान जारी रखने का दावा किया है। अब एसडीएम प्रदीप सिंह हर दिन ऐसे बेघर और खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों को कंबल अपने हाथों से वितरण करेंगे। ताकि जरुरतमंद को इस सर्दी के बचने में मदद हो सके। एसडीएम ने बताया कि उनकी गाड़ी में हमेशा कंबल रहेंगे। वे अब हर दिन ऐसे स्थानों पर जाएंगे। जहा पर सर्दी से बचने वाले लोगों को गर्म कपड़ों की आवश्यकता है। इसलिए वें स्वयं बेघर लोगों को तलाशने के लिए सड़क, चौक-चुराहे, फ्लाई ऑवर के नीचे, झुग्गी-झौपड़ियों में रहने वाले लोगों को तलाश करेंगे। एसडीएम प्रदीप सिंह ने बताया कि शहर की चुंगी नंबर दो पर प्रजापत धर्मशाला में बना रैन बसेरा का सोमवार की रात 7 बजे औचक निरीक्षण किया। उन्होने रैन बसेरा को सुविधाजनक बनाने का दावा किया है। जिसमें ठहरने वालों को बिस्तर से लेकर पानी और खाने की सुविधा मिलेगी। जरुरत पड़ने पर बेघर लोगों को चिकित्सा की सुविधा दिलाई जाएगी। उन्होने बताया कि परिषद के कर्मचारी रातभर घूमकर बेघर लोगों की तलाश करके रैन बसेरा में विश्राम करने के लिए लेकर आएंगे।

## कोविड वार्ड न होने पर निजी अस्पताल संचालक पर होगी कार्रवाई



**सोहना।** शहर में स्थापित निजी अस्पताल संचालकों को जल्द से जल्द कोविड वार्ड स्थापित करना होगा। कोविड वार्ड न बनाने वाले निजी अस्पताल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। इस संबध में एसडीएम कार्यालय से सभी निजी अस्पताल संचालकों को लिखित में आदेश भी जारी कर दिए गए है। जिले में एक बार फिर से कोविड रोगियों के सक्रमित होने के मामले आने पर जिला प्रशासन ने सख्ती और नियमों की पालना करने के आदेश जारी कर दिए गए है। आदेशानुसार जिला उपायुक्त निशांत यादव ने पिछले सप्ताह स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कोविड नियमों की पालना और सरकारी अस्पतालों में कोविड की जांच के आदेश दिए गए थे। जिले के सभी निजी अस्पताल मालिकों को भी कोविड मापदंड के अनुसार कोविड वार्ड बनाएं जाने के आदेश जारी किए गए थे। उक्त वार्ड में नियम के अनुसार जारी सभी सुविधाएं 24 घंटा के लिए तैयार रखने को कहा गया था। उपायुक्त निशांत यादव के आदेशों को स्थानिय शहर में स्थापित 30 से 35 निजी अस्पताल संचालक पालना नहीं कर रहे है। जानकार सूत्रों के अनुसार किसी भी निजी अस्पताल में कोविड वार्ड आरक्षित नहीं किया है। जिसा जिलाधीश के आदेशों की पालना करने में निजी अस्पताल मालिक पूरी लापरवाही बरत रहे है। प्रदीप सिंह एसडीएम सोहना ने बताया कि शहर में स्थापित सभी निजी अस्पताल संचालकों को मंगलवार को पत्र जारी करते हुए कोविड वार्ड स्थापित करने आदेश जारी कर दिए है। जल्द ही निजी अस्पतालों में कोविड वार्ड की जांच की जाएगी। जांच के लापरवाही बरनते वाले अस्पताल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## कोरोना संक्रमित महिला की मौत, कई दिन से थी संक्रमित




सांकेतिक तस्वीर।

**गुरुग्राम।** कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 से गुरुग्राम में एक महिला की मौत हो गई है। छह दिन से महिला का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। कुछ दिन पूर्व यह महिला एक अन्य महिला के साथ मुम्बई से लौटी थी। गुरुग्राम में कोरोना के नए वेरिएंट से संक्रमित की यह पहली मौत है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. जयप्रकाश ने महिला की मौत की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम में डीएलएफ फेज-4 में रहने वाली दो महिलाएं गत सप्ताह मुंबई से गुरुग्राम लौटी थी। इस दौरान उनकी तबियत कुछ खराब हुई तो उनका कोरोना का टेस्ट कराया गया। रिपोर्ट में दोनों ही महिलाएं कोरोना से संक्रमित पाई गई। उनको स्वास्थ्य विभाग की ओर से जरूरत हिदायतें दी गई। पहले तो उन्हें होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में रखा गया। इनमें से 57 साल की एक महिला की तबियत जब बिगड़ी तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनके उपचार के लिए खूब प्रयास किए, लेकिन सेहत में सुधार नहीं हो पाया। गत रविवार को महिला की अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद से स्वास्थ्य विभाग और अधिक सक्रिय हो गया है। जिला नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में आइसोलेशन वार्ड बनाया जा चुका है। अब स्वास्थ्य विभाग कोविड संक्रमितों को अस्पताल में ही भर्ती करने की योजना बना रहा है, ताकि उनका बेहतर उपचार किया जा सके। कोरोना संक्रमित महिला पहले से डायबिटीज, उच्च रक्तचाप से ग्रसित थी। ऐसे में उन्हें कोरोना संक्रमण ने और अधिक बीमार बना दिया और उनकी मौत हो गई। जिला में सोमवार तक 60 रेपिड एंटीजन टेस्ट और 55 आरटी-पीसीआर टेस्ट किए गए हैं। गुरुग्राम में होम आइसोलेशन में दो कोरोना संक्रमित मरीज ठीक भी हो चुके हैं। फिलहाल पांच कोरोना संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं। जो भी होम आइसोलेशन में हैं, स्वास्थ्य विभाग उनकी लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

# फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए शुरू होगी सीधी बस सेवा : मूलचंद शर्मा

**22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद शुरू होगी बस**

**अन्य जिलों से डिमांड मिलने पर वहां से भी अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू करने पर किया जाएगा विचार**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। यही नहीं अन्य जिलों से मांग आने पर वहां से भी भविष्य में अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू होगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाली श्याम कॉलोनी में एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 32 गलियों के शिलान्यास समारोह के उपरांत संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर हमारे लिए गौरव की बात और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को नववर्ष का तोहफा भी दिया। उन्होंने कहा कि आज बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य चल रहे हैं। लोगों की मांग को देखते हुए सभी गलियों व सड़कों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि श्याम कॉलोनी की इन 32 गलियों के निर्माण की मांग भी काफी समय से की जा रही थी और इस मांग को पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के सिटी पार्क व राजा नाहर सिंह पार्क को स्ट्रीट लाइटों की सौगात भी दी। उन्होंने कहा कि 15 लाख रुपये की लागत से सिटी पार्क में 50 व राजा नाहर सिंह पार्क में 15 स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

इस अवसर पर श्याम कॉलोनी में टिपरचंद शर्मा, राजेंद्र बैसला, राधे-राधे महाराज, लखन बेनिवाल, संजीव बैंसला, विनोद गोस्वामी, राकेश गुर्जर, डॉ. बिजेंद्र सिंगला, महावीर सैनी, प्रेम खट्टर, बिट्टू पंजाबी, पीके शर्मा और सिटी पार्क के कार्यक्रम में प्रधान सेवा राम वर्मा, पारस जैन, बालकिशन शास्त्री, एक्सईएन ओपी कर्दम, जेई ऋतु बंसल, जितेंद्र बंसल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना संकल्प यात्रा का प्रथम उद्देश्य

**सरकारी जनहितकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं जनमानस**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मिशन है कि सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं। लोगों को जागरूक कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दें। इस कार्य को पूरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई गई है।

इन संकल्प यात्राओं में विभागीय अधिकारी लोगों को सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और मौके पर ही कार्यों को पूरा कर रहे हैं। विधायक जगदीश नायर होडल खंड के गांव डाढका में संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति को उस संबंधित योजना का ज्ञान होना जरूरी है।

इन संकल्प यात्राओं में संबंधित विभाग के अधिकारी बैंक ऋण, पशुपालन हेतु ऋण, कृषि विभाग संबंधी योजनाओं का पूरा ज्ञान लोगों को दे रहे हैं। इसी प्रकार बडौली खंड के गांव माला सिंह फार्म, सुनहरी नगला और हसनपुर खंड के गांव रायदासका व बमारियाका में विधायक दीपक मंगला ने संकल्प यात्रा का स्वागत कर बतौर मुख्य अतिथि अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। सभी पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करना सरकार का कर्तव्य है, जिसे पूर्ण करने हेतु रथ यात्रा चलाई गई है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे इन रथ यात्राओं में पहुंचकर अवश्य लाभ उठाएं।

इसी क्रम में हथीन खंड के गांव मंडकोला में विधायक प्रवीण डागर, हथीन खंड के गांव पोंडरी, कुमरेडा व गुराकसर में विधायक हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इन सभी रथ यात्राओं के स्वागत कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और उपस्थित ग्रामवासियों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया।

# वकील को हनीट्रैप में फंसा मांगे 20 लाख

**युवती ने बेसुध कर बनाई अश्लील वीडियो, कागजों पर हस्ताक्षर कराने गया था**

**पलवल।** एक वकील को दो युवतियों ने दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रुपए की मांग की है। आरोप है कि युवतियों ने मुकदमे में कागजातों पर हस्ताक्षर करने के बहाने वकील को अपने घर बुलाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। बेहोशी की हालत में वकील के साथ अश्लील वीडियो तैयार की। कैंप थाना पुलिस ने युवतियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पलवल के कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, एक वकील ने शिकायत दी है कि वह पलवल कोर्ट में वकालत करता है। वह पांच साल से सोनिया नाम की एक युवती का केस कोर्ट में लड़ रहा है। सोनिया के साथ मोनिका नाम की युवती भी उसके पास आती थी। 26 दिसंबर को मोनिका उसे रास्ते में मिली और कहा कि उसकी सहेली किरण अपने पति के खिलाफ केस डालना चाहती है।

28 दिसंबर को मोनिका अपनी सहेली किरण को लेकर जिला कोर्ट में वकील के चैंबर में आई तो किरण ने कहा की उसे अपने पति के खिलाफ खर्च का केस डालना है। आप पेपर तैयार कर लो और जिस दिन पेपरों पर हस्ताक्षर कराओ मैं उस दिन फीस लेकर आ जाउंगी। वकील के अनुसार 30 दिसंबर को मोनिका व किरण ने उससे फोन पर बात की। उन्होंने कहा कि उनके पास कोर्ट आने का कोई साधन नहीं है। आप कागजातों पर हस्ताक्षर करवाने के लिए मोनिका के घर आ जाओ। वहीं फीस भी दे दूंगी। वकील कागजात तैयार कर मोनिका के घर पहुंच गया।

# एनएसएस शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों को किया सम्मानित



**पलवल।** एनजीएफ डिग्री कॉलेज पलवल के सात दिवसीय एनएसएस कैंप के समापन पर स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। प्रतिभागियों को देश भक्ति व समाज के प्रति जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी गई। कॉलेज के सीईओ अश्वनी प्रभाकर ने सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं तथा इसी तरह समाज में बढ़ चढ़कर आगे भाग लेने के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के निदेशक डॉ. शरद कौशिक ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप देशराज प्रतिनिधि एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय दिल्ली ने स्वयंसेवकों को एनएसएस कैंप के हर पहलू को बारीकी से समझाया तथा किस प्रकार हम देश सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं, इसके बारे में बताया। इसके अलावा कमलनीत जोकि लाइफसेट कोच हैं, मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में तनाव को कम करने के लिए महत्वपूर्ण बातों को विस्तार से बताया। इस समापन समारोह में अतिथि के रूप में ललित कुमार सरपंच दीघोट, रविंद्र चौहान प्रधान बार एसोसिएशन पलवल तथा देवेंद्र तेवतिया जिला पार्षद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बाइक से गिरी युवती को डंपर ने कुचला

**पार्टी मना मंगेतर संग लौट रही थी, परिवार में इकलौती कमाने वाली थी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सूरजकुंड** इलाके में स्थित ग्रीन वैली पार्क में पार्टी मनाकर मंगेतर के साथ घर लौट रही युवती को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। डंपर उसे काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया। युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान शोभना जायसवाल (35) के तौर पर हुई है।

शोभना दिल्ली के लक्ष्मी नगर की रहने वाली थी और घर में अकेली कमाने वाली थी। 1 साल पहले ही उनकी मां का देहांत हुआ था। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है और उसकी छोटी बहन का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। पिता भी बुजुर्ग हो चुके हैं। शोभना की मौत के बाद अब उनके घर में कमाने वाला कोई नहीं है। शोभना के मंगेतर अमनप्रीत ने बताया कि वह फरीदाबाद में सूरजकुंड रोड स्थित ग्रीन वैली पार्क में पार्टी अटेंड करके घर जा रहे थे। बाइक पर सवार होकर सूरजकुंड गोल चक्कर से होते हुए प्रह्लादपुर की ओर जा रहे थे। उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। पीछे बैठी शोभना रोड पर गिर गई। इससे पहले कि वह संभल पाती, पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उसको कुचल दिया। डंपर उसे घसीटता हुआ ले गया। हादसे में शोभना का धड़ खत्म हो चुका था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अमनप्रीत ने बताया कि घटना रात को 12.15 बजे के करीब हुई। घटना के बाद उन्होंने रास्ते से गुजर रहे लोगों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन उनकी किसी ने भी नहीं सुनी। इसके बाद उन्होंने अपने ऑफिस में बॉस को फोन पर घटना की जानकारी दी। बॉस अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। डंपर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**तीन वाहनों की टक्कर में दो जख्मी** : वहीं दूसरी तरफ फरीदाबाद के नेशनल हाईवे पर वाईएमसीए और बाटा फ्लाईओवर के पास थार और ईको वैन में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार व ईको ड्राइवर को चोटें आने पर दोनों को बीके खान अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसे को लेकर पुलिस की छानबीन चल रही है। जानकारी अनुसार बल्लभगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार थार ने ईको वैन में टक्कर मार दी। ईको वैन सीएनजी भरवाने के लिए जा रही थी। इसी दौरान बल्लभगढ़ की ओर से आई तेज रफ्तार थार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। ईको वैन बाइक से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार और ईको वैन के ड्राइवर घायल हुए हैं। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# मानव सेवा समिति ने बांटे कंबल



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने सेवा कार्यों की श्रृंखला में मंगलवार को सेक्टर-29 सामुदायिक केंद्र में 18वां कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित करके 201 जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज ने कहा कि मानव सेवा समिति अपनी 25वीं वर्षगांठ सेवा सहायता वर्ष के रूप में मना रही है। इसकी शुरुआत कंबल बांटकर की गई है।

महासचिव सुरेंद्र जग्गा ने कहा कि इस सेवा वर्ष में 25 कार्य व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में संरक्षक एससी गोयल, कार्यक्रम संयोजक सुबोध नागपाल, पीडी गर्ग, अध्यक्ष कैलाश शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका, सलाहकार सुनील अग्रवाल, क्षेत्र प्रबंधक धर्मवीर गुप्ता, एसएस बागला, सत्यवीर दहिया ने सहयोग प्रदान किया।

# राजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस नौ जनवरी को धूमधाम से मनेगा : सुनील तेवतिया

**विधायक अभय सिंह चौटाला होंगे मुख्य अतिथि**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**1857 की** क्रांति के शहीद राजा नाहर सिंह का 166वां बलिदान दिवस मनाने के लिए उनके वंशज व इनेलो के वरिष्ठ नेता सुनील तेवतिया के सेक्टर-3 स्थित निवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला इनेलो के अध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने की। जबकि विशेष रूप से राजा राजकुमार तेवतिया, जिला इनेलो पलवल अध्यक्ष अजीत सिंह बॉबी, प्रदेश महासचिव महेन्द्र सिंह चौहान व जिला कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र तेवतिया, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी इनेलो पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने इस बैठक में मौजूद रहे। मंच का संचालन जिला इनेलो के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र तेवतिया ने किया। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति राजा नाहर सिंह सोसाइटी व इनेलो द्वारा शहीद राजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया जाए और बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में एक ऐतिहासिक विशाल जनसभा की जाए। कार्यक्रम के संयोजक इनेलो नेता सुनील तेवतिया ने बताया कि नौ जनवरी को आयोजित राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर इनेलो के वरिष्ठ नेता और विधायक अभय सिंह चौटाला मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर इनेलो के प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी व इलाके के सभी मौजिज लोग शामिल होकर अपने प्रिय राजा को श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने बताया कि शहीद राजा नाहर सिंह की जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका परिवार हमेशा पिछले 50 साल से इस तरह के आयोजन करता आ रहा है। राजा नाहर सिंह 36 बिरादरी में लोकप्रिय थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने बलिदान दिवस पर आयोजित जनसभा के लिए सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई और कहा कि हर कार्यकर्ता इस बलिदान दिवस समारोह को सफल बनाने में जुट जाए।

उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को इस कार्यक्रम से प्रेरणा भी मिलेगी कि हमारे एक ऐसे राजा नाहर थे, जिन्होंने अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार न करते हुए अपने प्राणों को हंसते-हंसते कुर्बान कर दिया। इस मौके पर अजय चौधरी, उदयवीर सहरावत, वेद पहलवान, सुखबीर चाहर, सुरेश मोर, सुरेश वर्मा, बच्चू सिंह, चंदन सिंह, जितेंद्र नरवत, बोधराज रावत, घीसाराम, सुनील मंडोत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बंदियों ने लिया जीवन में सकारात्मकता का संकल्प

**पलवल।** जिला कारागार पलवल में पलवल डोनर्स क्लब ने नववर्ष के प्रथम दिवस के अवसर पर परिरुद्ध बंदियों और कारागर कर्मचारियों को जीवन उपयोगी बातों के लिए जागरुक किया। कार्यक्रम का संयोजन जेल अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, पलवल डोनर्स क्लब के संयोजक विकास मित्तल और सह संयोजक अल्पना मित्तल ने किया। कार्यक्रम में विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने उपस्थित लोगों को सत्य मार्ग पर चलकर जीवन जीने की कला के बारे में जागरुक किया।

साथ ही अल्पना मित्तल ने सभी जागरुक करते हुए बताया कि मनुष्य को कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सभी लोग भौतिक सुख प्राप्त करने के लिए सत्य, सुख, शांति का मर्म भी नहीं समझ रहे हैं। जीवन के अंत का भी अहसास नहीं कर रहे हैं। सच्चा सुख तो केवल परमात्मा की शरण है। जिस प्रकार इस नश्वर शरीर में रोग लग जाने के उपरांत चिकित्सक से परामर्श लेना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार जीवन को रोग से बचाने के लिए ईश्वर का चिंतन और संकल्प आवश्यक है।

# पृथला क्षेत्र वर्ष 2024 को विकास वर्ष के रूप में मनाया जायेगा



**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि वर्ष 2024 में क्षेत्र के अधिकतर गांव के कच्चे रास्तों को पक्का कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पृथला क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी और इतना विकास करवाया जाएगा। पिछले चार सालों की कसर पूरी कर दी जाएगी। श्री रावत गांव आजाद नगर (बढराम) में विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत बनने वाले 25 लाख के रास्तों का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक नयनपाल रावत ने सभी ग्रामीणों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह साल पृथला क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इस साल क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उन्हें जो मान सम्मान देकर विधानसभा में भेजा था, उस सम्मान को उन्होंने बरकरार रखा और सदैव क्षेत्र का विकास करवाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य किन्हीं कारणों से रूके हुए थे, उन्हें फिर से शुरू करवाया जा चुका हैं और क्षेत्र के लोगों की हर समस्या को दूर करवाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह जल्द ही अधिकारियों से मीटिंग कर विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे और लोगों की समस्याओं को दूर करवाने में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर कपिल सरपंच, चंद्रपाल अध्यक्ष ब्लॉक समिति, कविंद्र सरपंच, ललित सरपंच, प्रथम डागर सरपंच, अजय डागर सरपंच, बीर सिंह, संदीप अलावलपुर, राकेश, सतपाल, वेदपाल सहित अनेक गणामन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 112 साल पुराने स्टेशन का केक काटकर मनाया स्थापना दिवस



**पलवल।** नए साल के पहले दिन दिल्ली डिवीजन के पुराने रेलवे स्टेशनों में शुमार पलवल रेलवे स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में रेलयात्री संघ समेत रेलवे के अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल थे। इस दौरान दिल्ली से आई एक टीम ने नुक्कड़ नाटक के जरिए यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक भी किया गया। अधिकारियों की मानें तो ये स्टेशन करीब 112 साल पुराना है। एक जनवरी 1912 को अंग्रेजों के शासन काल में स्टेशन की स्थापना की गई थी। बता दें कि करीब 112 साल पुराना पलवल स्टेशन ऐतिहासिक महत्व का स्टेशन माना जाता है। क्योंकि रोलर एक्ट के विरोध में पंजाब जा रहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पहली राजनैतिक गिरफ्तारी 10 अप्रैल 1919 को की गई थी। स्टेशन बनने के सात साल बाद ही ये स्टेशन राजनीतिक हलचल का केंद्र बन गया था। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो तीन के बीच में गांधी स्मारक भी बना हुआ है। रेल प्रशासन के निर्देश पर पलवल स्टेशन परिसर में ही स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय पार्षद राजकुमार और रेल पैसेंजर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान प्रकाश मंगला मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। दिल्ली डीआरएम आफिस की टीम द्वारा यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। केक काटकर अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने स्थापना दिवस मनाया। इस मौके स्टेशन अधीक्षक आरएन शर्मा, सीएमआई विशाल मित्तल, एसएस आशुतोष पाराशर, शेखर मंगल, आईओडब्ल्यू एके गुप्ता आदि मौजूद थे।

### नववर्ष पर डीपीएस में किया हवन यज्ञ का आयोजन



**पलवल।** दिल्ली पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी पलवल में नववर्ष के उपलक्ष्य में हवन व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन एसपी लाल, चेयरपर्सन रानी लाल, प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा, मुख्य अध्यापिका ममता गांधी अपने सभी शिक्षकगण, सहायक कर्मचारी व अभिभावकों के साथ उपस्थित रहे। जिससे एक शांतिपूर्ण और सकारात्मक अनुभूति का वातावरण बनाने का प्रयास किया गया। शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रोवाइस अध्यक्ष एसपी लाल ने सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख व समृद्धि की कामना की। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका ममता गांधी ने भी अपने सभी अध्यापकों, विद्यालय के कर्मचारियों व अभिभावकगण को नूतनवर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आने वाले वर्ष में सभी के जीवन में शुभता व सफलता की कामना की।

### दैवीय पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पलवल।** अंग्रेजी नूतन वर्ष व अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण शुभ अवसर पर दैवीय पौधे बेल्वपत्र तथा पीपल आदि की स्थापना की गई। युवाओं ने प्रकृति की सेवा कर अंग्रेजी नूतन वर्ष मनाया। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा रेलवे स्टेशन पर पक्षियों के लिए जलपात्र तथा पौधों का रोपण व ट्री- गार्ड लगाकर युवाओं को प्रकृति पर्यावरण संरक्षण का संकल्प कराया गया। ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने कहा कि नव वर्ष पर लोग पर्वतीय क्षेत्रों में पार्टी आदि के बहाने जाकर इन सुंदर पर्वतों, नदियों तथा वनों को कचरे का ढेर बनाने में लगे हुए हैं। इस प्रकार गंदगी फैलाकर सुंदर प्रकृति उपहारों को नष्ट कर हम अपने जीवन को खत्म कर रहे हैं। अपने परिजनों साथ प्रकृति को सुंदर बनाए रखने तथा पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण कर जल, जंगल और जमीन को बचाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी मास्टर मानिकचंद, अमरपाल, मास्टर थान सिंह, गजेंद्र सिंह, ईश्वरराज, सुरेश भार्गव, गुलवीर, सुनील, सुरेश, पारस आदि उपस्थित रहे।

### डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में मनाया नए साल का जश्न



**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद व डीपीएस सूरजकुंड के स्टाफ व प्रबंधन सदस्यों ने धूमधाम से नए साल का जश्न मनाया। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद की प्रिंसिपल डॉ. बिंदु शर्मा ने की। इस अवसर पर कई खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने नववर्ष पर पहले से और बेहतर करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. बिंदु शर्मा ने सभी को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि टीम वर्क पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से यदि कोई काम किया जाए तो कोई भी मुश्किल काम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नया साल, नई सोच, नया उत्साह लेकर आता है। ऐसे में नववर्ष में डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद व डीपीएस सूरजकुंड के सभी विद्यार्थी यह संकल्प लें कि वह नए साल में नई उपलब्धियों को हासिल कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर सभी ने नए साल के जश्न का जमकर लुत्फ उठाया।

### गांव घोड़ी में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**पलवल।** पलवल जिले के गांव घोड़ी में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश और दूसरे राज्यों की आठ महिला कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पहुंचे भाजपा जिला महामंत्री वीरपाल दीक्षित ने कहा कि कोई भी खेल हो, उसे खेल की भावना से खेलना चाहिए। प्रतियोगिताओं में हार जीत लगी रहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों में नंबर वन पर है। यहां से हर क्षेत्र में खिलाड़ी निकलते हैं। महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर भी स्वस्थ रहता है। महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान पहले नंबर पर जींद की टीम रही, जबकि दूसरे पर गांव घोड़ी और तीसरे नंबर पर फरीदाबाद के गांव खेड़ी की टीम रही। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 जनवरी, 2024



# नए वर्ष से उम्मीद

## भारत का विकास

**वर्ष 2024 में उम्मीद** है कि भारत और दुनिया का सर्वांगीण विकास होगा। पुराने वर्ष की विदाई तथा नए वर्ष के आगमन पर लोगों की उम्मीदें आसमान छू रही हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंधों से लेकर खेल आयोजनों तक तथा राजनीतिक परिदृश्य से तकनीकी प्रगति तक अगले 12 महीनों में बहुत सी चीजों पर नजर रहेगी। वैश्विक मामलों पर गौर करें तो उम्मीद है कि 'ब्रिक्स' देश-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका अपने गठबंधन को मजबूत कर सहयोगी प्रयासों को विस्तार देंगे। साल के पहले ही दिन मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात इस समूह में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हो गए। इस विस्तार से आर्थिक सहयोग, आरएंडडी में संयुक्त पहलों तथा वैश्विक चुनौतियों, जैसे जलवायु परिवर्तन व सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों से निपटने के संयुक्त प्रयास तेज होंगे। 2024 में भारत के साथ बांग्लादेश, पाकिस्तान तथा अमेरिका के साथ कई देशों में चुनाव होंगे। इन चुनावों से इन देशों की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। वास्तव में अमेरिका में चुनावों से न केवल लोकतांत्रिक नीतियां निर्धारित होंगी, बल्कि इसका वैश्विक समीकरणों पर भी प्रभाव पड़ेगा। यह वर्ष खासकर भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव में पहली बार भाजपा का मुकाबला विपक्षी 'इंडिया' समूह से होगा। चुनाव के पहले अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन तथा राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' ऐसी प्रमुख घटनायें होंगी जिनका राष्ट्रीय राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत 2024 में किस दिशा में जाता है।



दुनिया की नजरें पेरिस पर 2024 ग्रीष्म ओलंपिक के कारण जमी रहेंगी। इस सबसे बड़े खेल आयोजन में न केवल सर्वोत्तम एथलीटों की शक्ति दिखाई देगी, बल्कि यह दुनिया में मित्रता के मंच की तरह काम कर सकता है। तकनीकी क्षेत्र में भी 2024 में असाधारण घटनाओं की उम्मीद है। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग तथा अंतरिक्ष खोज में इस वर्ष में ऐसी परिवर्तनकारी तकनीकें आ सकती हैं जिनसे हमारा जीवन और काम पूरी तरह बदल जाएं। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति की झलकियां 2023 में दिखी थीं, पर अब इसकी उम्मीदें बहुत बढ़ गई हैं। भारत के विशाल और उभरते हुए तकनीकी उद्यम इन खोजों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नकारात्मक पक्ष की ओर देखें तो यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच सकता है तथा गाजा में अनिश्चितता बनी हुई है। चिन्ता का एक और कारण कोविड-19 या उसके उप-रूप हैं। भारत समेत सभी देशों को अपनी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्थायें मजबूत करते हुए वैश्विक महामारी से निपटने की तैयारियां तेज करनी होंगी। नए साल में वैश्विक जलवायु परिवर्तन क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्रवाइयों की उम्मीद है। भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण शक्ति है और वह टिकाऊ व्यवहारों की दिशों में आगे कदम बढ़ाएगा। उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय सहभागिताओं व प्रतिबद्धताओं से पर्यावरण चुनौतियों का सामूहिक जवाब दिया जाएगा। भविष्य का सामना आशा, दृढ़ता तथा सहयोगी प्रयासों के साथ करना जरूरी है क्योंकि यह बेहतर व ज्यादा टिकाऊ दुनिया के लिए जरूरी होगा। हालांकि, जरूरी नहीं है कि सारे कामों की योजना के बेहतर प्रतिफल दिखाई दें। हम अपने पाठकों को आनन्ददायक नव वर्ष की शुभकामनायें देते हुए उम्मीद करते हैं कि यह वर्ष भारत और दुनिया की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देगा।

# कॉप-28 में भारतीय दर्शन की विजय

कॉप-28 में भारतीय दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम' की विजय हुई है। भारत ने यूएई की कॉप-28 अध्यक्षता में बनी सहमति को पूर्ण समर्थन प्रदान किया है।



के.एस. तोमर
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





कॉप-28 की 'भावी कार्ययोजना' के अनुसार, कोयला, गैस और तेल अभी दशकों तक भारत समेत विकासशील देशों में बने रहेंगे। दुबई में आयोजित हालिया 2023 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, कॉप-28 में एक सुनियोजित व दूरगामी दृष्टिकोण सामने आया है। 11,000 शब्दों की इस घोषणा में सर्वसम्मति से ऊर्जा व्यवस्थाओं में समतापूर्ण व व्यवस्थित तरीके से दुनिया में फासिल ईंधनों से हटने का मार्ग तय किया गया है। इसे पूर्व के शिखर सम्मेलनों की तुलना में भारत की विजय की तरह देखा जा रहा है। कॉप-28 में भारतीय दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम' को पूर्ण समर्थन मिला। यूएई की अध्यक्षता में कॉप-28 ने सभी सहभागी देशों के बीच पारदर्शिता, न्याय व विचारों के स्वतंत्र प्रवाह को महत्व दिया है।

भारत ने पहले ही अपनी दूरगामी रणनीति के अंतर्गत 2070 तक कार्बन न्यूट्रल बनने का निश्चय किया है जिसमें 2030 के पहले कोयला-आधारित बिजलीघरों में कोई परिवर्तन न करने की योजना शामिल है। भारत ने प्रयास तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि सभी देश कोयले के बेलगाम प्रयोग से दूर हटने का लक्ष्य निर्धारित कर सकें। इससे भारत को ऊर्जा संकट से बचने का अवसर दिया है क्योंकि वह आवश्यकता-आधारित नए कोयला बिजलीघरों का निर्माण कर सकता है जो उसकी तेजी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हैं। चीन और भारत के दबाव तथा उनके महत्व को देखते हुए यूएई सहमति दस्तावेज में 'नए व बेलगाम कोयला बिजली उत्पादन को सीमित करने की अनुमति' को हटा दिया गया क्योंकि यह दोनों देशों की जनता के हित में है तथा यह दीर्घकालीन रूप से लाभदायक सिद्ध होगा। विकसित देशों की तुलना में भारत को फासिल ईंधनों पर ज्यादा लंबे समय तक निर्भर रहना पड़ेगा, हालांकि 100 से अधिक देशों ने कोयला-आधारित निर्भरता को समाप्त करने की प्रतिज्ञा की है। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि विकसित देशों को उदारता पूर्वक उस फंड में दान देना चाहिए जिसका उद्देश्य फासिल ईंधनों का प्रयोग बंद करना है।

आयोजन की सफलता निश्चित रूप से उत्सव का विषय है, लेकिन आलोचकों का मानना है कि यह ज्यादा लंबे समय तक नहीं रहेगा क्योंकि तेल, कोयले और गैस का उत्पादन लगातार बढ़ता रहेगा। फासिल ईंधन कंपनियां दशकों तक उत्पादन बढ़ाने की योजना पर ध्यान केन्द्रित कर रही हैं। आंकड़ों के अनुसार अनेक देश राजस्व व आर्थिक प्रगति के लिए अब भी फासिल ईंधनों पर पूर्णत: निर्भर हैं। इससे यह रास्ता कठिन हो जाता है, पर जलवायु संकट से निपटने के लिए अच्छी शुरुआत जरूर हुई है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की रणनीति दुबई घोषणा के अनुरूप है। इससे उसे विश्वसनीयता तथा सीमाओं के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण को समर्थन किला है। इससे दुनिया के अनेक देशों में नए व लगातार कोयला उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सहभागी प्रक्रिया से जलवायु कार्रवाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है जिसमें कोई देश पीछे नहीं छूटता है और सभी देशों को एकसाथ लेकर अंतिम लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ा जाता है। कॉप-28 सम्मेलन में चली लंबी वार्ताओं के दौरान कोई इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि भारत का विश्वास ऐसी जलवायु कार्ययोजना में है जिसमें सहभागिता तथा उस कार्ययोजना के प्रति साथीपन की भावना प्रदर्शित करना है जिसका उद्देश्य स्वस्थ व हरित भविष्य का निर्माण है। भारत ने सभी देशों से दुबई सहमति निर्णयों को लागू करने का अनुरोध किया है जो वैश्विक दृष्टिकोण व वैश्विक लक्ष्यों पर आधारित है। इनमें प्रधानमंत्री मोदी के समता व जलवायु न्याय सिद्धान्तों को समाहित किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत ने जी20 अध्यक्षता के माध्यम से दिखा दिया है कि जलवायु कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता सामूहिक कार्रवाई सिद्धान्तों पर आधारित है जो सभी सहभागी देशों की सहभागिता सुनिश्चित करते हैं।

कॉप-28 में भारतीय नीतियों की विजय भारत तथा अन्य विकसित देशों को समान आधार प्रदान करती है, जबकि ग्लासगो में हुई कॉप-26 में इसे बड़ा धक्का लगा था। उसकी घोषणा में 'बेलगाम कोयला ऊर्जा को घटाने' पर जोर दिया गया था जो हमारी ऊर्जा आवश्यकतायें पूरी करने का मूलाधार है। इसमें फसिल ईंधनों, जैसे तेल और गैस के प्रयोग का उल्लेख नहीं किया गया था जिनका प्रयोग अमेरिका समेत विकसित देश करते हैं। इसके उलट 'दुबई सहमति' को इतिहास में मील का पत्थर कहा जा रहा है जिस पर 200 देशों ने हस्ताक्षर किए और यह यथार्थ बन जाएगा, हालांकि कुछ विरोधी स्वर जरूर थे। यह यूएई की अध्यक्षता में बड़ी उपलब्धि है जिसकी बहुत आलोचना हो रही थी। विशेषज्ञ भविष्य में इस घोषणा को जीवन्त बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता, लचीलेपन व अनिवार्य आवश्यकताओं को महत्व दे रहे हैं। भारत ने पहले ही 2070 तक कार्बन न्यूट्रल बनने की प्रतिबद्धता प्रकट की है, इसलिए उसे 2030 के पहले अपने कोयला-आधारित बिजलीघरों में परिवर्तन की योजना की जरूरत नहीं है। भारत ने प्रयास तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि बिजली उत्पादन में कोयले का बेलगाम प्रयोग रोका जा सके। इससे भारत को ऊर्जा संकट से बचने में सहायता मिलेगी क्योंकि वह नए कोयला आधारित बिजलीघरों का निर्माण कर सकेगा जो उसकी तेजी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हैं। यह चीन और भारत के दबाव तथा उनके महत्व से संभव हुआ है। अमेरिका ने दुबई सहमति का समर्थन किया है। विशेषज्ञों ने अमेरिकी जलवायु राजदूत जान कैरी के आह्वान का स्वागत किया जिन्होंने कॉप-28 को स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उन देशों ने भी फासिल ईंधनों से अलग हटने की आवश्यकता पर जोर दिया है जो इस पर निर्भर हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि फासिल ईंधनों का मुद्दा विचार-विमर्श के लिए रखा गया था और सभी देशों ने इसके दीर्घकालीन समाधान पर जोर दिया था। यह जलवायु कार्रवाई के नए युग का शुभ संकेत है। आलोचकों ने कॉप-28 सम्मेलन पर अनेक आपत्तियां की हैं। उनके अनुसार इसमें भावी कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सभी तथ्यों पर गौर नहीं किया गया है। अनेक वैज्ञानिकों ने 'कार्बन कैप्चर' पर अपनी चिन्ता प्रकट की है क्योंकि अभी इस तकनीक को सिद्ध नहीं किया गया है और यह फासिल ईंधनों में कटौती करने वाली नीतियों से ध्यान भटकाने की एक चाल है। फासिल ईंधनों के विस्तार का रास्ता खुला रखा गया है जिसका कॉप-28 घोषणा के अंतिम लक्ष्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय है कि कॉप-28 की सबसे बड़ी उपलब्धि विकसित देशों द्वारा अधिकांश जलवायु-जोखिम वाले देशों को समुचित फंड प्रदान करने में प्रतिबद्धता व दृढ़ता की कमी है। इस कारण वे जलवायु संकट के बढ़ने का सामना कर रहे हैं तथा अपनी अर्थव्यवस्थाओं को नवीकरणीय ऊर्जा हेतु तैयार नहीं कर पा रहे हैं ताकि 2050 तक 'नेट ज़ीरो' लक्ष्य प्राप्त कर सकें। अंतिम ड्राफ्ट में पहले व्यक्त विकसित देशों द्वारा प्रति वर्ष 100 मिलियन डालर देने की प्रतिबद्धता का उल्लेख नहीं किया गया है जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। इसमें फंडों की न्यूनतम आवश्यकता का भी उल्लेख नहीं किया गया है और यह इस मुद्दे पर मौन है। केवल 470 मिलियन डालर फंड की प्रतिबद्धता प्रकट की गई है जो बहुत मामूली है और इसे बढ़ाया जाना चाहिए।

इस पृष्ठभूमि में जलवायु विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की राय है कि विकासशील देशों के सामने नए लक्ष्यों की ओर बढ़ने के सिवा कोई और विकल्प नहीं है। यह कोई छिपी बात नहीं है कि गरीब और विकासशील देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं से संचालित होते हैं। इसके साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। इन कारणों से वर्तमान दुनिया में अभी सालों तक तेल, गैस और कोयले का उपयोग जारी रहेगा। हालांकि, कॉप-28 ने भविष्य में जलवायु संकट के कारण पैदा होने वाली विभीषिका की तस्वीर सारी दुनिया के सामने रखी है, पर अपने लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में उसे गति थोड़ी धीमी करनी पड़ेगी। विकसित देशों को हर साल पर्यावरण फंड में 100 मिलियन डालर देने की पुरानी प्रतिबद्धता पर अमल करना होगा ताकि सभी गरीब व विकासशील देश 'नेट ज़ीरो' के लक्ष्य की ओर बढ़ सकें।

# डोडा में मवेशियों पर अज्ञात बीमारी का कहर

"प्रशासन को गरीबों के पशुधन और उनकी आजीविका की सुरक्षा के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पशु चिकित्सकों की एक टीम तेजी से भेजनी चाहिए।"

बाबर नफीस
(लेखक, डोडा में पत्रकार हैं)



कोविड-19 महामारी की नए सिरे से सुर्खियों के बीच, जम्मू-कश्मीर के एकांत डोडा जिले में एक अलग संकट सामने आ रहा है। यहां, एक अज्ञात बीमारी खानाबदोश समुदायों के बीच चिंता का कारण बन गई है, जो कई पालतू जानवरों की जान ले रही है, जो वंचितों के लिए आय का प्राथमिक स्रोत हैं। नतीजतन, इन जानवरों की मौतों का आर्थिक असर व्यापक संकट पैदा कर रहा है। स्थानीय पशु चिकित्सा विभाग को बीमारी की पहचान करने और उचित उपचार करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, लगभग 20 दिन पहले, उनके जानवरों में बुखार के लक्षण दिखाई देने लगे। समय के साथ, जानवरों ने खाना-पीना बंद कर दिया और कुछ ही दिनों में बीमारी से पीड़ित हो गए। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन दूरदराज के क्षेत्रों के निवासियों के लिए, पशुधन पालन आर्थिक सशक्तिकरण का एक साधन है क्योंकि वे दूध और गोबर की बिक्री के माध्यम से अपनी आय अर्जित करते हैं। मुद्दे की गंभीरता तब स्पष्ट हो जाती है जब इस बात पर विचार किया जाता है कि इस क्षेत्र में कई घर सैकड़ों जानवरों को पालते हैं। स्थानीय लोगों की ओर से बार-बार अनुरोध किया गया है कि त्वरित प्रशासनिक हस्तक्षेप और जानवरों के जीवन की रक्षा के लिए उपाय किए जाएं। प्रशासन ने अभी तक प्रभावित गांवों में पशु चिकित्सक नहीं भेजे हैं, जिससे लोगों में संकट गहरा गया है।

इस संदर्भ में, सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद इकबाल इस बात पर जोर देते हैं कि इन पर्वतीय क्षेत्रों के निवासियों को सर्दी के मौसम में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह क्षेत्र तीन महीनों तक बर्फ़ से ढका रहता है, जिससे यह दुर्गम हो जाता है। सर्दी शुरू होने से पहले इन चुनौतियों का समाधान करने में विफलता



इस क्षेत्र के लोगों की समग्र भलाई पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। एक अन्य सामाजिक कार्यकर्ता, आदिल हुसैन बताते हैं कि पिछले कुछ समय से इन क्षेत्रों में पशुधन के बीच अज्ञात महामारी लगातार बढ़ रही है, जो स्थानीय आबादी के लिए संभावित भविष्य की कठिनाइयों का संकेत देती है।

स्थानीय महिला सायमा बानो बीमारी से पशुओं की मौत के कारण हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने से काफी परेशान हैं। वह गरीबों को उनके नुकसान की भरपाई करने के लिए प्रशासन के ध्यान देने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देती है। सायमा ने पहले ही जिला विकास आयुक्त विश्वपाल महाजन को गंभीर स्थिति से अवगत करा दिया है. वह उनसे न केवल पशुओं की मौत के लिए मुआवजे की व्यवस्था करने का आग्रह करती हैं, बल्कि इस बीमारी से बचे पशुओं के लिए बेहतर इलाज भी सुनिश्चित करने का आग्रह करती हैं। उनके प्रयासों के बावजूद अभी तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है. वह इस बात पर ज़ोर देती हैं कि इस मुद्दे पर प्रशासन की चुप्पी उनकी मुश्किलें बढ़ा रही है। थाथरी की खंड विकास अधिकारी फातिमा फारूक ने यह कहकर चिंता बढ़ा दी है कि यह अज्ञात बीमारी थाथरी उप-जिले में पशुधन को धीरे-धीरे प्रभावित कर रही है। इस साल इस बीमारी के फैलने की मौजूदा गति से संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में लोगों को और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

मुख्य प्रश्न उठता है, यह रोग क्या है और इसके अंतर्निहित कारण क्या हैं? इस प्रश्न को संबोधित करते हुए, स्थानीय पशुचिकित्सक डॉ. तालिब हुसैन कहते हैं कि इस बीमारी के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालाँकि, बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियाँ और प्रतिकूल मौसम को इसमें योगदान देने वाला कारक माना जाता है। खराब गुणवत्ता वाले चारे को भी बीमारी फैलने के संभावित कारण के रूप में पहचाना जाता है। डॉ. हुसैन पशुपालकों को सलाह देते हैं कि वे अपने पशुओं को दूषित चारे के बजाय ताजी घास उपलब्ध कराएं। हालांकि वह स्वीकार करते हैं कि सरकार और प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं, लेकिन उन्होंने डोडा जिले में पशु चिकित्सकों की भारी कमी पर प्रकाश डाला। नतीजतन, डॉक्टरों के लिए जानवरों के निरीक्षण के लिए हर घर का दौरा करना अव्यावहारिक है। फिर भी उनका सुझाव है कि विभाग द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा शिविरों के माध्यम से पशुओं के उपचार में सुविधा हो सकती है।

डॉ. हुसैन पशुपालकों से आग्रह करते हैं कि वे स्वयं सावधानी बरतें और अपने पशुओं में बीमारी के कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें। चुनौतियों के बावजूद, उम्मीद है कि प्रशासन तेजी से इन क्षेत्रों में पशु चिकित्सकों की एक टीम भेजेगा, जिससे गरीबों के आय स्रोतों और उनके पशुधन दोनों को इस अज्ञात बीमारी से बचाया जा सके।

# आप की बात

## इसरो की उपलब्धि

**साल के पहले ही दिन** इसरो ने इतिहास रचते हुए ब्लैक होल्स का रहस्य खोजने के लिए एक्सपो सैटेलाइट सफ्लतापूर्वक लॉन्च किया। इंसान ने विज्ञान के माध्यम से जबर्दस्त सफ्लताएं हासिल की है! इसके बावजूद अनंत ब्रह्मांड के बारे में उसकी जानकारियां बहुत कम हैं। लाखों मील लंबे चौड़े ब्लैक होल के आकार के साथ-साथ वजन के बारे में पढ़ने पर हैरानी होती है। अन्य विकसित देशों के बाद अब भारत ने भी ब्लैक होल व अन्य तारों के बारे में जानकारी प्राप्त के लिए अभियान शुरू किया है। समय की मांग को देखते हुए भारत को अपने बलबूते पर अंतरिक्ष विज्ञान में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करनी होगी। बहुत अच्छी बात है कि भारत का अंतरिक्ष मिशन विकसित देशों के मुकाबले कम लागत में बेहतरीन परिणाम दे रहा है और अन्य देश भी भारतीय अंतरिक्ष सेवा के माध्यम से अपने सैटेलाइट भेजने को इच्छुक हैं जो कि भविष्य में भारत के लिए एक नया व्यावसायिक जरिया बनेगा। इसरो की इस उल्लेखनीय सफलता के साथ भारत में शिक्षा के माध्यमिक व उच्च स्तर तक भौतिकी, गणित, इंजीनियरिंग, रसायन, खगोलिकी, आदि की शिक्षा को प्रोत्साहन देना चाहिए ताकि देश को और अंतरिक्ष वैज्ञानिक मिल सकें।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## ड्राइवरों की हड़ताल

**सरकार** द्वारा हिट एंड रन के खिलाफ बनाए कठोर कानून की प्रतिक्रिया में बसों और ट्रकों के ड्राइवरों ने हड़ताल कर दी है जिसका जनजीवन पर व्यापक असर पड़ सकता है। देश में सड़क दुर्घटना के दौरान प्रति घंटा 19 लोग मारे जाते हैं। गत वर्ष ही लगभग 1.70 लाख की मृत्यु हुई तथा 4.5 लाख घायल हुए। सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों की यह दर विश्व में सर्वाधिक है। इसके लिए प्रथमदृष्टया चालक ही जिम्मेदार हैं, हालांकि इसके अन्य कारण भी हैं। चालकों द्वारा गलत एंट्री व संकेत देने, रोड़ पर बत्ती संकेत व सेफ्टी कानून की अवहेलना तथा ओवरलोड व ग़लत ढंग से रोड़ शिफ्ट करने आदि से दुर्घटनाएं हो रही है। देश में 2,3 व 4 पहिया वाहनों का उत्पादन एवं बिक्री बढ़ने, अनियंत्रित गति व नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाने से अनुशासनहीनता बढ़ी है, जबकि यातायात के नियंत्रण का अमला भी पर्याप्त संख्या में नहीं है। कानून में दोषी को दस साल की सजा तथा सात लाख अर्थदंड के प्रावधान हैं। हालांकि, यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है और जनता की राय जानने के लिए रखा गया है। निश्चित रूप से ड्राइवरों के पक्ष पर भी विचार होना चाहिए।

– **बी एल शर्मा,** उज्जैन

## नकद लेनदेन

**डिजिटल लेनदेन** में वृद्धि हुई है, लेकिन नकद लेनदेन में भी कमी नहीं आई है। इसका प्रमुख कारण अनेक रियल इस्टेट डेवलपर्स और राजनेताओं के संकुचित हित हैं। भारत समेत दुनिया भर में नकद लेनदेन व डिजिटल लेनदेन की वृद्धि हुई है। यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने इस घटना को बैंक नोटों का विरोधाभास कहा है। हालांकि, वर्तमान समय में डिजिटलीकरण ने खुदरा लेनदेन में नकदी उपयोग को कम किया है। नवंबर में हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि पिछले सात वर्षों में भारत में 76 प्रतिशत रियल इस्टेट संपत्ति की खरीदारी नकदी से की गई थी तथा 15 प्रतिशत लोगों ने आधे से ज्यादा लेन-देन नकद में किया। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकों में गिरती ब्याज दरों और ग्रामीण इलाकों में अभी भी जारी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के कारण नकद लेनदेन में वृद्धि हुई है। चुनाव के दौरान बड़ी मात्रा में नकद लेनदेन होता है। राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार से नकद धन का प्रवाह बढ़ जाता है। तथ्य यह भी है कि भारी मात्रा में नकद लेनदेन बड़े पैमाने पर कालेधन के सृजन का भी कारण बनता है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

## प्रकृति की महानता

**मानव शरीर** का निर्माण प्रकृति का एक सर्वोत्तम उपहार है। इंसान चाहे कितनी ही उच्च क्वाालिटी का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई बना ले वह कुदरत के कहीं भी निकट नहीं पहुंच सकता है। प्रकृति में एक सुई की नोक पर सैकड़ों जीव आ सकते हैं, अपनी संताने बढ़ा सकते हैं और अपना भोजन प्राप्त कर सकते हैं। ऐसी एनेक खूबियां न सिर्फ प्राणियों, वरन वृक्षों और वनस्पति तक को प्रकृति ने दी हैं। इंसान तो अभी मंगल तक भी नहीं पहुंच पाया है, सूर्य तक पहुंचना तो बड़े दूर की बात है और प्रकृति ने तो कितना बड़ा ब्रह्मांड बना रखा है कि हमारे जैसी कई पृथ्वी, ग्रह और सूर्य उसने निर्मित करके रख दिए हैं। न इनके निर्माण की कहीं सामग्री दिखाई देती है और न ही कोई कारीगर। स्टीफन हाकिन जैसे वैज्ञानिक ने कहा था कि विज्ञान और तकनीक की असाधारण प्रगति के बावजूद हम ब्रह्मांड व प्रकृति के बारे में 20 प्रतिशत से अधिक नहीं जानते हैं। ऐसे में इंसानों को प्रकृति का सम्मान करते हुए कम से कम युद्ध कर उसके द्वारा निर्मित रचनाओं का संहार बिल्कुल नहीं करना चाहिए।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज दिखाई पड़ती है जातिः योगी

● मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मेरठ बस्ती, चंदौली, महोबा और बाराबंकी जनपदों के लाभार्थियों से किया संवाद

● कहा, साढ़े नौ वर्ष में 13 करोड़ से अधिक लोग गरीब रेखा के ऊपर आए





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है। वह लोग समाज को विभाजित करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा।

सीएम योगी मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना है।

सीएम योगी ने लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के तहत मेरठ, बस्ती, चंदौली, महोबा और बाराबंकी के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान वह प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 800 स्थानों पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से ऑनलाइन जुड़े। सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश में 642 मोदी गारंटी वैन चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के 57709 ग्राम पंचायतों में से अब तक 36983 ग्राम पंचायतों में मोदी गारंटी वैन पहुंच चुकी है। साथ ही 762 नगर निकायों में 1027 कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। अब तक प्रदेश के अंदर लगभग पौने तीन करोड़ लोगों से यह यात्रा जुड़ चुकी है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज जहां-जहां मोदी गारंटी वैन पहुंच रही है वहां हजारों की संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं, जहां भी वैन जा रही है वहां कैम्प लग रहे हैंए जिन लोगों को योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है उन्हें वहां ले जाएं और उनका रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से आच्छादित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण गुलामी की मानसिकता से मुक्त, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिक कर्तव्य की बात करते हुए कहा कि जब 140 करोड़ लोग एक स्वर और नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे तो दुनिया की कोई ताकत विकसित भारत बनने से रोक नहीं सकती है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की मेहनत का परिणाम है कि आज प्रदेश के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख गरीबों को घर मिला है, तीन करोड़ लोगों को शौचालय, 1ङ75 लाख गरीबों को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शनए 1 करोड़ 54 लाख परिवारों को फ्री में बिजली का कनेक्शन, 1 लाख 21 हजार गांवों तक बिजली पहुंची है, 10 करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना से कवर हुए हैं और 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। यह योजनाएं आज हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक परिवर्तन का आधार बन रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्ष में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठ बढ़ने के साथ ही देश के अंदर अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लोगों को मिल रहा है। दुनिया की एजेंसियां यह मानती हैं कि भारत में साढ़े नौ वर्ष में 13 करोड़ से अधिक लोग गरीब रेखा के ऊपर आए हैं। किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम दिया जा रहा है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से कृषकों के जीनव में व्यापक परिवर्तन आया है।

सीएम योगी ने कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों और जागरुक नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मोदी गारंटी वैन का अधिक से अधिक प्रचार करें। ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत करें, जिससे हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। देश के हर व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आने पर 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को चरितार्थ होते देख पाएंगे।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी, भारतीय जनता पार्टी के सांसदए विधायक, पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## दिगम्बर अखाड़ा के महंत को देखने मेदान्ता पहुंचे सीएम



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर वहां पर भर्ती दिगम्बर अखाड़ा के महंत सुरेश दास से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों से महंत सुरेश दास के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी भी ली। महंत सुरेश दास विगत एक सप्ताह से मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। यहां उनका इलाज चल रहा है। महंत सुरेश दास साकेतवासी महंत रामचन्द्र परमहंस के शिष्य हैं। श्रीराम मंदिर आन्दोलन में दिगम्बर अखाड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 1990 की कारसेवा के दौरान दिगम्बर अखाड़ा आन्दोलन का केन्द्र था। दिगम्बर अखाड़े से गुजरने वाली सड़क पर ही पुलिस ने रामभक्तों पर गोलियां चलाई थी।

# अयोध्या की सुरक्षा व स्वच्छता से समझौता नहीं: मुख्यमंत्री

● अलौकिक, अभूतपूर्व व अविस्मरणीय होगा रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह

● अतिथियों, पर्यटकों व श्रद्धालुओं के आगमन को सुखद, संतोषप्रद बनाने के लिए राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। यह उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का सुअवसर भी है। उन्होंने कहा है कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों तथा उसके बाद पर्यटकों/श्रद्धालुओं के आगमन को सुखद, संतोषप्रद अनुभव के लिए राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। जमसहयोग से अयोध्या नगरी सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का मानक होगी। मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अवधपुरी में भव्य-दिव्य श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण में श्रीरामलला के विराजमान होने की प्रतीक्षा पूरी होने में अब कुछ ही दिवस शेष हैं। यह श्रीराममंदिर राष्ट्रमन्दिर के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पूरे देश से गणमान्य जनों का आगमन हो रहा है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर पूरी अवधपुरी की भव्य साज-सज्जा की जानी चाहिए। श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए यातायात प्रबंधनए प्रोटोकॉल के अनुरूप अतिथियों के स्वागत-सत्कार हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं।

राज्य सरकार द्वारा अवधपुरी में संचालित किए जाने वाले भोजनालय/भंडारा को 'माता शबरी' के नाम पर स्थापित किया जाए। इसी प्रकार रैन बसेरे को निषादराज गुह्य अतिथि गृह के रूप में विकसित किया जाएगा। अन्य भवनों के नामकरण भी इसी प्रकार रामायणकालीन चरित्रों के नाम पर किया जाएगा। 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 8वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की 9 भाषाओं में साईनेज हों।

प्रयागराज- अयोध्या,गोरखपुर. अयोध्या, लखनऊ-अयोध्या, वाराणसी-अयोध्या मार्ग पर स्मार्ट साइनेज लगाये जाएं। विभिन्न भाषाओं में सूचना प्रसारित हो। इन मार्गों पर अतिक्रमण कतई न हो। स्वच्छता हो। रेहड़ी-पटरी व्यवसायी न हो। क्रेन, एम्बुलेंस की उपलब्धता हो। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संबंधित जनपदों को निर्देशित किया जाए। श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अयोध्या आगमन के लिए प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ से वॉल्वो बसों और हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ने के लिए तैयारी करें। अयोध्या में तीन हेलीपैड तैयार हैं, इनका समुचित उपयोग होना चाहिए। अयोध्या की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। प्राण प्रतिष्ठा समारोह तथा उसके बाद अयोध्या में सतत रूप से पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। सेफसिटी की परियोजना को बिना देरी तत्काल लागू करें। सीसी टीवी कैमरे लगवाएं। 22 जनवरी से पहले अयोध्या की आईसीसीसी एक्टिव करें। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की हॉस्पिटैलिटी की उत्कृष्ट सुविधा होनी चाहिए। अयोध्या में कहीं भी अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। नया घाट से टेढ़ी बाजार मार्ग पर दोनों ओर रेलिंग लगाएं। रेलिंग की साज-सज्जा भी की जानी चाहिए। सार्वजनिक प्रसाधन स्थलों की नियमित साफ सफाई होनी चाहिए। फ्यूल पम्पों पर प्रसाधन कक्षों की साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद सरयू जी की आरती की परंपरा प्रारंभ कराई गई। इसे और व्यवस्थित और आकर्षक बनाए जाने की आवश्यकता है। अर्चकों का प्रशिक्षण भी कराया जाना चाहिए। अयोध्या का एक डिजिटल टूरिस्ट एप विकसित करें।

उसमें अयोध्या में मौजूद सभी आधारभूत सुविधाओं एवं प्रमुख स्थलों की जानकारी वॉक थ्रू के माध्यम से उपलब्ध हो। अयोध्या में देश-विदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कराई जाएं। प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित हो। सरयू जी में नावों पर 'सांस्कृतिक कला नौका यात्रा' का आयोजन किया जाना चाहिए। मकर संक्रान्ति से प्रदेश के सभी आध्यात्मिक स्थलों व मंदिरों में भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन कराया जाए।

# संघ प्रचारक हृदयनाथ सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

● बीजेपी मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह और राष्ट्रीय सह महामंत्री संगठन शिव प्रकाश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह के जौनपुर स्थित पैतृक आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह के पार्थिव देह पर भाजपा का ध्वज ओढाकर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी मुख्यालय पर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सुरेश खन्ना, धर्मपाल सिंह, जयवीर सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, प्रदेश मंत्री त्रयंबक त्रिपाठी, अभिजात मिश्र, मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह प्रभारी लक्ष्मण चौधरी, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी जय प्रकाश चतुर्वेदी, विंध्यवासिनी कुमार, महापौर सुषमा खड़कवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्री हृदय नाथ सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हृदय नाथ सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह का निधन अत्यंत पीड़ादायक है। उनका सम्पूर्ण जीवन जनसेवा व राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहा और उनकी कार्यकुशलता और संगठन के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणीय है। मेरी संवेदना शोकाकुल परिजनों के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व समाज की सेवा में सतत समर्पित रहे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह जी का निधन अत्यंत दु:खद है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल स्वयंसेवकों व परिजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति दें।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्व संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह के निधन का समाचार सुनकर स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को विपदा की इस घड़ी में संबल प्रदान करे। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह के निधन की सूचना अत्यंत दु:खद है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा शोक संतृप्त परिजनों व समर्थको को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# सात वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

● अखिल कानपुर के पुलिस आयुक्त और डीके ठाकुर मेरठ व केएस प्रताप गोरखपुर जोन के नए एडीजी बने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने पुलिस महकमे में अहम फैसला करते हुए सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें कानपुर के पुलिस आयुक्त, गोरखपुर और मेरठ जोन के एडीजी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार डॉ. रामकृष्ण स्वर्णकार को कानपुर पुलिस आयुक्त के पद से हटाते हुए उन्हें सीतापुर एपीटीसी का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। वहीं गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार को कानपुर का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह केएस प्रताप कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी लखनऊ से अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन का प्रभार सौंपा गया है। ध्रुवकांत ठाकुर को अपर पुलिस महानिदेशक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ स अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन बनाया गया है। सुजीत पाण्डेय को अपर पुलिस महानिदेशक, एपीटीसी सीतापुर से अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी लखनऊ भेजा गया है। अशोक कुमार सिंह को पुलिस मुख्यालय से पुलिस महानिदेशक, उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की चुनाव में जनमत बनाने में बड़ी भूमिकाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने मंगलवार को नव वर्ष पर गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कलाकारों को प्रोत्साहित किया और देर तक उनके गीत सुने। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की चुनाव में जनमत बनाने में बड़ी भूमिका होगी। पूर्व सांसद एवं हिंदी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कवि एवं लेखक क्रांति का संदेश देते है। उन्होंने अपनी कविताओं का पाठ भी किया। इस अवसर पर बलराम यादव एवं राजेंद्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित विशंभर प्रसाद निषाद पूर्व सांसद, समाजवादी पार्टी केरल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. साजी पोथेन थामस, नूरपुर से सपा विधायक राम अवतार सैनी, विधायक आशु मलिक, रविदास मेहरोत्रा विधायक, एमएलसी जासमीर अंसारी, समेत बड़ी संख्या में नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव और प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी ने किया।

# प्रदेश सरकार अयोध्या में सजाएगी वैश्विक राम दरबार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ अयोध्या

**प्रभु** श्रीराम की वैभव का जितना भी बखान किया जाए, कम ही होगा। वह न केवल जनप्रिय युवराज थे, बल्कि परम आज्ञाकारी पुत्र, संन्यासी राजा, महा पराक्रमी योद्धा, मर्यादा पुरुषोत्तम उत्तम गुणवान पुरुष, पत्नीव्रता पति, परम अनुरागी ज्येष्ठ भ्राता और रिपु/वंसक क्षमतावान होते हुए भी क्षमा, करुणा व शरणागत के संरक्षण को प्राथमिकता देने वाले करुणासागर थे। उनके इन्हीं सद्गुणों और उत्तम चरित्र से न केवल भारत बल्कि दुनिया के कई देश नसीहत लेते हैं और यही कारण है कि प्रभु श्रीराम न केवल भारत बल्कि वैश्विक आस्था का प्रतीक केंद्र भी हैं। इसी भावना को देश-विदेश में वृहद स्तर पर प्रचारित.प्रसारित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रभु श्रीराम को वैश्विक आस्था के केंद्र के तौर पर प्रचारित-प्रसारित करने के लिए अवधपुरी अयोध्या में देश-विदेश के 18 से ज्यादा रामलीला स्वरूपों का मंचन कराएगी। इसके अतिरिक्त प्रभु श्रीराम को केंद्र में रखकर विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक लोक कला व आध्यात्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

यूं तो रामलीला का मंचन भारत के विभिन्न प्रांतों में स्थानीय परंपरागत शैली के अनुरूप होता ही है मगर विदेशों में भी रामलीला के कई प्रारूपों का मंचन होता है। ऐसे में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मकर संक्रांति (15 जनवरी) से 22 जनवरी के मध्य इन विभिन्न रामलीला प्रारूपों का मंचन अयोध्या के विभिन्न सांस्कृतिक केंद्रों में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अब जब 500 वर्षों के पश्चात नव्य अयोध्या सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रूप से और समृद्ध दिखेगी, तो वहीं 22 जनवरी 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विरामजान होंगे। इस अवसर को योगी सरकार अद्वितीय, अविस्मरणीय व अलौकिक बनाएगी। एक तरफ जहां देश-विदेश के कलाकार रामायण आधारित रामलीला की प्रस्तुति देंगे तो वहीं लोकपरंपराओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। योगी सरकार इस आयोजन के जरिए वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी समेत अयोध्या आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को श्रीराम के आदर्शों व मूल्यों से अवगत कराने का अनुपम प्रयास करने जा रही है।

## अस्सी, नमो घाट और स्वर्वेद मंदिर के लिए खुलेंगे नई पर्यटक पुलिस चौकी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार नए साल में तीन नई पर्यटक पुलिस चौकी खुलेगी। वाराणसी में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए योगी सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर काफ ी संकल्पित है। काशी आने के बाद पर्यटक भयमुक्त होकर घूम सके और उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस वाराणसी में तीन नए पर्यटक पुलिस चौकी खोलेगी। नए साल पर सौगात के रूप में अस्सी घाट नमो घाट और स्वर्वेद मंदिर में भक्तों और पर्यटकों की संख्या बढ़ने से यहां भी पर्यटक पुलिस चौकी खोलने की योजना है। नव्य व दिव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम के उद्घाटन के बाद और विकास के मॉडल नई काशी को देखने के लिए वाराणसी में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। काशी आने वाला पर्यटक बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के साथ ही घाटों का रुख जरूर करते हैं। सैलानी गंगा में आस्था की डुबकीए सुबह-ए-बनारस, गंगा आरती और नौका विहार का आनंद लेते हैं।

# आसमानी आफत को रोकेगी सरकार, लगेंगे 50 नए लाइटनिंग डिटेक्शन सेंसर्स नेटवर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने आसमानी बिजली से होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने के लिए लाइटनिंग डिटेक्शन सेंसर्स नेटवर्क की स्थापना और अर्ली वार्निंग सिस्टम्स को बड़ी संख्या में लगाने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेशभर में 50 नए लाइटनिंग डिटेक्शन सेंसर्स नेटवर्क की स्थापना की जाएगी जबकि आसमानी बिजली के अलर्ट को लोगों तक रियल टाइम पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में 5 हजार अर्ली वार्निंग सिस्टम्स की स्थापना की जाएगी। साथ ही योगी सरकार वज्रपात (आसमानी बिजली) रेजीलिएंट के तहत बचाव के लिए जन-जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन भी कर रही है।

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आसमानी बिजली से होने वाली जनहानियों को कम से कम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। ऐसे में इसे कम करने के लिए सर्वे करा कर तीन स्तर पर काम किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर में 50 नये लाइटनिंग डिटेक्शन सेंसर्स नेटवर्क और संवेदनशील इलाकों में अर्ली वार्निंग सिस्टम की स्थापना की आवश्यकता को महसूस किया गया। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा गया, जिसे सीएम योगी ने हरी झंडी दे दी है। इस पर प्रदेशभर में लाइटनिंग डिटेक्शन सेंसर्स नेटवर्क को तीन चरण में स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत पहले चरण में 37 जनपदए दूसरे चरण में 20 जनपद और तीसरे चरण में 19 जनपद को कवर किया जायेगा। इस सभी नेटवर्क को मौसम विभाग के तकनीकी सहयोग से स्थापित किया जाएगा। बता दें कि आसमानी बिजली से जनहानि को कम करने के लिए सर्वे कराया गया है। इसमें पाया गया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलाजी तथा मौसम विभाग द्वारा आसमानी बिजली के सटीक पूर्वानुमान के लिए लगाये गये लाइटनिंग डिटेक्शन सेंसर्स की संख्या कम है। ऐसे में वज्रपात किस स्थान पर घटित होगा तथा किस समय घटित होगा, का सटीक पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं है। ऐसे में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में वज्रपात से सर्वाधिक प्रभावित सोनभद्र के दुद्धी ब्लाक में अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाया गया। इसमें पाया गया कि पूरे प्रदेश में वज्रपात के सटीक पूर्वानुमान के लिए लाइटनिंग डिटेक्शन सेंसर्स नेटवर्क तथा अर्ली वार्निंग सिस्टम की स्थापना किया जाना आवश्यक है।

आसमानी बिजली को लेकर कराये गये सर्वे में प्रदेश के सभी 75 जिलों में 5 हजार संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गयाए जहां वज्रपात समेत अन्य आपदाओं की पूर्व चेतावनी के प्रसार के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम की स्थापना आवश्यक है। ऐसे में प्रदेश के चिन्हित सभी 5 हजार संवेदनशील स्थानों पर अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं सर्वे के आधार पर राहत आयुक्त कार्यालय और मौसम विभाग के साथ मिलकर वेब बेस्ड इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम को तैयार किया गया है। इसके माध्यम से 2.15 करोड़ ग्रॉसरूट कर्मियों तथा समुदाय के लोगों को वज्रपात होने के एक घंटे पहले अलर्ट कॉल की जा रही है। इससे वर्तमान में जनहानियों में काफी कमी आयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में आपदाओं से होने वाली जनहानि को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 'वज्रपात सुरक्षा अवेयरनेस प्रोग्राम' का संचालन किया जा रहा है। यह प्रोग्राम प्रदेश के वज्रपात से अति प्रभावित एवं संवेदनशील जनपदों सोनभद्र, मिर्जापुर, प्रयागराज एवं ललितपुर में किया जा रहा है। इन जनपदों के समस्त 51 विकास खण्ड पर विकासखंड स्तरीय कार्यशाला एवं समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। माइकिंग के माध्यम से भी इन जनपदों के समस्त ग्राम पंचायतों में

# चक्का जाम से पेट्रोल-डीजल की मारामारी

## पंपों पर वाहनों की लग रही कतारें

**फत्तेहपुर।** केंद्र सरकार के वाहन संबंधी नए कानून लागू किये जाने के विरोध को लेकर ट्रांसपोर्ट संगठनों की हड़ताल का असर जनपद में भी दिखाई देना शुरू हो गया है। वाहनों के चक्का थमने से बाहर से नियमित रूप से आने वाली रोजमर्रा के उपयोग की दैनिक वस्तुओं की सप्लाई के साथ ही पेट्रोल व डीज़ल की सप्लाई बाधित होना शुरू हो गई है। पेट्रोल डीजल की आपूर्ति गड़बड़ा जाने से पंपों पर वाहनों की कतारें लगना शुरू हो गई है। रोज कमाने खाने वाली लोगों में अपने बजट के हिसाब से नियमित रूप से अपने वाहनों में पेट्रोल व डीजल भरवा जाता है। रोज की तरह जब लोग पेट्रोल पंप पर पहुंचे तो वहां उन्हें वाहनों की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली। ऐसे में उन्हें अपने अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाने के लिये काफी देर तक लंबी लाइने लगानी पड़ी।

आपूर्ति में कमी तो देने वाली मात्रा सीमित की: पेट्रोल डीजल की सप्लाई में कमी को देखते हुए पेट्रोल पंप कर्मियों ने बाइकों, स्कूटरों में तेल देने की मात्रा को सीमित कर दिया। बाइकों को जहां दो से तीन सौ का अधिकतम व कार को एक हज़ार रुपये तक का सीमित फ्यूल दिया जा रहा है। पम्प कर्मियों का कहना रहा कि पेट्रोलियम कम्पनी से प्रतिदिन उनकी आपूर्ति को आने वाले टैंकरो के आने का सिलसिला कम होने की वजह से उनके स्टाक में कमी आई है। लोगों की समस्याओ को देखते हुए सभी को पेट्रोल व डीज़ल सीमित मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। हड़ताल आगे बढ़ने के डर से कर रहे जमाखोरी: वाहनों की हड़ताल के लंबा चलने को लेकर लोगों के अंदर भी कहीं न कहीं भय है। ऐसे में ज़रूरत को देखते हुए लोग अपने-अपने वाहनों में पेट्रोल व डीज़ल भरवाकर जमाखोरी कर रहे हैं।

## काले कानून के विरोध में किया वाहन चालकों ने प्रदर्शन



**संडीला,हरदोई।** भाकियू सावित्री गुट के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवीन सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में वाहन चालकों के साथ प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। नवीन हिट एंड रन कानून के विरोध में भाकियू नेता रफीक लंबू के नेतृत्व में जनपद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों वाहन चालकों के साथ इमलियाबाग अतरौली रोड से विरोध प्रदर्शन शुरू किया जो नगर के मुख्यमार्ग से होता हुआ नवीन तहसील तक पहुंचा। वाहन चालक एवं कार्यकर्ता ष्काला कानून वापस लोष् के नारे लगा रहे थे। इसी अवसर पर रफीक लंबू ने वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चालक गरीब मजदूर और किसान परिवार से ही आते हैं। वाहनों के स्वामी और ट्रांसपोर्टर उन्हें 5.6 हजार रुपए मासिक वेतन देते हैं। कल्पना की जा सकती है कि दुर्घटना होने की स्थिति में चालक को दस साल की सज़ा और 7 लाख रुपए जुर्माना भुगतना होगा। इससे वाहन चालक का जीवन बर्बाद हो जाएगा और उनके परिवार तबाह हो जाएंगे। उन्होंनें कहा कि जिस प्रकार पूर्व में इन्श्योरेंस कंपनिया क्षतपूर्ति देने का कार्य करती थींए वही व्यवस्था लागू रहनी चाहिए और इस नवीन हिट एंड रन कानून को वापस लिया जाना चाहिए। इस मौके पर ड्राइवर यूनियन अध्यक्ष सनोवर अलीए अयाज़ अंसारीए चांद बाबूए मुकेशए विजयए मुन्नाए राजाए शरीफखान आदि मौजूद रहे। बाद में एसडीएम तान्या सिंह को देश के परिवहन मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें इस कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की गयी।

## फर्रुखाबाद में ट्रक ड्राइवरो की चक्का जाम हड़ताल के दूसरे दिन दिल्ली समेत कई रूटों पर 26 रोडवेज बसों का संचालन शुरू

**फर्रुखाबाद ।** हिट एंड रन कानून के विरोध में उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में रोडवेज ड्राइवरों की बिना किसी नोटिस कें शुरू चक्का जाम हड़ताल से आज काम पर वापस आए ड्राइवरो द्वारा दूसरे दिन फर्रुखाबाद रोडवेज से दिल्ली के लिए पांच समेत 26 वसो का विभिन्न रूटों पर संचालन शुरू हो गया। यह जानकारी फर्रुखाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आरसी यादव ने दी। उन्होंने बताया कि फर्रुखाबाद डिपो से रोडवेज की 104 वसो का विभिन्न रूटों पर संचालन करने वाले ड्राइवर बिना किसी नोटिस के अचानक सोमवार से चक्का जाम हड़ताल पर चले गए थे।जिससे प्रतिदिन करीब 10000 यात्रियों का आवागमन प्रभावित हुआ साथ ही औसतन 12 लाख की आय का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि बिना किसी नोटिस के हड़ताल करने वाले ड्राइवरों की गलत फहमियों को दूर करके कि् हिट एंड रन मामले में अभी तक एमबी एक्ट में कोई कानून नहीं आया ड्राइवर को समझाया गया। इसके बाद कम पर वापस लौटे ड्राइवर में से पांच बसें दिल्ली के लिए एवं 21 बसें अन्य रूटो पर रवाना की गई। प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि अनुबंधित 21 बसों में से 1 वस का संचालन आज शुरू हो गया है और के मालिकान चाहते हैंकि उनकी अनुबंधित बसें जल्दी ही चलने लगे ताकि यात्रियों को परेशानियां न हो। आज कड़ाके की ठंड से वस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ कम थी। उन्होंने बताया कि बसो के संचालन में पुलिस की पूरी मदद मिल रही हैऔर रोडवेज की सभी बसो का चलना जल्दी शुरू हो जाएंगा। इधर जिले में वड़ी संख्या में माल वाहक ट्रको एवं प्राइवेट बसोंके ड्राइवर को वाहनों को खड़ा करके चक्का जाम हड़ताल किए हुए हैं जिसका प्रभाव कड़ाके की ठंड में जनजीवन पर पडना शुरू हो गया है।

### हड़ताल से आलू की आमद कम,भाव में आया उछाल

फर्रुखाबाद । बीते दिनों से चल रही ट्रक चालकों की हड़ताल से आलू मंडी में आमद कम हो गयी है । जिससे आलू के भाव में उछाल आ गया है ।दरअसल शहर की सातनपुर आलू मंडी में सामान्य रूप से वर्तमान में 125 से 130 मोटर आलू की आमद थीद्य लेकिन ट्रक चालकों की हड़ताल से मंगलवार को काफी असर देखनें को मिला । आलू केबल 40 मोटर ही आमद हुई । जिससे आलू के भाव में 100 से 150 रूपये उछाल आ गया । वहीं मंगलवार को आलू 701 रूपये से लेकर 821 रूपये कुंतल बिक्री किया गया । कई गांवों में तेजी की खबर सुनकर किसान अपना आलू खुदाई करने में जुटे हैं ।

## क्विक न्यूज

### परिवहन आयुक्त का आदेश आते ही हमीरपुर रोडवेज बसे अपने रुट के लिये हुई रवाना

**हमीरपुर।** जिले में हिट एंड रन में सजा एवं जुर्माना बढ़ाये जाने के विरोध में रोडवेज की हड़ताल मंगलवार को शाम सभी बस चालकों ने बसे लेकर अपने गंतब्य स्थल को रवाना हो गयैं प्रभारी एआरएम का कहना है कि परिवहन आयुक्त के आदेश के आते ही स्थानीय रोडवेज बसों का संचालन शुरु कर दिया गया है। प्रभारी रोडवेज के एआरएम एसके पांडेय ने मंगलवार को बताया कि कल से रोडवेज बसों का संचालन बंद था आज परिवहन आयुक्त ने एक आदेश जारी कर कहा है कि नियम अभी पूरी तरह लागू नही हुआ है। नियम लागू करने के पहले उसे परिभाषित किया जायेगा। रोडवेस बसों के संचालन न होने से आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिये एआरएम सभी बसों का संचालन नियत रुट मे सुनिश्चित करे। एआरएम श्री पांडेय का कहना है कि विभागीय अधिकारियों का सख्त आदेश आते है सभी बसों को संचालन कर दिया गया है हालाकि कानपुर लखनऊ महोवा झांसी जाने वाली बसों के चालकों को रास्ते में रोका जा रहा है और मारपीट भी की जा सकती है पुलिस का सहारा लिया जायेगा। बसों के संचालन होने से सुवह से घूम रही सवारियों के चेहरे खिल उठे। हालाकि अभी तक कानपुर से एकक भी रोडवेज बस नही हमीरपुर आयी है। इधर मौदहा में ट्रक चालकों ने आज रोड जाम कर अपना विरोध व्यक्त किया। फिलहाल डग्गामार वाहन व ट्रक चालक हडताल पर है। जिससे यातायात काफी प्रभावित हो रहा है।

### गोद लिए टीबी मरीजों को बांटी पोषण सामग्री

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के संयोजकत्व व चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में राज्यपाल की मंशानुरूप टीबी अस्पताल परिसर में गोद लिए पचास क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरण व मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ निशात शहाबुद्दीन व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ वकील अहमद सिद्दीकी उपस्थित रहे। संचालन चेयरमैन व स्वीप आइकॉन ने किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को बैज अलंकृत व माल्यार्पण आजीवन सदस्यों ने किया। मुख्य अतिथि ने क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी आजीवन व कार्यकारिणी सदस्यों ने भी क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान की। साथ ही रेडक्रास के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सुरेश श्रीवास्तव, स्मिता सिंह, चैतन्य कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव, गोरेलाल को शाल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। आजीवन सदस्यों व क्षय रोगियों के ऊपर पुष्पवर्षा कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। डॉ अनुराग ने सभी को मतदान हेतु जागरूक कर मतदाता शपथ भी दिलाई। साथ ही सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### पुत्र का अपहरण होने पर डीएम की चौखट पर परिवार

फतेहपुर। छह दिन पूर्व पुराने घर से गांव के बाहर बने नये मकान में सोने के लिए गये युवक का अराजकतत्वों ने अपहरण कर लिया। परिवारीजन युवक की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। पुलिस को शिकायती पत्र देने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई न होने से आहत परिवार मंगलवार को डीएम की चौखट आकर जमकर गिड़गिड़ाया और पुत्र की सकुशल बरामदगी करवाए जाने की गुहार लगाई। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम उरौली निवासी राजेंद्र साहू पुत्र स्व. छेदालाल साहू अपने परिवार व गांव वालों के साथ मुख्यालय स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसका पुत्र आशीष कुमार 28 दिसंबर 23 को सांय लगभग रात्रि साढ़े नौ बजे पुराने घर से गांव के बाहर बने नये मकान में सोने के लिए निकला था लेकिन वह गन्तव्य तक नहीं पहुंचा। अराजकतत्वों ने अपराधी मानसिकता से उसका अपहरण कर लिया। उसने अपने रिश्ते व जान-पहचान के यहां ढूढ़ा लेकिन आज तक उसका पता नहीं चला। उसने तत्काल ललौली थाने में गुमशुदगी की प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित कराई। ललौली पुलिस व सीओ जाफरगंज ने शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिवार को आशंका है कि एकलौता पुत्र होने के नाते रूपये की मांग को लेकर हत्या भी की जा सकती है। ऐसी स्थिति में वह और उसका परिवार भीषण अवसाद में है। जानकारी मिली है कि पकड़े गये अपहरणकर्ताओं का संपर्क लखनऊ में उच्च पद पर बैठे अधिकारियों से है। जिसके प्रभाव से पुलिस ने प्रभारी कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार ने मांग किया कि एसटीएफकी टीम गठित कर पुत्र को सकुशल ढूढ़ने का प्रयास किया जाए।

### डीएम ने 42 फरियादियों की सुनीं शिकायतें

फतेहपुर। मंगलवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सरल एवं सहज भाव से सुना। फरियादियों को आश्वस्त किया कि समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतो का निस्तारण किया जायेगा। आज जनता दर्शन के दौरान 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाये।

### हमास से तबाह इजरायल को बसाने को अब तक 163 कामगार तैयार

**फतेहपुर।** हमास के हमलों से तबाह हुए इजरायल की धराशाई हुईं इमारतों को नवीन वजूद देने को इस जिले से भी 248 कामगार निर्माण के सहभागी बनेंगे। इजराइल की भारत सरकार से मदद मांगने पर प्रदेश सरकार ने कुशल व अकुशल कारीगरों को भेजने का निर्णय लिया है। इसी बिनाह पर हरेक जिले से कामगारों की सूची मांगी गई है। अब तक 163 आवेदन आ चुके हैं। जिले में राजमिस्त्री, कारपेंटर, बिल्डिंग कार्य करने वाले कामगारों की संख्या बाईस सौ के करीब है। अकुशल कामगारों की संख्या एक लाख पार है। जिनकी उम्र 21 से पचास वर्ष के बीच है। जिले से 248 श्रमिक मांगे गए हैं। पंजीयन सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में शुरू हो चुका है। इजरायल जाने वाले कामगारों को इजरायली मुद्रा के अनुसार महीने में छः हज़ार एक सौ शेकेल का भुगतान किया जाएगा, जो कि भारतीय मुद्रा में करीब 1.39 लाख रुपये बनता है। वीजा, पासपोर्ट का जिम्मा सरकार काः इजरायल भेजे जाने वाले श्रमिकों को चार श्रेणी में बांटा गया है। मसलन, टाइल्स, बिल्डिंग स्ट्रक्चर, प्लास्टर वर्क, आयरन वेल्डिंग क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को ही भेजा जाएगा।

### सपा नेताओ ने लोकसभा चुनाव में सपा की जीत के लिए शेखपुर की मजार पर चादर चढ़ाकर दुआ मांगी

**फर्रुखाबाद ।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने लोकसभा प्रभारी इरफान उल हक कादरी, सिराजुल आफाक मुन्नाए निजाम अंसारी, राकेश दिवाकर राका, बिल्लू श्रीवास्तव आदि समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ कमालगंज स्थित शेखपुर की मजार पर जाकर आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उनकी मजार पर चादर चढ़कर दुआ मांगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लोकसभा क्षेत्र फर्रुखाबाद के कार्यक्रम में भीड़ उमड़ी उससे साफजाहिर है की जनता का ध्यान अब भाजपा की ओर से हट चुका है, झूठ और फरेब की राजनीति का अब शीघ्र अंत होने वाला है । आने वाले लोकसभा चुनाव में हम सभी समाजवादी लोग एकजुट होकर के अपने प्रत्याशी को जीतने का काम करेंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकारी योजनाओं का किया प्रचार

फर्रुखाबाद। जनपद के सभी विकास खंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के जहानगंज मंडल के कमालगंज विकासखंड के ग्राम अहमदपुर देवरिया में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक अभियान है 2047 तक भारत को विश्व के सबसे विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आवाहन किया है उनके इस आवाहन के बाद केंद्र व प्रदेश सरकार ने सभी गांव और शहरों में पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्यक्रम चलाया है जिसमें भाजपा संगठन के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने जिम्मेदारी निभाते हुए पत्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गांव और शहर चलो अभियान चलाया है। 2014 के बाद भारत नई दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है 2014 से पहले जिन बुनियादी सुविधाओं का लाभ गांव और शहर की जनता को नहीं मिल रहा था ऐसे लोगों को मोदी सरकार लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से गांव और शहरी क्षेत्र में उत्साह का माहौल है लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भागीदारी कर रहे हैं जिसमें महिला वर्ग बड़ी संख्या में शामिल होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रही है। इस कार्यक्रमों में लापरवाही करने वाले अफसरों बक्सा नहीं जाएगा। लोकसभा के आम चुनाव से पहले 26 जनवरी तक इस कार्यक्रम को चलाया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने कहा 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित है इसके लिए सभी लोग 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में इस कार्यक्रम को पूरी उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाए।

### दुर्घटना में वृद्धा व बालक की मौत,पांच घायल

**फर्रुखाबाद ।** मायादेवी कोतवाली कायमगंज के ग्राम पपड़ी मिल्किया निवासी विष्णु दयाल जाटव की 60 वर्षीय पत्नी थी।जबकि अभय कासगंज जनपद के थाना दरियाब गंज के नगला भाजत निवासी महेश चंद्र का सात वर्षीय पुत्र था।दुर्घटना में शमशाबाद के सिकंदर पर निवासी ब्रजभान की 60 वर्षीय पत्नी रेशमा देवी,बेटे महेश की दो वर्षीय पुत्री सुरभि,एक वर्षीय पुत्र कार्तिक,श्रीमती सुशीला,श्रीमती वेशनवी घायल हो गए।सभी लोग दरियाबगंज स्टेशन से कायमगंज स्टेशन पहुंचे,बहा से ई रिक्शा से घर जा जा रहे थे।जब ई रिक्शा रास्ते में वरझाला मार्ग से गुजर रहा था, उसी समय फर्रुखाबाद की ओर से तेजी से आए ।

### ठंड से अधेड़ की मृत्यु

**हमीरपुर।** जिले में बिवार क्षेत्र में मंगलवार को शाम ठंड से एक अधेड़ की मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के महेरा गांव निवासी चरन सिंह;55द्ध को घर में अचानक तेज सर्दी लगी जैसे ही चरन सिंह चारपाई से उठा वह अचानक गिर गया परिवारीजन उसे जिला अस्पताल ले गये जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कोपोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### तमंचे से फायर कर फैलायी दहशत, किशोर घायल

**हमीरपुर ।** जिले के जलालपुर क्षेत्र में सोमवार को रात दो बजे रामलीला कार्यक्रम में दबंगों ने फिल्मी स्टाइल से अवैध असलहे से जमकर फायरिगं की जिसमे एक किशोर बुरी तरह जख्मी हो गया। डाक्टरों ने उसे गंभीर हालत में उरई इलाज के लिये रिफर कर दिया है पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के पटरिया डेरा गांव में रामलीला कार्यक्रम हो रहा था तभी कुछ लोग बुलेरों गाड़ी से आये और अवैध असलहो से फायरिंग शुरु कर दी जिससे गांव का 14 वर्षीय निवेन्द्र राजपूत बुरी तरह घायल हो गयाण् उसे घायल अवस्था में सीएचसी सरीला में भर्ती कराया गया़ जहा पर डाक्टरों ने गंभीर हालत में निवेंद्र को मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया गया है। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुची तभी दंबग भाग गये पुलिस ने बोलेरों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। पुलिस ने दावा किया है कि शीघ्र की आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### आस्था की चौखट पहुंचा अयोध्या का निमंत्रण

फतेहपुर। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पत्र बंटने की शुरुआत मंगलवार से हो गई। सनातनी परंपरा के अनुरूप पहला निमंत्रण देवी-देवता को देकर 22 जनवरी को रामनगरी का बुलावा दिया गया। इस मुहिम का आगाज राष्ट्रीय सेवक संघ के स्वयंसेवियों तथा विचार परिवार के सदस्यों ने किया। शहर के आवास विकास क्षेत्र के प्रत्येक मंदिर में ढोल मंजीरो के साथ राम नाम संकीर्तन करते पूजा, अर्चना, वंदना करते हुए मंदिर में विराजमान देवी और देवताओं से 22 जनवरी को अयोध्या के श्री राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया। यह मुहिम 15 जनवरी तक चलनी है। जिसमें हर घर तक दस्तक देकर भक्तों को मंदिर पधारने का निमंत्रण दिया जाएगा।

### पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को पकड़ा

गुरसहायगंज (कन्नौज)। उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण हेतु हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चित्तरपुर्वा स्थित चेतराम की बगिया में छापेमारी की। जहां एक संदिग्ध युवक पुलिस बल को देखकर भाग खड़ा हुआ जिसे पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर हिरासत में ले लिया गया। पुलिस नें युवक के पास से एक 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने अल्पसंख्यक मोर्चा नेता का किया भव्य स्वागत

**संडीला,हरदोई ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान राष्ट्रीय मंत्री शफात हुसैन का भव्य स्वागत किया। वक्फविकास निगम उत्तर प्रदेश के निदेशक एवं अल्पसंख्यक मोर्चा नेता शफात हुसैन का संडीला सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा नेता प्रशांत पाण्डेयए उमेंश सूर्या समेत तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंनें अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों के साथ अल्पसंख्यक समुदाय के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

## शादी से मना करने पर सुला दिया था मौत की नींद

**फत्तेहपुर।** आठ माह पूर्व जाफरगंज सर्किल के लखीपुर के पास बरामद अज्ञात शव, खागा सर्किल के टेनी गांव की शालू का था। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था। जिसमें प्रेमी, शादी करना चाहता था जबकि साथ रह रही प्रेमिका को इस बात पर एतराज था। इसी को लेकर सुनियोजित तरीके से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। शिनाख्त छिपाने को जेवर और कागजात साथ ले जाए गए थे। 25 घंटे पहले पुलिस ने इस मामले में प्रेमी, उसकी मां और बहनोई को गिरफ्तार कर लिया। अभी प्रेमी का पिता फरार है। जिसे दबोचने को पुलिस दौड़ाई गई है। पुलिस लाइन में एसपी उदय शंकर सिंह ने मीडिया से इस हत्याकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि टेनी गांव के श्रीराम रैदास की बेटी शालू का शव, 12 अप्रैल को थाना जाफरगंज के ग्राम नयापुरवा मजरे तेदुली लाखीपुर के पास सड़क किनारे बबूल की झाड़ियों से बरामद हुआ था। जाफरगंज थाना में मुक़दमा दर्ज़ हुआ था। एसपी ने बताया कि शालू के गांव टेनी में आरोपी दिवेश रैदास की रिश्तेदारी है। माह जनवरी-फरवरी 21 में गांव में लगे मेले में चाट के ठेले पर आरोपी दिवेश एवं मृतका शालू की मुलाकात तीन बार हुई। तीसरी मुलाकात में एक दूसरे का मोबाइल नंबर आदान प्रदान हुआ। अप्रैल 21 में आरोपी दिवेश रैदास ने शालू को अपने पिता दिनेश कुमार रैदास के पास पानीपत हरियाणा में ले जाकर रखा। इसके बाद वह 6 माह तक बहनोई रामबाबू रैदास के पास लुधियाना में ले जाकर रहा। शादी के लिए मृतका शालू के मना करने पर सुनियोजित तरीके से रेलगाड़ी से कानपुर बहनोई के साथ लेकर आया। वहां से बस से मंझिलगांव बस अड्डे पर आया।

## नववर्ष मिलन समारोहः पुलिस व पत्रकार एक दूसरे के पूरकः उदय

### आपसी सामंजस्य के बल पर नई चुनौतियों से निपटेंगे



**फ तेहपुर।** नई चुनौतियों के युग में पत्रकार एवं पुलिस एक दूसरे के पूरक के रूप में कार्यों का निर्वहन करें। आपसी सामंजस्य एवं नियमित संवाद के बेहद ज़रूरी है। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक उदय शंकर मिश्रा ने पत्रकार एवं पुलिस के नववर्ष मिलन सम्मान समारोह में कही। मंगलवार को पुलिस लाइन में पत्रकार एवं पुलिस के नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर मिश्रा ने कहा कि पुलिस एवं पत्रकार दोनों समाजहित के दायित्वों का अपने अपने तरीके से निर्वहन करते हैं और एक दूसरे के पूरक हैं। सामाजिक समस्याओं के निस्तारण में पुलिस एवं पत्रकार मिलजुल कर कार्य करें व आपसी सहयोग दें। बताया कि नियमित संवाद एवं समांसजय के ज़रिये ही तमाम गुत्थियां सुलझाई जा सकती है। उन्होनें पत्रकारों को निडर व निर्भीक होकर कार्य करने एवं आवश्यकता पड़ने पर पुलिस उन्हें यथासंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी। बताया कि बेहतर पुलिसिंग के लिये जनपद में पुलिस चौकियों, साइबर थाना, सर्विलांस सेल की सौगात दी जा चुकी है। साथ ही कर्मियों के आवास के लिये सभी थानों में बहुमंजिली इमारते बनाये जाना प्रस्तावित है।

## साउथ क्रिकेट अकादमी ने बांदा अकादमी को 4 विकेट से हराया

**संवाददाता।** घाटमपुर



**नगर के मूसानगर** रोड पर स्थित एक महाविद्यालय के मैदान में खेले जा रहे शोबिटल कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज साउथ क्रिकेट अकादमी ने बांदा क्रिकेट अकादमी को 4 बिकेट से हरा दिया। मैच में साउथ क्रिकेट अकादमी ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, बल्लेबाजी करने उतरी बांदा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में अपने सभी बल्लेबाज खोकर 122 रन बनाये, इसमें बिपिन कुमार ने 42 व आदित्य गुप्ता ने 15 रनों का योगदान दिया। साउथ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए यीशू सचान ने तीन व अखिलेश यादव ने 4 बिकेट लेकर बांदा क्रिकेट अकादमी को 122 रनों पर पैवेलियन का रास्ता दिखा दिया, बाद में लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ क्रिकेट अकादमी ने 19 वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया, मैन ऑफ अखिलेश यादव को घोषित किया गया। इसके पहले भूप किशोर बिश्वकर्मा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय कराया।

## जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बिचपुरी भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन



**फर्रुखाबाद ।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बिचपुरी ब्लॉक कमालगंज में भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा भेजी गयी एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से मुख्यमंत्री के वर्चुअल संवाद का लाइव प्रसारण का समस्त उपस्थित अधिकारी एवं ग्रामीणों द्वारा अवलोकन किया गया।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। यदि कोई पात्र लाभार्थी किसी कारणवश वंचित रह गया है तो कार्यक्रम में ही आवेदन कराकर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत विकसित संकल्प यात्रा में कोई भी पात्र लाभार्थी जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित ना रहे।

## अधिवक्ता मिलन समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान



**फत्तेहपुर।** अधिवक्ता मिलन समारोह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि के क्षेत्र में पचास वर्ष पूर्ण करने वाले अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। आयोजक आशीष गौड़ पूर्व महामंत्री बार एसो., अजय अवस्थी एड. पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, राजकुमार मिश्रा, राजेंद्र शुक्ला, के.एस. चतुर्वेदी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार पांडेय, बाबू प्रसाद दीक्षित, वेद प्रकाश तिवारी, भरत मानसिंह, कृपा शंकर श्रीवास्तव आदि का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेट किया गया। कवियों ने नव वर्ष के अवसर पर कविताओं के द्वारा जमकर रसधार बहाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बार एसो. (फ़तेहपुर) के अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, महामंत्री बचनी लाल एड., गया प्रसाद दुबे, लक्ष्मण त्रिपाठी, राम कृष्ण पांडेय, श्रवण कुमार गौड़, सुधाकर अवस्थी, राजीव अग्रवाल, धर्मेंद्र मिश्रा, ललित मिश्रा, हितेंद्र बहादुर सिंह, श्रीमती संतोष कुमारी शुक्ला सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन



**फ तेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अरा.) ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। किसानों ने अन्ना मवेशियों का प्रकरण रखने के साथ गन्ना का मूल्य बढ़ाए जाने की बात जोरदार से रखी। दिन में बिजली भी ना रहने का मुद्दा काफी गर्म जोशी से उठाया गया। कहा गया कि प्रशासनिक व्यवस्थाएं ना काफी साबित हो रही हैं जिससे खेती-बाड़ी करना मुश्किल हो रहा है। जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अगवाई में हुए इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान जुटे। मुख्यूमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया। जिसमें गन्ने का मूल्य बढ़ाने, अन्ना जानवर से निजात दिलाने, बिजली दिन में देने जैसे मामले शामिल रहे। कहा गया कि किसानों को सिंचाई करने में बिजली का अवरोध झेलना पड़ रहा है। शीतलहर को देखते किसानो को बिजली दिन में दी जाये। पहले किसान नेताओं ने नहर कॉलोनी में संगठनात्मक तरीके से आवाज बुलंद की। जिसमें प्रदीप सिंह चौहान, प्रीतम सिंह चंदेल, दीपक गुप्ता, महेंद्र सिंह भदौरिया, अजय प्रजापति, सोनू सिंह गौतम, उमेश सिंह, मो. आजम, सोनू सिंह, पुत्तन द्विवेदी, राधेश्याम पासवान, रवि मौर्य, लवकुश सिंह, दिनेश सिंह, शिवलाल प्रजापति, सूरज सिंह, बउवन शुक्ल समेत किसान मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद ने गरीबों व राहगीरों को कंबल व चाय बांटा




**फर्रुखाबाद ।** कड़कड़ाती सर्दी में सामाजिक संस्था शहर के राम मनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय के बाहर भारत विकास परिषद ने गरीबों व राहगीरों को कंबल व चाय का वितरण किया ।संस्था के पदाधिकारी एकत्र हुए। इसके बाद सर्दी से परेशान गरीब असहाय लोगों को संस्था की तरफ से कंबल व चाय बिस्किट का वितरण किया ।इस अवसर पर सहयोग शाखा, फर्रुखाबाद के संजय कटियार कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य श्री के के पाठक ,डॉ आर के गुप्ता, रामकुमार वर्मा ,डॉ अमित सक्सेना, प्रांतीय कोषाध्यक्ष आलोक रायजादा , शील वास्तव , संजय कटियार, अजय कटियार, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री अजय शंकर तिवारी, सचिव श्रीमती रीता दुबे,कोषाध्यक्ष श्रीमती कुमोदिनी तिवारी, संगठन सचिव संजय दुबे, श्रीमती उषा देवी वर्मा,श्रीमती सुनीता पुरवार, श्रीमती मंजूश्री, श्रीमती रामाकांती श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### गरीबों के बीच मनायी नववर्ष की खुशियां, भेंट किये उपहार

गुरसहायगंज (कन्नौज)। वरिष्ठ समाजसेवी ने समर्थकों के साथ ईंट भटटा पर पहुंचकर गरीब मजदूरों व उनके बच्चों के साथ नववर्ष की खुशियां बांटते हुये उपहार देकर व भोजन एवं मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि गरीबों एवं उनके बच्चों के साथ अपनी खुशी बांटना दिल को राहत देती है। रिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने नववर्ष के अवसर पर समर्थकों के साथ एके ईंट भटटा पहुंचकर गरीब मजदूरों व उनके बच्चों को भोजन कराकर व उपहार एवं मिष्ठान वितरित करनें के उपरान्त उन्होनें कहा कि मजदूर व उनके बच्चों के साथ अपनी नववर्ष खुशी बांटना बेहद सुखद कार्य है। यह खुशियां खरीदी नही जा सकती है वस इनको महसूस किया जा सकता है। इस अवसरपर मनोज गुप्ता, दीपक सिंह, रानू गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाहा, अमन कठेरिया, नवल गुप्ता, अजय दीक्षित, घर्मेन्द्र उर्फपिंटू गुप्ता, सचिन कुशवाहा, विनय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बीआरसी सरायप्रयाग पर चल रहे आंगनवाड़ी के 52 सप्ताह कैलेंडर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी ने कार्यशाला के समापन पर सभी को नव वर्ष की शुभकामनाए दी तथा प्रशिक्षण में सीखी बातो को बच्चो को सिखाने के निर्देश दिए।इस दौरान सन्दर्भ दाता गोपाल दत्त शर्मा ने बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्री प्राइमरी शिक्षा का प्रावधान किया गया है। जिसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्री के क्षमता संवर्धन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हे 52 सप्ताह की कार्ययोजना के विषय में बताया गया तथा सभी को निर्देशिका दी गई है।

# ट्रेन दुर्घटनाएं रोकने संबंधी सुरक्षा उपायों पर न्यायालय ने केन्द्र से ब्योरा मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को केंद्र से देश में ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच सहित पहले से लागू या लागू करने के लिए प्रस्तावित सुरक्षात्मक उपायों के बारे में ब्योरा मांगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने संबंधी सुरक्षा उपायों का मुद्दा उठाया गया है। पीठ ने याचिकाकर्ता विशाल तिवारी से याचिका की एक प्रति अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को सौंपने कहा। इसने कहा कि अटॉर्नी जनरल अदालत को कवच योजना सहित सरकार द्वारा लागू किए गए या लागू करने के लिए प्रस्तावित सुरक्षात्मक उपायों के बारे में अवगत कराएंगे।

पीठ ने मामले को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। तिवारी ने शीर्ष अदालत से कहा कि उनकी याचिका में सार्वजनिक सुरक्षा उपायों का मुद्दा उठाया गया है। पिछले साल जून में ओडिशा के बालासोर जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना का जिक्र करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार द्वारा एक सुरक्षा प्रणाली शुरू की गई थी, ताकि रेलगाड़ियों की टक्कर को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों रेलगाड़ियों के टकराने से कई दुर्घटनाएं हुई हैं।

पीठ ने पूछा, क्या इस बारे में कोई कवायद की गई है कि कवच प्रणाली को अखिल भारतीय आधार पर लागू किए जाने पर कितनी वित्तीय लागत आएगी। इसने कहा, हर चीज का वित्तीय पहलू से सह-संबंध होता है, क्योंकि अंततः इसका बोझ यात्रियों पर डाला जाएगा। तिवारी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि लोगों का जीवन और सुरक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संबंध में उठाए गए कदमों के बारे में शीर्ष अदालत को अवगत कराना चाहिए। याचिका में रेलवे प्रणाली में जोखिम एवं सुरक्षा मापदंडों का विश्लेषण और समीक्षा करने तथा रेलवे प्रणाली को मजबूत करने के लिए व्यवस्थित सुरक्षा संशोधनों का सुझाव देने के लिए शीर्ष अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तकनीकी सदस्यों से युक्त एक विशेषज्ञ आयोग गठित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने तथा इस संबंध में रिपोर्ट अदालत को सौंपे जाने का आग्रह किया गया है।

# कब्र खोदने के मामले में सीतलवाड के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से कोर्ट का इनकार

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मौखिक टिप्पणी की है कि दस्तावेजों को देखने के बाद वह शवों को कब्र से निकालने के मामले में 2006 में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की इच्छुक नहीं है। सीतलवाड पर आरोप है कि उन्होंने 2002 में गोधरा दंगों के पीड़ितों की कब्र खुदवाई थी। न्यायमूर्ति संदीप भट्ट की अदालत में सोमवार को जब मामला सुनवाई के लिए आया तब उन्होंने सीतलवाड के वकील से कहा, दस्तावेजों पर गौर करने के बाद मैं (राहत देने को) इच्छुक नहीं हूं। सीतलवाड के वकील ने कहा कि यह अदालत का विशेषाधिकार है लेकिन वह अपने मुवक्किल को समझाने की कोशिश करेंगे क्योंकि उनके खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है। अंततः, यह (मेरे मुवक्किल के) राजनीतिक उत्पीड़न का मामला है।

सरकारी वकील द्वारा यह कहे जाने के बाद कि अतिरिक्त महाधिवक्ता मितेश अमीन मामले में पेश होंगे और समय मांगा तो अदालत ने सुनवाई नौ जनवरी के लिए स्थगित कर दी। सीतलवाड ने दिसंबर 2005 में पंचमहल जिले के पंडरवाड़ा के पास एक कथित सामूहिक कब्र से 28 शव निकालने के मामले में दर्ज प्राथमिकी में नाम आने के बाद 2017 में एक याचिका दायर की थी। सीतलवाड पर आरोप है कि उन्होंने शवों को कब्र से निकालने की साजिश रची थी। उन्होंने उनके गैर सरकारी संगठन सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस के पूर्व समन्वयक रईस खान सहित अन्य आरोपियों के उनके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 164 के तहत एक बयान दिए जाने के बाद यह साजिश रची थी। गुजरात पुलिस ने झूठा सबूत गढ़ने, कब्रगाह में घुसपैठ करने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।



पटना में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान की वेशभूषा में सजे हुए कलाकार।

# कोर्ट ने एएफटी में न्यायिक सदस्यों के रूप में वकीलों की नियुक्ति की याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें अनुभवी वकीलों को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) के न्यायिक सदस्यों के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गुरुग्राम निवासी ईशान गिल द्वारा दायर याचिका पर कहा कि ऐसा आदेश पारित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, आपकी याचिका ग़लत है। यह खारिज की जाती है।

सशस्त्र बल न्यायाधिकरण अधिनियम, 2007 को सेना अधिनियम, नौसेना अधिनियम और वायुसेना अधिनियम के तहत नियुक्ति, भर्ती और सेवा की शर्तों के संबंध में विवादों और शिकायतों पर निर्णय लेने की शक्ति के साथ निकायों की स्थापना के लिए संसद द्वारा पारित किया गया था।

एएफटी में सेना के तीनों अंगों को नियंत्रित करने वाले तीन कानूनों के तहत कोर्ट-मार्शल के आदेशों, निष्कर्षों या सजा से उत्पन्न अपील पर भी सुनवाई की जाती है। नई दिल्ली में प्रधान पीठ के अलावा, एएफटी की चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, कोच्चि, मुंबई, जबलपुर, श्रीनगर और जयपुर में क्षेत्रीय पीठ हैं। उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीशों को एएफटी के न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त सदस्य, जो तीन साल या इससे अधिक की अवधि के लिए मेजर जनरलासमकक्ष या इससे ऊपर के पद पर रहे हों, उन्हें एएफटी के प्रशासनिक सदस्यों के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

# न्यायालय का नीट खत्म करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को खत्म करने की मांग को लेकर चलाए जा रहे द्रमुक के हस्ताक्षर अभियान के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राज्य को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह वहां के स्कूलों में इस तरह की गतिविधियों की इजाजत नहीं दे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि अखिल भारतीय आधार पर होने वाली प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जानी चाहिए। याचिकाकर्ता ने पीठ से कहा कि बच्चे परेशान हैं। इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा, सौभाग्य से, अब हमारे पास एक बहुत जानकार पीढ़ी है। हमारे बच्चे इतने मासूम नहीं हैं और अब वे सब कुछ समझते हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, वे हमारी पीढ़ी से बहुत आगे हैं... वे सब कुछ समझते हैं, मकसद क्या है, एजेंडा क्या है, यह कैसे होता है। हालांकि, पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। पिछले साल अक्टूबर में तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने नीट को खत्म करने की मांग को लेकर 50 दिनों में 50 लाख हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक अभियान शुरू किया था।

# कोर्ट ने दिव्यांगों के लिए पुनर्वास नीति बनाने संबंधी याचिका पर नोटिस जारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा, जिसमें मानसिक एवं शारीरिक दिव्यांगों वाले ऐसे लोगों के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह किया गया है जिनके 18 साल का होने के बाद देखभाल करने वाला कोई नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पूर्व पत्रकार के. एस. आर. मेनन द्वारा दायर याचिका पर संज्ञान लिया जिसमें ऐसे लोगों को देखभाल सुविधाएं प्रदान करने के लिए किसी नीति या कोई दिशानिर्देश तैयार करने का आग्रह किया गया है।

कानूनी फर्म केएमएनपी लॉ एओआर के माध्यम से दायर जनहित याचिका में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के एक प्रावधान का उल्लेख किया गया है जो देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों से संबंधित है। एक समाचार एजेंसी के पूर्व पत्रकार मेनन की ओर से पेश वकील अबीर फुकन ने कहा कि याचिका उन बच्चों के पुनर्वास के लिए दायर की गई है जो मानसिक रूप से बीमार या मानसिक या शारीरिक रूप से अक्षम हैं या लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं, जिनकी मदद या देखभाल करने वाला कोई नहीं है, या माता-पिता या अभिभावक देखभाल के लिए अयोग्य हैं।

शीर्ष अदालत ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगता विभाग के मुख्य आयुक्त को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह के भीतर उनसे जवाब मांगा। याचिका में देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले सभी बच्चों का डेटाबेस बनाए रखने का निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया गया है। विभिन्न अध्ययनों का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में दिव्यांगों की आबादी 2.68 करोड़ थी।

## क्विक न्यूज

### महिला कर्मचारी पति के बजाय बच्चों को पेंशन के लिए नामांकित कर सकेंगी: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि महिला कर्मचारी वैवाहिक विवाद के मामले में पति के बजाय अपने बच्चे या बच्चों को पारिवारिक पेंशन के लिए नामांकित कर सकेंगी। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति देता है। यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की जीवित पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन सबसे पहले पति या पत्नी को दी जाती है। मृत सरकारी कर्मचारीपेंशनभोगी के जीवन साथी के पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाने या उसकी मृत्यु हो जाने पर ही परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनते हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने अब नियमों में संशोधन किया है और एक महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति के बजाय अपने बच्चोबच्चों को नामांकित करने की अनुमति दी है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) के सचिव वी श्रिनिवास ने पीटीआई-भाषा से कहा, उन सभी मामलों में जिनमें तलाक की याचिका दायर की गई है या घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत याचिका दायर की गई है या भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले शामिल हैं, यह संशोधन एक महिला सरकारी कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन पति के बजाय उसके पात्र बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है। यह संशोधन डीओपीपीडब्ल्यू ने प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी श्रिनिवास ने कहा, यह संशोधन प्रगतिशील प्रकृति का है और पारिवारिक पेंशन के मामलों में महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाता है।

### महिला आरोपी की जमानत याचिका पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** एक स्थानीय अदालत ने संसद की सुरक्षा में चूक मामले में गिरफ्तार एकमात्र महिला आरोपी नीलम आज़ाद की जमानत याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस से 10 जनवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा। इसके साथ ही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों का पॉलीग्राफ (झूठ पकड़ने वाला परीक्षण) कराने की अनुमति के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा दायर याचिका की सुनवाई पांच जनवरी के लिए स्थगित कर दी। बाद में, अदालत ने यह गौर करते हुए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी कि आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए न्यायाधीश द्वारा नियुक्त कानूनी सहायता वकील आज उपलब्ध नहीं थे। पुलिस सभी छह आरोपियों को सुनवाई के लिए अदालत लेकर लाई थी। आरोपी- आज़ाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत- पांच जनवरी तक पुलिस हिरासत में हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने इससे पहले अदालत से कहा था कि 13 दिसंबर का हमला पूरी तरह से सुनियोजित था। तेरह दिसंबर, 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया था। सागर शर्मा और मनोरंजन डी. नामक दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए और नारे लगाते हुए एक केन से पीली गैस छोड़ी थी। कुछ सांसदो ने इन दोनो को पकड़ लिया। इसी समय अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद भवन परिसर के बाहर तानाशाही नही चलेगी का नारा लगाते हुए केन से रंगीन गैस छोड़ी थी।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर नए कानून को चुनौती

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तो की नियुक्ति करने वाले निकाय से प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को हटाने पर राजनीतिक विवाद के बीच एक वकील ने उच्चतम न्यायालय मे याचिका दायर कर उस नए कानून को रद्द करने का आग्रह किया है जो केंद्र सरकार को चुनाव आयोग मे नियुक्तियाँ करने की व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है। वकील गोपाल सिंह द्वारा दायर याचिका मे शीर्ष अदालत से मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तो की नियुक्ति केलिए एक तटस्थ एवं स्वतंत्र चयन समिति का गठन कर स्वतंत्र एवं पारदर्शी प्रणाली लागू करने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया है। प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से हटाते हुए नए कानून मे कहा गया, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तो की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाएगी जिसमे अध्यक्ष केरूप मे प्रधानमंत्रीअ सदस्य केरूप मे लोकसभा मे विपक्ष केनेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक सदस्य केरूप मे एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होगे। विपक्ष का आरोप है कि मोदी सरकार ने चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटाकर उच्चतम न्यायालय का अनादर किया है। सिंह ने अपनी जनहित याचिका मे शीर्ष अदालत से मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तो की (नियुक्ति, सेवा शर्त और कार्यकाल) से संबंधित 28 दिसंबर, 2023 की राजपत्र अधिसूचना के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का आदेश देने का आग्रह किया है। याचिका मे कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तो की नियुक्ति केलिए चयन समिति मे प्रधान न्यायाधीश को शामिल किया जाना चाहिए।

# ई-अदालत की सुविधा के मद्देनजर उच्च न्यायालय की पीठ की मांग का कोई महत्व नहीं : मेघवाल

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि ई-अदालत की सुविधा के मद्देनजर उड़ीसा उच्च न्यायालय की स्थाई पीठ राज्य के पश्चिमी हिस्से में स्थापित करने की मांग का अब कोई महत्व नहीं है। मेघवाल ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा कि ई-अदालतें भी लोगों को वही सुविधाएं देती हैं, जो उच्च न्यायालय की स्थाई पीठ देगी। राज्य के पश्चिमी हिस्से के वकील लंबे समय से उड़ीसा उच्च न्यायालय की स्थाई पीठ बनाने की मांग कर रहे हैं। विगत वर्षों में वकीलों ने अपनी मांग के लिए दबाव बनाने के वास्ते कई बार हड़ताल की है। मेघवाल ने कहा, ई-अदालतों की सुविधा में बहुत प्रगति हुई है। मेरा मानना है कि अब उच्च न्यायालय की स्थाई पीठ बनाने का कोई महत्व नहीं हैं। यह इसलिए क्योंकि लोगों को वहीं सुविधाएं ई-अदालत से मिलेंगी, जो उच्च न्यायालय की स्थाई पीठ से मिलतीं। उच्चतम न्यायालय ने दिसंबर 2022 में टिप्पणी की थी कि अदालतों के कामकाज में प्रौद्योगिकी के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल के मद्देनजर उच्च न्यायालय की पीठ स्थापित करना उचित नहीं है।

# धनशोधन मामले में वीवो इंडिया के अधिकारियों की रिहाई के आदेश के खिलाफ ईडी ने अदालत का रुख किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले में वीवो-इंडिया के तीन अधिकारियों की रिहाई के आदेश के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की अवकाशकालीन पीठ ने निचली अदालत के 30 दिसंबर के आदेश को चुनौती देने वाली एजेंसी की याचिका पर नोटिस जारी किया और कहा कि चूंकि अधिकारियों को पहले ही रिहा किया जा चुका है, इसलिए इस स्तर पर कोई एकपक्षीय अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जा सकता है। न्यायाधीश ने ईडी के वकील से कहा, अगर ऐसी स्थिति होती कि उन्हें रिहा नहीं किया गया होता, तो मैं (अंतरिम आदेश पारित करने के लिए) इच्छुक होता।

अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि तीन जनवरी सूचीबद्ध करते हुए कहा, चूंकि प्रतिवादियोंव्यक्तियों को संबंधित आदेश के अनुपालन में पहले ही रिहा कर दिया गया है, इसलिए कोई एकपक्षीय अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जा सकता। हालांकि, वर्तमान मामले में तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए, प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया जाना चाहिए। तीस दिसंबर को, दिल्ली की एक अदालत ने दिसंबर महीने धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हिरासत में लिए गए वीवो-इंडिया के तीन अधिकारियों को शनिवार को जमानत दे दी। अदालत ने यह कहते हुए राहत दी कि आरोपियों को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश नहीं किया गया, इसलिए उनकी हिरासत अवैध थी। तीनों ने दावा किया था कि उन्हें 21 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था, न कि 22 दिसंबर को, जैसा कि ईडी ने रिकॉर्ड में दर्ज किया था तथा चूंकि उन्हें 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश नहीं किया गया, इसलिए उनकी गिरफ्तारी अवैध है।

पटियाला हाउस में अवकाशकालीन न्यायाधीश शिरीष अग्रवाल की अदालत ने तीनों- चीनी नागरिक एवं वीवो-इंडिया के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) होंग जुक्वान उर्फ टेरी, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) हरिंदर दहिया और सलाहकार हेमंत मुंजाल को तीन जनवरी तक हर रोज ईडी के कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने को कहा। हालांकि, ईडी के वकील ने दावे का विरोध करते हुए कहा कि तीनों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किए जाने के बाद, उन्हें गिरफ्तारी के आधार बताए गए थे और गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर संबंधित अदालत में पेश किया गया था।

एजेंसी ने कहा है कि 21 दिसंबर को तीनों आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली गई और बाद में उन्हें पूछताछ के लिए और उनके फोन के फॉरेंसिक विश्लेषण के लिए ईडी कार्यालय ले जाया गया। ईडी ने अदालत को बताया कि अगले दिन 22 दिसंबर को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने पिछले साल जुलाई में वीवो-इंडिया के कार्यालयों और इससे जुड़े लोगों के परिसरों पर छापा मारा था और चीनी नागरिकों और कई भारतीय कंपनियों से जुड़े एक बड़े धनशोधन रैकेट का भंडाफोड़ करने का दावा किया था। तब उसने आरोप लगाया था कि भारत में कर के भुगतान से बचने के लिए वीवो-इंडिया द्वारा 62,476 करोड़ रुपए "अवैध रूप से चीन भेजे गए थे।

# वॉट्सऐप के जरिए बीवी को तीन तलाक देने पर शौहर के खिलाफ मामला दर्ज

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप पर वॉइस नोट भेजकर बीवी को तीन तलाक देने के आरोप में इंदौर में 27 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रावजी बाजार पुलिस थाने के उप निरीक्षक राम कुमार रघुवंशी ने बताया कि 23 वर्षीय महिला की शिकायत पर उसके शौहर के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित महिला और आरोपी का निकाह करीब तीन साल पहले हुआ था और उनकी एक बेटी भी है। रघुवंशी ने बताया कि महिला का आरोप है कि उसका शौहर निकाह के तीन महीने बाद से ही उसे परेशान कर रहा था और जब वह मां बनने वाली थी, तो उसने उसके चरित्र पर लांछन लगाते हुए कहा था कि गर्भ में पल रहे बच्चे का पिता कोई और पुरुष है। उप निरीक्षक के मुताबिक 18 दिसंबर को आरोपी ने अपनी पत्नी को वॉट्सऐप पर वॉइस नोट भेजकर कथित रूप से तीन बार तलाक कहा। रघुवंशी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि पीड़ित महिला के परिजन विवाद सुलझाने के लिए दम्पती को काजी के पास ले जा रहे थे।

# पेज एक का शेष

## भाजपा ने...

का आयोजन करना शामिल है। बैठक के दौरान अक्षत वितरण कार्यक्रम और अभिषेक कार्यक्रम के बाद लोगों को अयोध्या ले जाने की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके सहयोगियों के स्वयंसेवकों ने सोमवार को 15 दिवसीय राष्ट्रव्यापी घर-घर जाकर जन संपर्क कार्यक्रम शुरू किया, ताकि लोगों को अपने पड़ोस के मंदिरों में पूजा-अर्चना करके अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा सके। एक अन्य भाजपा नेता ने कहा, भाजपा नेतृत्व ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को उन लोगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करनी चाहिए जो राम मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं को 22 जनवरी को दिवाली की तरह मनाने के लिए कहा गया है। पार्टी ने केंद्रीय रेल मंत्री को अयोध्या आने-जाने वाली 35 ट्रेनों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है कि भारत के मानचित्र पर 430 स्थान अयोध्या से जुड़े हों। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों में भाजपा इकाइयों को प्रतिष्ठा समारोह के बाद अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करने वाले लोगों के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। अपने चुनाव अभियान के दौरान, भाजपा इस बात पर भी प्रकाश डालेगी कि कैसे विपक्षी दलों ने मंदिर के निर्माण में बाधा डालने का प्रयास किया। संबंधित घटनाक्रम में, भाजपा ने बिहार के पटना से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक अपनी 20 दिवसीय 'लव-कुश यात्रा' शुरू की है।

## ट्रक चालकों...

हुए कहा कि अगर वे 10 साल तक जेल में रहेंगे तो उनके परिवारों की देखभाल और पालन पोषण कौन करेगा। वहीं मुंबई में ट्रक ड्राइवरों के एक समूह ने एक पुलिसकर्मी पर हमला किया और पुलिस ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग पर भीड़ को तितर-बितर के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। नासिक जिले के कलेक्टर जलज शर्मा और पुलिस अधीक्षक शाहजी उमाप ने मंगलवार को पनवाडी में परिवहकों , डीलरों, पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के साथ बैठक की। कलेक्टर के आश्वासन के बाद परिवहक हड़ताल खत्म करने पर राजी हो गए। हालाँकि, राजस्थान में सोमवार रात कुछ हिंसा देखी गई क्योंकि केकड़ी जिले में भीड़ ने एक पुलिस वाहन को जला दिया और सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया, जिसमें तीन घायल हो गए। ठाणे में प्रदर्शनकारियों ने मुंबई-अहमदाबाद हाईवे को जाम कर दिया और पुलिस पर पथराव किया। एक पुलिसकर्मी घायल हो गया और एक पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। मध्य प्रदेश के धार में निजी बस और ट्रक चालकों ने पीतमपुर हाईवे पर जाम लगा दिया। भोपाल और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हड़ताल का असर पर्यटन क्षेत्र पर पहले ही पड़ चुका है। ईंधन की कमी की आशंका के साथ, पिछले कुछ दिनों में राष्ट्रीय राजधानी सहित कई राज्यों के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं। ऑल पंजाब ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष हैप्पी सिद्धू ने नए कानून को काला कानून कहा जो पंजाब में ट्रक ड्राइवरों को बर्बाद कर देगा। भारतीय न्याय संहिता में हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं के लिए उच्च दंड के खिलाफ पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं, जो औपनिवेशिक- पिछले महीने संसद द्वारा पारित भारतीय दंड संहिता।

## बिहार सरकार...

रोक सकती है। आप देखिए, डेटा का पूरा विवरण सार्वजनिक होना चाहिए, ताकि कोई भी इससे निकले निष्कर्ष को चुनौती दे सके। जब तक यह सार्वजनिक नहीं होगा, वे इसे चुनौती नहीं दे सकते। बिहार में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने नीतीश कुमार सरकार पर जाति सर्वेक्षण कराने में अनियमितताओं का आरोप लगाया है और एकत्र किए गए आंकड़ों को फर्जी बताया है। इसके बाद, पीठ ने दीवान से जाति सर्वेक्षण पर एक रिपोर्ट दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच फरवरी की तारीख निर्धारित कर दी। गौरतलब है कि अक्तूबर, 2023 में बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक सिंह ने जाति सर्वे की रिपोर्ट आंशिक रूप से जारी किए थे। इसके अनुसार, बिहार में सामान्य वर्ग के लोगों की आबादी 15 प्रतिशत है। पिछड़ा वर्ग की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है, जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी है। सरकार की ओर से कुल 214 जातियों के आंकड़े जारी किए गए हैं। इनमें कुछ ऐसी जातियां भी हैं जिनकी कुल आबादी सौ से भी कम है।

## पीएम ने...

भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिसके आर्थिक और सांस्कृतिक दोनों आयाम हैं। उन्होंने कहा कि भारत को तमिलनाडु की जीवंत संस्कृति और विरासत पर गर्व है। अतीत में राज्य के सार्वजनिक कार्यक्रमों में ज्यादातर मौकों पर अंग्रेजी में बोलने वाले मोदी ने मंगलवार को हिंदी में भी बात की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य में पिछले महीने हुई बारिश और बाढ़ तथा उससे हुए नुकसान का जिक्र किया और कहा कि वह प्रभावित परिवारों की स्थिति को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार संकट की इस घड़ी में तमिलनाडु के लोगों के साथ खड़ी है। हम राज्य सरकार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। मोदी ने डीएमडीके के नेता विजयकांत की प्रशंसा की और उन्हें सिनेमा के साथ ही राजनीति का कैप्टन भी बताया। हाल ही में उनका निधन हो गया था।प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में विजयकांत ने हमेशा राष्ट्रीय हित को हर चीज से ऊपर रखा। उन्होंने कहा, मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हैं। वह उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने तमिलनाडु के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भी याद किया जिनका हाल ही में निधन हो गया। मोदी ने कहा कि उन्होंने देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है और यह एक नई आशा के रूप में उभर रही शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु मेक इन इंडिया के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण ब्रांड एंबेसडर बन रहा है।

## उत्तर भारत...

0 से 50 मीटर के बीच होने पर कोहरे को बहुत घना माना जाता है, जबकि 51 से 200 मीटर के बीच दृश्यता होने पर कोहरा घना माना जाता है। इसके अलावा, कोहरा दृश्यता 201 और 500 मीटर के बीच होने पर मध्यम और 501 और 1,000 मीटर के बीच दृश्यता होने पर उथला माना जाता है। कोहरे के कारण स्थानीय और लंबी दूरी की सेवाओं सहित कई ट्रेनों में दो से सात घंटे तक व्यवधान आया, जिससे यात्री फंसे और निराश हुए। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार की सुबह हल्के कोहरे की चपेट में रहने के कारण कम से कम 26 ट्रेनें देरी से पहुंचीं। राष्ट्रीय राजधानी में देरी से पहुंचने वाली ट्रेनों में भोपाल-निजामुद्दीन, बेंगलुरु-निजामुद्दीन, भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी, रानीकमलापति भोपाल-नई दिल्ली, हावड़ा-नई दिल्ली दुरंतो, चेन्नई-नई दिल्ली, पुरी-नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, कानपुर-नई दिल्ली श्रमशक्ति, हावड़ा- नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस, सहरसा- नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस, रीवा- आनंद विहार एक्सप्रेस, प्रयागराज-नई दिल्ली एक्सप्रेस, आजमगढ़- दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस, भागलपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस, राजेंद्रनगर-नई दिल्ली, बनारस- नई दिल्ली एक्सप्रेस, अंबेडकरनगर-कटरा एक्सप्रेस, चेन्नई-नई दिल्ली जीटी, चेन्नई-नई दिल्ली, हैदराबाद-नई दिल्ली, रानीकमलापति-निजामुद्दीन, कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस, जम्मूतवी-अजमेर एक्सप्रेस, कामाख्या-दिल्ली एक्सप्रेस, फिरोजपुर-सी और अजमेर-कटरा एक्सप्रेस शामिल हैं।

## विशेषाधिकार समिति...

सिंह संसद के दो बेहद अच्छे व्यवहार वाले सदस्य लोकसभा की शोभा बढ़ा रहे हैं। शायद मोदी सरकार चाहती है कि विपक्ष के हम सभी लोग संसद से निलंबन से बचने के लिए उनके जैसा व्यवहार करें। जबकि अधिकांश विपक्षी सांसदों को शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था और 29 दिसंबर को सत्रावसान होने पर उनका निलंबन रद्द कर दिया गया था। 14 सदस्यों में से 11 राज्यसभा से और तीन लोकसभा से विशेषाधिकार की रिपोर्ट आने तक लंबित निलंबित रहेंगे।

# हमने दस वर्षों में द्वीपों का विकास पूरा किया : मोदी

## पीएम ने लक्षद्वीप का दौरा किया

भाषा। अगाती (लक्षद्वीप)


त्रिचुरापल्ली में विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सम्मानित करते पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 वर्षों में लक्षद्वीप द्वीप समूह में कई विकास परियोजनाएं पूरी हुई हैं और केंद्र द्वीपों की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां अगाती हवाई अड्डे पर पहुंचे के बाद एक समारोह को संबोधित किया। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान, लक्षद्वीप में मौजूद अपार संभावनाओं का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि आजादी के बाद कई वर्षों तक द्वीपों को उपेक्षा का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, केंद्र शासित प्रदेश कई संभावनाओं से भरा है, लेकिन आजादी के बाद लंबे समय तक लक्षद्वीप के बुनियादी ढांचे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने जहाजरानी को द्वीपों की जीवन रेखा होने की बात की ओर ध्यान दिलाते हुए कमजोर बंदरगाह बुनियादी ढांचे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह बात शिक्षा, स्वास्थ्य और यहां तक कि पेट्रोल-डीजल पर भी लागू होती है। मोदी ने कहा, भले ही शिपिंग द्वीपसमूह की जीवन रेखा है, लेकिन बंदरगाह का बुनियादी ढांचा कमजोर है। चाहे वह स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो, या यहां तक कि पेट्रोल और डीजल हो, हमें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन सभी चुनौतियों का समाधान हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। सरकार ने अब लक्षद्वीप को विकसित करने का बीड़ा गंभीरता से उठाया है। उन्होंने अपने संबोधन में अगाती में हाल में शुरू किए गए बर्फ संयंत्र के बारे में सकारात्मक उम्मीद जताई और इस बात पर जोर दिया कि यह द्वीप पर समुद्री भोजन का प्रसंस्करण की संभावनाओं को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। पिछले 10 वर्षों में अगाती में कई विकास परियोजनाएं पूरी की गईं और विशेष रूप से मछुआरों के लिए आधुनिक सुविधाओं के निर्माण का उल्लेख किया। इसकी बदौलत सीफूड निर्यात और सीफूड प्रसंस्करण क्षेत्रों के लिए नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने टूना मछली के निर्यात का भी उल्लेख किया, जिससे केंद्रशासित प्रदेशों के मछुआरों की आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया है। नई विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए ने लक्षद्वीप की बिजली और अन्य ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सौर संयंत्र और एक विमानन ईंधन डिपो के उद्घाटन का उल्लेख किया। उन्होंने अगाती द्वीप पर सभी घरों में नल से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने के बारे में भी बात की और गरीबों के लिए घर, शौचालय, बिजली और रसोई गैस सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयासों को दोहराया। भारत सरकार अगाती समेत पूरे लक्षद्वीप के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। लक्षद्वीप के अपने दौरे के दौरान मोदी।,150 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। एक परिवर्तनकारी कदम के तहत, प्रधानमंत्री ने कोच्चि-लक्षद्वीप आइलैंड्स सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन (केएलआई-एसओएफसी) परियोजना की शुरुआत करके लक्षद्वीप में धीमी इंटरनेट गति की चुनौती को दूर करने का संकल्प लिया था और अगस्त 2020 में लाल किले से स्वतंत्रता दिवस के भाषण में इस पर एक घोषणा की थी। यह परियोजना अब पूरी हो चुकी है और इसका उद्घाटन मोदी करेंगे। इससे इंटरनेट स्पीड 100 गुना से अधिक (1.7 जीबीपीएस से 200 जीबीपीएस तक) बढ़ जाएगी। आजादी के बाद पहली बार लक्षद्वीप को सबमरीन ऑप्टिक फाइबर केबल से जोड़ा जाएगा। बयान में कहा गया है कि समर्पित पनडुब्बी ओएफसी लक्षद्वीप द्वीप में संचार बुनियादी ढांचे में एक बड़ा बदलाव सुनिश्चित करेगी, जिससे तेज और अधिक विश्वसनीय इंटरनेट सेवाएं, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, शैक्षिक पहल, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल मुद्रा उपयोग, डिजिटल साक्षरता आदि सक्षम होंगी।

# कर्नाटक में 31 साल पुराने अयोध्या मामले में कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करेगी भाजपा

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक में** हिंदू कार्यकर्ता श्रीकांत पुजारी की हालिया गिरफ्तारी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बुधवार को राज्य में प्रदर्शन करेगी। भाजपा ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। कर्नाटक पुलिस ने अयोध्या राम मंदिर के लिए 1992 में एक आंदोलन में कथित भागीदारी के सिलसिले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजएंद्र ने इस गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि यह अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से कुछ दिन पहले 31 साल पुराने मामले को फिर से खोलने के पीछे राज्य सरकार की मंशा को दर्शाता है। विजएंद्र ने यहां संवाददाताओं से कहा, कल भाजपा ने पूरे कर्नाटक में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पूरा देश 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जश्न मना रहा है, तो कर्नाटक में मौजूदा कांग्रेस सरकार का रवैया हिंदू विरोधी है। वे बार-बार कर्नाटक में हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्नाटक और देश की जनता के सामने कांग्रेस सरकार को बेनकाब करेगी। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की उस टिप्पणी को याद करते हुए कि एक अपराधी तब तक अपराधी ही रहता है जब तक कि वह अदालत से बरी न हो जाए, विजएंद्र ने कहा, आपकी प्राथमिकताएं, आपके उद्देश्य और हिंदू कार्यकर्ता के खिलाफ कार्वाई के लिए चुना गया अवसर क्या हैं? क्या आपको अब 31 साल पुराने मामले को फिर से खोलने की जरूरत है? विजएंद्र ने आरोप लगाया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री राज्य में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# गृह मंत्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालात की समीक्षा की


सुरक्षा स्थिति की समीक्षा बैठक में जाते एलजी मनोज सिन्हा

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जहां एक पखवाड़ा पहले पुंछ जिले में आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए थे। सेना 21 दिसंबर के आतंकवादी हमले के एक दिन बाद तीन नागरिकों को पूछताछ के लिए कथित तौर पर ले गई थी। 21 से 42 वर्षीय ए तीनों लोग बाद में मृत पाए गए जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। इन घटनाओं के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने पुंछ का दौरा किया था। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सेना प्रमुख पांडे और खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी मंगलवार को बैठक में शामिल हुए। एक अधिकारी ने कहा, गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। इससे पूर्व, जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने मृत नागरिकों के परिजनों के लिए मुआवजे और नौकरी का ऐलान करते हुए कहा कि इस मामले में कानूनी कार्वाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2023 की शुरुआत से ही छिटपुट हिंसा जारी है। अधिकारियों ने हिंसा में वृद्धि को क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए सीमा पार के हताश प्रयासों को जिम्मेदार ठहराया है।

## पुंछ में आम लोगों की मौत की जांच कर रही है सेना : अधिकारी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ मे तीन आम लोगो की मौत के मामले की सेना आंतरिक जांच कर रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसे निश्चित रूप से दंडित किया जाएगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।पुंछ जिले मे आतंकवादियो द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के बाद सेना ने 27 से 42 साल उम्र के तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया था और वे 22 दिसंबर मृत मिले थे। इस हमले मे चार सैन्यकर्मियो की मौत हो गई थी। इन मौतों से लोगों मे आक्रोश फैल गया, जिसके बाद प्रशासन को उनके परिवारों के लिए मुआवजे की घोषणा करनी पड़ी। अधिकारी ने कहा, सेना अपनी जांच कर रही है। अगर कोई दोषी पाया गया तो उसे सजा जरूर मिलेगी। लेकिन ऐसी जांच का सार्वजनिक रूप से खुलासा नही किया जाना चाहिए। सेना को अपना काम करने दीजिए। किसी भी बात को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रसित होने या सेना पर कोई टिप्पणी करने की जरूरत नही है। अधिकारी ने बताया कि सेना ने खुद कहा है कि वह जांच करेगी और इसलिए सभी को इस पर भरोसा रखना चाहिए।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 27 दिसंबर को कहा कि उन्हे भारतीय सेना पर पूरा भरोसा है कि वह जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का सफाया कर देगी, साथ ही उन्होने सैनिको से ऐसी गलतियो न करने का आग्रह किया जिससे देश के नागरिको को नुकसान हो।सिंह ने कहा था कि राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए लोगों का दिल जीतना सैनिकों की जिम्मेदारी है। सेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी शुरू कर दी है और पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

## नए साल के पहले दिन महाकालेश्वर मंदिर में आठ लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए

उज्जैन। मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर मे प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर मे नए साल के पहले दिन आठ लाख से अधिक श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। मंदिर के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगो मे से एक है। मंदिर प्रबंधन समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि सोमवार को दिन भर मंदिर बंद होने तक 8.10 लाख भक्तों ने मंदिर मे दर्शन किए। उन्होंने कहा कि सोमवार को मंदिर मे दर्शन के लिए सुबह छह बजे से लंबी कतारें थी और 45,000 से अधिक लोगो ने भस्म-आरती (सुबह की प्रार्थना) देखी। सोमवार को बड़ी संख्या मे लोग महाकाल कॉरिडोर पर कतार मे लगे नजर आए।

## न्यूटन स्कूल ऑफटेक्नोलॉजी में प्रवेश का पहला दौर शुरू

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर साइन्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में ऑन कैंपस बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के उद्घाटन समूह की जबरदस्त सफलता के बाद न्यूटन स्कूल ऑफटेक्नोलॉजी ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से अब 2024 बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा एनएसएटी-न्यूटन स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। 22 दिसंबर से शुरूदेश भर के छात्र जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 2022, 2023 या 2024 में अपनी हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षाओं में 50 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, वे यहां कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रारंभिक प्रवेश दौर के माध्यम से आवेदक ढेर सारी छात्रवृत्तियों का लाभ उठा सकते हैं और प्रवेश की संभावना बढ़ा सकते हैं। छात्र ट्यूशन फीस के लिए 100 प्रतिशत योग्यता आधारित छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं।

## श्री राम रथ से फिर दिखेगा महाकाव्य काल

वाराणसी। मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम के धार्मिक और साहसी जीवन को जीवंत करते हुए, सोनी के श्रीमद रामायण ने इस कालातीत महाकाव्य को फिर से रचा है, और इसे दर्शकों के दिल और दिमाग में पुनरू जीवंत किया है। लाखों लोगों के जीवन में भक्ति और आध्यात्मिकता की नई लहर प्रवाहित करते हुएए निर्माताओं ने दर्शकों के अनुभव को बढ़ाने और गूंज पैदा करने के लिए ष्श्री राम रथष् का आयोजन किया है। श्री राम रथ् को वाराणसी में देखा जा सकता है, और जब यह शहर के प्रसिद्ध स्थानों की यात्रा कर रहा होगा, तो इसका अनूठा डिज़ाइन दर्शकों को एक दिव्य अनुभव देगा। यह रथ वाराणसी में मार्कंडेय महादेव मंदिर, राम मंदिर, सिंधोरा बाजार, लालगंज, मड़वाडीह स्टेशन, वाराणसी कैंट और चौकाघाट जैसे अन्य स्थान शामिल हैं।

## आरएसएस ने वेद नंदा के निधन पर शोक जताया

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** (आरएसएस) ने प्रसिद्ध कानूनविद प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा के निधन पर मंगलवार को गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि उनके निधन के साथ ही संघ के एक समर्पित स्वयंसेवक और महान मानवीय गुणों से संपन्न व्यक्ति की जीवन यात्रा का अंत हो गया।भारतीय मूल के अमेरिकी शिक्षाविद नंदा अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञ थे और उन्हें 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। गुजरांवाला (अब पाकिस्तान) में 1934 में जन्मे नंदा का एक जनवरी को डेनवर में निधन हो गया था।आरएसएस की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा, वेद प्रकाश नंदा जी के निधन पर हम गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

# लिलोंग चिंगजाओ में तनावपूर्ण शांति, मृतकों की संख्या चार हुई

## मणिपुर गोलीबारी घटना

भाषा। इंफाल

**मणिपुर के** थोउबल जिले में अल्पसंख्यक बहुल लिलोंग चिंगजाओ इलाके में मंगलवार को स्थिति शांत लेकिन तनावपूर्ण रही और क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। लिलोंग चिंगजाओ में अज्ञात हमलावरों के गोली मारने से चार ग्रामीणों की जान जा चुकी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि घटना में घायल हुए एक और व्यक्ति के दम तोड़ने से मृतक संख्या बढ़कर चार हो गई है जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य व्यक्ति इंफाल के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं।वर्दी में आए अज्ञात बंदूकधारी सोमवार रात को एक व्यक्ति से पैसे वसूलने के लिए लिलोंग चिंगजाओ आए थे, जिसके बाद विवाद हुआ। उन्होंने बताया कि जब स्थानीय लोग उन्हें खदेड़ रहे थे तो बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे कई लोग हताहत हो गए।अधिकारी ने कहा, घटना के बाद सोमवार रात को तनाव बढ़ गया लेकिन नागरिक संगठन के नेताओं और लिलोंग के विधायक अब्दुल नासिर द्वारा एक अंतर-धार्मिक बैठक आयोजित करने और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा दोषियों को गिरफ्तार करने तथा कानून के अनुसार उन्हें दंडित किए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद स्थिति शांत हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए वाहनों की गश्त बढ़ा दी गई है। कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के मद्देनजर इंफाल घाटी के पांच जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सड़कों पर कुछ ही वाहन चलते दिखाई दिए ओर अधिकतर वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए इंफाल के जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में लाया गया है उनकी पहचान मोहम्मद दौलत (30), एम सिराजुद्दीन (50), मोहम्मद आजाद खान (40) और मोहम्मद हुसैन (22) के रूप में की गई। घटना में 10 अन्य घायल हो गए और फिलहाल इंफाल के एक अन्य अस्पताल में उनका इलाज हो रहा है।

## मिजोरम से म्यामां के 151 सैनिकों को वापस उनके देश भेजा गया

**आइजोल।** म्यामां मे जातीय उग्रवादी संगठन के साथ सशस्त्र संघर्ष के दौरान वहां से भागकर मिजोरम आ गए 151 सैनिको मंगलवार को वापस भेज दिया गया। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।इन सैनिको को म्यामां की वायुसेना मिजोरम की राजधानी आइजोल से विमान से ले गई।अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप 29 दिसंबर को उग्रवादी संगठन अराकान आर्मी के लड़ाको ने इन सैनिको के शिविर को ध्वस्त कर दिया, जिसके बाद वे भारतीय सीमा पार कर मिजोरम के लानगतलाई जिले मे आ गए थे।अपने हथियार लेकर भाग आए म्यामां सेना के इन जवानों ने ट्यूसेंटलांग मे अर्धसैनिक बल असम राइफल्स से संपर्क किया था। वे तब से अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप पारवा मे असम राइफल्स की अभिरक्षा मे थे।नवंबर मे भी लोकतंत्र समर्थक मिलिशिया द्वारा म्यामां-भारत सीमा के समीप सैन्य शिविर नष्ट कर दिए जाने के बाद म्यामां के 104 सैनिक भागकर मिजोरम मे आ गए थे।

## सीएए के नियम लोकसभा चुनाव की घोषणा से काफी पहले अधिसूचित किए जाएंगे : अधिकारी

**नई दिल्ली।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), 2019 के नियमों को लोकसभा चुनाव की घोषणा स काफी पहलै अधिसूचित कर दिया जाएगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नरेन्द्र मोदी नीत सरकार द्वारा लाए गए सीएए के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान की जाएगी। संसद ने दिसंबर 2019 में संबंधित विधेयक को मंजूरी दी थी और बाद में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसके विरोध में देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। अधिकारी ने कहा,"हम जल्द ही सीएए के नियम जारी करने जा रहे हैं। नियम जारी होने के बाद, कानून लागू किया जा सकता है और पात्र लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सकती हैं"कानून में चार साल से अधिक की देरी हो चुकी है और कानून लागू होने के लिए नियम जरूरी हैं। लोकसभा चुनाव के अप्रैल-मई में होने की संभावना है। यह पूछे जाने पर कि क्या कानून के नियम अगले लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले अधिसूचित किए जाएंगे, अधिकारी ने कहा, हां, उससे काफी पहले।

# कोविड-19, जेएन-1 के 312 मामले पाए गए

भाषा। नई दिल्ली

**इंडियन** सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम की ओर से मंगलवार को जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में अभी तक कोविड-19 के नए उपस्वरूप जेएन.1 के कुल 312 मामले सामने आए हैं जिनमें से करीब 47 फीसदी मामले केवल केरल में दर्ज किए गए। अभी तक 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वायरस के जेएन.1 उपस्वरूप की उपस्थिति पाई गई है। आईएनएसएसीओजी के अनुसार, इन राज्यों में केरल (147), गोवा (51), गुजरात (34), महाराष्ट्र (26), तमिलनाडु (22), दिल्ली (16), कर्नाटक (आठ), राजस्थान (पांच), तेलंगाना (02) और ओडिशा (01) शामिल हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि दिसंबर में देश में दर्ज किए गए कोविड के 279 मामलों में जेएन.1 पाया गया है जबकि नवंबर में ऐसे 33 मामले सामने आए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन.1 को इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है लेकिन साथ ही सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका है। हालांकि, हाल के सप्ताहों में कई देशों से जेएन.1 के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। केंद्र ने देश में कोविड-19 के मामलों और जेएन.1 उप स्वरूप पाए जाने की संख्या में वृद्धि के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस पर लगातार नजर बनाए रखने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोरोना वायरस के 573 नए मामले आए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,565 है।

# चीनी वीजा धन शोधन मामले में कार्ति फिर से ईडी के सामने पेश हुए

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस सांसद** कार्ति चिदंबरम 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से जुड़े धन शोधन मामले में नए दौर की पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। तमिलनाडु की शिवगंगा लोकसभा सीट से 52 वर्षीय सांसद से इस मामले में पिछले साल 23 दिसंबर को पूछताछ की गई थी और केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया था। अधिकारियों ने कहा कि वह मध्य दिल्ली में ईडी मुख्यालय में मामले के जांच अधिकारी के सामने फिर से पेश हुए। उन्होंने जांच एजेंसी के दफ्तर जाने से पहले संवाददाताओं से कहा, यह एक सामान्य बात है। ए ऐसी चीजें हैं जो नियमित रूप से होती हैं, खासकर जब चुनाव नजदीक आते हैं। ए सभी व्यर्थ की कवायदें हैं। हम इन से निपटेंगे। धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज धन शोधन का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी से उपजा है।केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी के मुताबिक, यह जांच वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के एक शीर्ष कार्यकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस. भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपए का भुगतान करने के आरोपों से संबंधित है। टीएसपीएल पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी। सीबीआई के अनुसार, बिजली परियोजना स्थापित करने का काम एक चीनी कंपनी द्वारा किया जा रहा था और तय समय से पीछे चल रहा था।सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, टीएसपीएल के एक कार्यकारी ने 263 चीनी श्रमिकों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने की मांग की थी जिसके लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपए का आदान-प्रदान किया गया था। सीबीआई ने पिछले साल चिदंबरम परिवार के परिसरों पर छापा मारा था और भास्कररमन को गिरफ्तार किया था, जबकि कार्ति से पूछताछ की गई थी।

## क्विक न्यूज

### यूजीसी ने कर्मचारियों के प्रशिक्षण, कौशल विकास के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजना शुरू की

नई दिल्ली। केंद्र द्वारा 2021 में क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) की स्थापना के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) वार्षिक क्षमता निर्माण योजना शुरू करने वाला पहला स्वायत्त संगठन बन गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। वार्षिक क्षमता निर्माण योजना (एसीबीपी) को मंगलवार को यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य (मानव संसाधन) आर बालासुब्रमण्यम की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर शुरुआत की। यूजीसी पहला स्वायत्त संगठन है जिसने सीबीसी के सहयोग से अपने कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए योजना शुरू की है। एसीबीपी एक व्यापक योजना है जो अधिकारियों की दक्षताओं और यूजीसी की समग्र क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक हस्तक्षेपों को रेखांकित करती है। कुमार ने कहा, यह योजना एक क्षमता आवश्यकता मूल्यांकन अभ्यास से ली गई है जो मार्च, 2023 से शुरू होने वाली छह महीने की अवधि में यूजीसी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ किया गया था। यूजीसी प्रमुख ने बताया कि इसके पीछे विचार यूजीसी कर्मचारियों की क्षमताओं, प्रतिभाओं, दक्षताओं, दक्षता और योग्यताओं का निर्माण, विकास और वृद्धि करना है जिससे भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली की सेवा करने की उनकी क्षमता बढ़ाई जा सके। प्रणाली के माध्यम से, यूजीसी कर्मचारियों को चार प्रमुख क्षेत्रों - व्यावहारिक, कार्यात्मक, कार्यक्षेत्र और प्रौद्योगिकी दक्षताओं में प्रशिक्षित किया जाएगा।

### मंत्री चेरियन ने बिशप से जुड़ी अपनी विवादास्पद टिप्पणी वापस ली

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री के क्रिसमस कार्यक्रम मे शामिल होने वाले बिशप के खिलाफ की गई अपनी टिप्पणी को लेकर कई चर्च समूहो की आलोचना का सामना कर रहे केरल के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री साजी चेरियन ने अपनी टिप्पणी वापस ले ली है। मंत्री ने मंगलवार को कहा कि वह अपने भाषण मे केक और शराब से संबंधित विवादित अंशो को वापस ले रहे है जिससे उन्हे (बिशप को) ठेस पहुंची। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता चेरियन ने मोदी के क्रिसमस कार्यक्रम के दौरान मणिपुर और देश के अन्य हिस्सो मे ईसाइयो को निशाना बनाने वाली हिसा के मुद्दे पर बिशपो के कथित मौन पर अपना रुख बरकरार रखा है। नई दिल्ली में 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के क्रिसमस कार्यक्रम मे उनके आधिकारिक आवास पर उपस्थित पादरियो के खिलाफ मंत्री की टिप्पणी को लेकर कई कैथोलिक चर्च और अन्य ईसाई समूह आलोचना कर रहे है। अपनी आलोचना से अवगत मंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया मे कहा, यदि केक और शराब के बारे मे टिप्पणी को लेकर उन्हे कोई कठिनाई और पीड़ा है, तो भाषण के उन हिस्सों को वापस लिया जाता है। उन्होने कहा कि अलप्पुझा जिले मे रविवार की शाम माकपा की स्थानीय समिति के कार्यालय के उद्घाटन के दौरान उनके भाषण को लेकर पादरियो ने चिंता जताई है। चेरियन ने माना कि उनके भाषण में शराब और केक का जिक्र उन्हें असहज कर सकता है। केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) की ओर से टिप्पणी वापस लेने तक राज्य सरकार के प्रति असहयोग करने के ऐलान पर मंत्री ने अपनी टिप्पण वापसी ले ली। मंत्री ने कहा कि उनके सभी बिशप के साथ निजी संबंध है और कहा कि उनका इरादा उन्हें अपमानित करने का नही था। क्रिसमस कार्यक्रम के दौरान पादरियो की ओर से मोदी के समक्ष मणिपुर हिसा के मुद्दे पर चर्चा नही करने संबंधी चेरियन की आलोचना पर चर्च के प्रवक्ता ने कहा था कि ईसाइयो के राजनीतिक रुख को निर्धारित करना राजनीतिक दलों का काम नही है।

### मानसिक विकार से जूझ रहे लोगों के साथ संयम और संवेदनशीलता बरतें

मुंबई। भाग्य लक्ष्मी ने अपनी दिलचस्प कहानी और लक्ष्मी ऐश्वर्या खरे और ऋषि रोहित सुचंती की ज़िंदगी में आने वाले नए-नए मोड़ के साथ दर्शकों के बीच दिलचस्प जगाए रखी है। जीटीवी के शो के बड़ी संख्या में दर्शक बन गए हैं और ऐसे में रुरिश्मी के फैंस भी दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। जहां ऋषि लक्ष्मी को पागलखाने से निकालने की जद्दोजहद कर रहा है, वहीं असल ज़िंदगी में रोहित खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि उन्हें ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो एक्टर के रूप में उन्हें चैलेंज करता है, साथ ही मानसिक विकार से जूझ रहे लोगों के साथ संयम और संवेदनशीलता के साथ पेश आने का महत्व बताता है। हाल ही में दर्शकों ने देखा कि किस तरह लक्ष्मी को बचाने की ऋषि की तमाम कोशिशों के बावजूद लक्ष्मी को पागलखाने ले जाया गया। इस शो के दौरान हमने देखा है कि लक्ष्मी ने कितनी समझदारी से ऋषि का ख्याल रखा और अब ऋषि की बारी है कि वो मानसिक रूप से बीमार लक्ष्मी का ख्याल रखे, जो एक भयानक एक्सीडेंट के बाद अपनी याददाश्त खो चुकी है। रोहित सुचंती अपनी इस भूमिका को बखूबी निभा रहे हैं, जहां उन्होंने ऐसे संवेदनशील रोल को निभाने के बाद खुद में आए बदलाव के बारे में चर्चा की। रोहित कहते है कि इस शो का वतर्मान ट्रैक बड़ा दिलचस्प है और मैं इसका पूरा मजा ले रहा हूं क्योंकि ऋषि के किरदार में पूरी तरह से बदलाव आ चुका है।

### पांच देश ब्रिक्स के पूर्ण सदस्य बने

नई दिल्ली। भारत, रूस और चीन सहित शीर्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओ वाले ब्रिक्स समूह ने वैश्विक मामलो मे पश्चिमी प्रभुत्व की पृष्ठभूमि मे अपनी रणनीतिक शक्ति बढ़ाने के प्रयास के तहत इसमे पांच पूर्ण सदस्यो को शामिल करने की घोषणा की है। रूस के ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालते ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि यह समूह अब 10 देशो का संगठन बन गया है, जिसमे मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए सदस्य के रूप मे शामिल हो गए है।अगस्त मे, जोहानिसबर्ग मे समूह के शिखर सम्मेलन मे शीर्ष ब्रिक्स नेताओ ने एक जनवरी से अर्जेंटीना सहित छह देशो को इस समूह मे शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।हालाँकि, अर्जेंटीना के नए राष्ट्रपति जेवियर माइली ने पिछले हफ्ते अपने देश को ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) का सदस्य बनने का प्रस्ताव वापस लेने की घोषणा की।पुतिन ने एक संबोधन मे कहा,मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए पूर्ण सदस्यो के रूप मे ब्रिक्स मे शामिल हुए, जो संगठन के बढ़ते प्रभाव और अंतरराष्ट्रीय मामलो मे इसकी भूमिका का एक मजबूत संकेत है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रिक्स लगातार बढ़ती संख्या मे समर्थको और समान विचारधारा वाले देशो को आकर्षित कर रहा है जो संप्रभु समानता, खुलेपन, आम सहमति, बहुध्रुवीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाने की आकांक्षा और एक निष्पक्ष वैश्विक वित्तीय एवं व्यापार प्रणाली जैसे इसके अंतर्निहित सिद्धांतो को साझा करते है। इस समूह ने सितंबर 2006 मे आकार लिया और इसमे मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत और चीन (ब्रिक) शामिल थे। सितंबर 2010 मे दक्षिण अफ्रीका को पूर्ण सदस्य के रूप मे स्वीकार किए जाने के बाद इसका नाम बदलकर ब्रिक्स कर दिया गया। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है और यह वर्षो से वैश्विक आर्थिक विकास का एक प्रमुख प्रेरक रहा है। पुतिन ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने मे कोई कसर नही छोड़ेगे कि परंपराओ को संरक्षित करते हुए और पिछले वर्षो मे संगठन द्वारा प्राप्त अनुभव से निर्देशित होकर, हम इसकी गतिविधियो के सभी प्रारूपों मे नए प्रतिभागियो के सामंजस्यपूर्ण एकीकरण की सुविधा प्रदान करे।

### गुजरात के यात्री अमेरिका जाने के लिए एजेंट को 60-80 लाख रुपए देने को हुए थे राजी

**अहमदाबाद।** निकारागुआ जाने वाले जिस विमान को मानव तस्करी के संदेह मे फ्रांस से वापस भेज दिया गया था, उसमे सवार गुजरात के 60 से अधिक लोग आव्रजन एजेंट को 60 -80 लाख रुपए देने के लिए राजी हुए थे और एजेंट ने उनसे लातिन अमेरिकी देश मे पहुंचने के बाद अवैध ढंग से अमेरिका पहुंचा देने का वादा किया था। यहां अधिकारियो ने यह जानकारी दी।एक सप्ताह पहले एक एयरबस ए 340 विमान निकारागुआ जा रहा था और मानव तस्करी के संदेह में उसे चार दिनो तक फ्रांस में रोककर रखा गया था। उसमें 260 भारतीयों समेत 303 यात्री सवार थे। वह विमान 26 दिसंबर को तड़के मुंबई लौटा था।राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी-- अपराध एवं रेलवे) के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इन यात्रियो मे गुजरात के 66 लोग थे जो पहले ही राज्य में अपने-अपने मूल स्थानो पर पहुंच चुके है। इस प्रकरण की जांच कर रहे पुलिस अधीक्षक (सीआईडी-अपराध, रेलवे) संजय खराट ने बताया कि गुजरात के ए 66 लोग मुख्य तौर पर मेहसाणा, अहमदाबाद, गांधीनगर और आनंद जिलो के है और उनमें कुछ नाबालिग भी है।उन्होने बताया, हम पहले ही उनमें से 55 लोगो से पूछताछ कर चुके है और उनके बयान दर्ज कर चुके है। उनमे से अधिकतर आठवी से 12 वी कक्षा तक पढ़े हुए है। उनमे से हर एक ने कबूल किया कि वे स्थानीय आव्रजन एजेंट को दुबई के रास्ते निकारागुआ पहुंचने के बाद अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल करवाने में मदद के लिए 60 लाख से 80 लाख रुपए देने पर राजी हुए थे। खराट ने कहा, इन एजेंट ने इन 55 लोगो से अमेरिका पहुंचने के बाद ही पैसे का भुगतान करने को कहा था। इन एजेंट ने इन यात्रियो से कहा था कि उनके लोग उन्हे निकारागुआ से अमेरिका सीमा तक ले जाएंगे और वे उन्हें सीमा को पार कराने में मदद करेंगे।

## कांग्रेस ने दो सप्ताह में लोगों से 10 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले लोगों से धन जुटाने के अभियान के तहत गत दो सप्ताह में 10 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि पार्टी ने 18 दिसंबर को ऑनलाइन दान अभियान शुरू किया था और नए साल में प्रवेश के साथ 10 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं।

PUBLIC NOTICE
Be it known to all that, I Neel Kamal Jetly S/o. Late V.N. Jetly is owner and resident of Flat No. 3-D, Fourth Floor, Shiv Shakti C.G.H.S. Ltd., Plot No.10, Sector-10, Dwarka, New Delhi -110075, have lost/misplaced the SHARE CERTIFICATE No. 10481 Dated 11/06/2008 issued by Shiv Shakti C.G.H.S. Ltd., in respect of Flat No.3-D, Fourth Floor, Shiv Shakti C.G.H.S. Ltd., Plot No.10, Sector-10, Dwarka, New Delhi -110075 on 18/10/2018 and an N.C.R./F.I.R. has already lodged on Delhi Police online portal vide LR No.1287912/2023 dated 29.12.2023. Founder please inform the undersigned within 15 days, after that the founder/ user will be responsible for the use of the same in all respect, whatsoever.
NEEL KAMAL JETLY
Phone: 9811485037

# जापान में भूकंप से मृतक संख्या 55 हुई, कई इमारतें ढहीं

**भाषा।** वाजिमा



**पश्चिमी** जापान में एक के बाद एक आए भूकंप के कई झटकों के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 55 हो गई है और कई इमारतें, वाहन तथा नौकाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। अधिकारियों ने भूकंप के खतरे को देखते हुए मंगलवार को चेतावनी जारी कर कुछ क्षेत्र में लोगों को अपने घरों से दूर रहने को कहा है। जापान के इशिकावा प्रांत और आसपास के इलाकों में सोमवार की दोपहर को भूकंप के एक के बाद एक, कई झटके महसूस किए गए, जिनमें सबसे अधिक 7.6 तीव्रता का भूकंप भी था। अधिकारियों ने बताया कि इशिकावा में 48 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि मकानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं किया जा सका है। जापानी मीडिया खबरों में बताया गया कि हजारों मकान ढह गए हैं। सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने कहा कि 17 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, हालांकि प्रीफेक्चर की ओर से जारी मृतकों की संख्या से अवगत होने के बावजूद उन्होंने मरने वालों की संख्या कम बताई। कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और फोन सेवाएं अभी भी बंद हैं। स्थानीय निवासी नष्ट हुए घरों और अपने अनिश्चित भविष्य को लेकर चिंचित हैं।

अपने घर के आसपास से मलबा हटाने में लगी इशिकावा निवासी मिकी कोबायाशी ने कहा, देखने से लगेगा कि घर सिर्फ गंदा हुआ, लेकिन ऐसा नहीं है दीवारें ढह गई हैं मुझे नहीं लगता कि यह रहने लायक है। उन्होंने कहा 2007 के आए भूकंप में भी उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मंगलवार को कहा कि बचाव प्रयासों में तेजी लाने के लिए 1,000 सैनिकों को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, लोगों की जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसीलिए जरूरी है कि घरों में फंसे लोगों को तुरंत बचाया जाए। जब वह बोल रहे थे उस समय इशिकावा क्षेत्र में 5.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया।

दमकलकर्मियों ने वाजिमा शहर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। परमाणु नियामकों ने कहा कि क्षेत्र में परमाणु संयंत्र सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इससे पहले मार्च 2011 में, एक बड़े भूकंप और सुनामी के कारण संयंत्र में खराबी आ गई थी। समाचार वीडियो में एक कतार में काफी सारे धवस्त मकान दिखाई दे रहे हैं। गाड़ियां पलटी हुई हैं और नौकाएं डूबी हुई हैं। सुनामी के कारण समुद्र तटों पर कीचड़ है।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार को इशिकावा में सुनामी की चेतावनी जारी की थी, लेकिन मंगलवार की सुबह चेतावनी वापस ले ली गई। हालांकि, एजेंसी ने कहा है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और भी भूकंप आ सकते हैं। भूकंप के बाद घरों से निकाले गए लोगों को सभागारों, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में आश्रय दिया गया है। क्षेत्र में बुलेट ट्रेन रोक दी गई थीं, लेकिन मंगलवार दोपहर तक लगभग सभी सेवाओं को बहाल कर दिया गया है। राजमार्गों के कई हिस्से बंद कर दिए गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि उनका प्रशासन जापानी लोगों को हरसंभव मदद पहुंचाने के लिए तैयार है।

# एमनेस्टी इंटरनेशनल ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस को दोषी ठहराए जाने की निंदा की

**ढाका।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने नोबेल पुरस्कार सम्मानित बांग्लादेश के अर्थशास्त्री डॉ. मुहम्मद यूनुस को ढाका श्रम अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने की निंदा की है और इसे देश में "मानवाधिकारों की संकटपूर्ण स्थिति का प्रतीक" बताया है, जहां आलोचकों को झुकने के लिए मजबूर किया जाता है। बांग्लादेश के 83 वर्षीय अर्थशास्त्री को सोमवार को एक अदालत ने श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए छह महीने जेल की सजा सुनाई थी, जिसे उनके समर्थकों ने सात जनवरी के आम चुनावों से पहले "राजनीति से प्रेरित" करार दिया था। उन्होंने फैसले के बाद जमानत का अनुरोध किया, जो उन्हें 5,000 टका मुचलके पर तुरंत एक महीने के लिए प्रदान कर दी गई।

यूनुस और ग्रामीण टेलीकॉम में उनके तीन सहयोगियों पर श्रम कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था जब वे कंपनी में श्रमिक कल्याण कोष बनाने में विफल रहे थे। ग्रामीण टेलीकॉम यूनुस द्वारा स्थापित कंपनियों में से एक है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूनुस की सजा बांग्लादेश में मानवाधिकारों की संकटग्रस्त स्थिति का प्रतीक है, जहां अधिकारियों ने स्वतंत्रता को खत्म कर दिया है और आलोचकों को झुकने के लिए मजबूर किया है। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि जिस असामान्य गति से यूनुस के खिलाफ मुकदमा पूरा हुआ, वह देश में अन्य श्रम अधिकारों से संबंधित अदालती मामलों में "बेहद धीमी गति से प्रगति के बिल्कुल विपरीत है। इसमें कहा गया, श्रम कानूनों का दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिशोध के लिए न्याय प्रणाली का दुरुपयोग अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का उल्लंघन है।

यूनुस को गरीबी-विरोधी उनके अभियान के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया था।

श्रम अदालत की न्यायाधीश शेख मेरिना सुल्ताना ने फैसला सुनाते हुए कहा कि उनके खिलाफ श्रम कानून का उल्लंघन करने का आरोप सिद्ध हो चुका है। न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि यूनुस को एक व्यावसायिक कंपनी के तीन अन्य अधिकारियों के साथ ग्रामीण टेलीकॉम के अध्यक्ष के रूप में कानून का उल्लंघन करने के लिए छह महीने की साधारण कारावास की सजा काटनी होगी। अगस्त 2023 में, ग्रामीण टेलीकॉम के 18 पूर्व कर्मचारियों ने यूनुस के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर उनकी नौकरी के फायदों को को हड़पने का आरोप लगाया गया था। श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में यूनुस पर अगस्त 2022 में मुकदमा चलाया गया था।

# हमास के खिलाफ लड़ने वाले इजराइली व्यक्ति पर सैनिक बनकर हथियार चोरी करने का आरोप

**यरुशलम।** खुद को सैनिक बता सेना की एक इकाई का हिस्सा बनकर हमास के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले एक इजराइली व्यक्ति पर हथियार चोरी का आरोप लगा है। व्यक्ति ने कभी सेना में सेवा नहीं दी। रविवार को दायर अभियोग के अनुसार रोई यिफ्रैक (35) ने सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद की स्थिति का फायदा उठाया और हमास के खिलाफ युद्ध में शामिल हो गया। उसने बड़ी मात्रा में सैन्य हथियार, युद्ध सामग्री और संवेदनशील संचार उपकरण समेत सैनिकों के उपयोग की वस्तुओं की चोरी की। इजराइल की मीडिया ने बताया कि उसने गाजा में लड़ाई के दौरान समय बिताया और यहां तक कि क्षेत्र में सैनिकों से मिलने आए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की एक यात्रा के दौरान उनके साथ उसकी एक तस्वीर भी सामने आई।

अभियोग के अनुसार यिफ्रैक सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल गया था और उसने खुद को आतंकवाद रोधी इकाई के एक सैनिक, बम निरोधक विशेषज्ञ और शिन बेत आतंरिक सुरक्षा सेवा के सदस्य के रूप में पेश किया था।

पुलिस ने यिफ्रैक को 17 दिसंबर को गिरफ्तार किया और उसके पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला बारूद, मैगजीन, वॉकी-टॉकी, एक ड्रोन, सैनिकों की वर्दी और अन्य सैन्य उपकरण बरामद किए गए। यिफ्रैक के वकील ईटन सबाग ने इजराइल के चैनल 12 टीवी को बताया कि यिफ्रैक एक पैरामेडिक के तौर पर मदद के लिए दक्षिण में गया था और उसने दो महीने से अधिक समय तक बड़ी बहादुरी से जंग लड़ी। सबाग ने कहा, वह लड़ाई के बीच लोगों की मदद और उन्हें बचाने में सहयोग कर रहा था। उसने आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई भी लड़ी।

# जापान में हवाई अड्डे पर टक्कर के बाद दो विमानों में आग लगी

● **सैकड़ों लोग बचे, पांच की मौत**

**भाषा।** तोक्यो

**जापान** की राजधानी में हानेडा हवाई अड्डे के रनवे पर मंगलवार को एक यात्री विमान और तटरक्षक बल के एक विमान के बीच टक्कर के बाद दोनों विमानों में आग लग गई। इस घटना में छोटे विमान में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। परिवहन मंत्री तेत्सुओ सैतो ने पुष्टि की कि जापान एअरलाइंस की उड़ान जेएएल-516 में सवार सभी 379 लोग विमान के आग की लपटों में घिरने से पहले सुरक्षित बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि तटरक्षक विमान का पायलट तो बच गया लेकिन चालक दल के पांच अन्य सदस्यों की मौत हो गई। मंत्री ने कहा कि जापान एअरलाइंस का यात्री विमान एयरबस ए-350 था, जिसने साप्पोरो शहर के पास शिन चिटोस हवाई अड्डे से हानेडा के लिए उड़ान भरी थी।



तटरक्षक प्रवक्ता योशिनोरी यानागिशिमा ने यात्री विमान और (तटरक्षक) बल की उड़ान एमए-722, बॉम्बार्डियर डैश-8 के बीच टक्कर की पुष्टि की। जापान की समाचार एजेंसी क्योदो ने कहा कि तटरक्षक विमान सोमवार को क्षेत्र में आए भीषण भूकंप से प्रभावित निवासियों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए निगाटा की ओर जाने वाला था। जापान में कल आए भूकंप में कम से कम 48 लोग लोगों की मौत की खबर है। वाइस कमांडर योशियो सेगुची ने संवाददाताओं से कहा कि तटरक्षक पायलट ने अपने केंद्र को सूचना दी कि वाणिज्यिक विमान से टकराने के बाद उसके विमान में विस्फोट हो गया।

परिवहन मंत्रालय-नागरिक उड्डयन ब्यूरो के प्रमुख शिगेनोरी हिराओका ने कहा कि टक्कर तब हुई जब जेएएल विमान हानेडा के चार रनवे में से एक पर उतरा जहां तटरक्षक विमान उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। हिरोका ने सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकालने के वास्ते "उचित प्रक्रियाएं अपनाने" के लिए जेएएल की प्रशंसा की। स्थानीय टीवी चैनल पर प्रसारित वीडियो में जापान एअरलाइंस के विमान के रनवे पर उतरने के दौरान आग और धुएं का एक बड़ा गुबार दिखाई दिया। इसके बाद विमान के पंख के आसपास के क्षेत्र में आग लग गई। एक घंटे बाद की वीडियो फुटेज में विमान पूरी तरह से जलता हुआ दिखाई दिया। जापान एअरलाइंस के विमान में सवार 17 वर्षीय स्वीडिश नागरिक एंटोन डेइबे ने स्वीडिश अखबार आफ्टनब्लाडेट को बताया कि कुछ ही मिनटों में पूरा कैबिन धुएं से भर गया। हम फर्श पर लेट गए। फिर आपातकालीन दरवाजे खुले और हम उनसे कूद गए।

## लॉस एंजिलिस में नव वर्ष पर गोलीबारी की घटनाओं में तीन लोगों की मौत, कई घायल

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में नव वर्ष के मौके पर आयोजित एक पार्टी में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक समाचार विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारियों को सोमवार देर रात करीब एक बजे गोलीबारी की सूचना मिली और घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्होंने गोलियां चलने की आवाज सुनी और लोगों को इलाके से भागते हुए तथा घायलों को सड़कों पर गिरे देखा। पुलिस ने बताया कि एक पुरुष और महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने शुरुआत में बताया था कि तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन बाद में आठ लोगों के घायल होने की जानकारी दी। उनकी हालत के बारे में अभी कोई सूचना नही मिली है। जांचकर्ताओं का मानना है कि पार्टी में किसी विवाद के बाद गोलीबारी हुई। यह पार्टी एक औद्योगिकी इलाके में हो रही थी, जहां कई गोदाम और व्यवसायिक इमारतें स्थित हैं। किसी भी संदिग्ध के बारे में अभी कोई सूचना नही मिली है। इस बीच, लॉस एंजिलिस काउंटी शेरिफ विभाग हावथोर्न शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी की एक अन्य घटना की जांच कर रहा है जिसमें एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए हैं।

## ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद आग लगी, कई चोटिल

**ओरिंडा (अमेरिका)।** सैन फ्रांसिस्को बे एरिया में नव वर्ष के दिन एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई और उसके बाद उसमें आग लग गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में कई लोगों को मामूली चोटें आईं और कुछ समय के लिए रेल सेवा भी बाधित हो गई एजेंसी के प्रवक्ता जिम एलिसन ने बताया कि बे एरिया रैपिड ट्रांजिट ट्रेन सोमवार को सुबह करीब नौ बजे ओरिंडा से लफाएट के लिए रवाना हुई ही थी कि ट्रेन के आगे के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। फिर उनमें आग भी लग गई। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और दमकलकर्मियों ने ट्रेन के डिब्बों में लगी आग को बुझा दिया। एलिसन ने कहा कि कई यात्रियों को मामूली चोटें आई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल लोगों की संख्या की जानकारी नही दी गई है।

## दक्षिण कोरिया के विपक्ष के नेता पर अज्ञात व्यक्ति ने किया हमला

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के विपक्ष के नेता ली जेइ-म्युंग पर मंगलवार को दक्षिणपूर्वी बुसान शहर में एक अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गए। बुसान के आपात कार्यालय ने बताया कि ली बुसान शहर के एक नए हवाई अड्डे के निर्माण स्थल के दौरे पर आए थे तभी उन पर हमला किया गया। मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली होश में है लेकिन अभी उनकी हालत के बारे में कुछ पता नही चला है। दक्षिण कोरियाई मीडिया ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि हमलावर ने ली की गर्दन पर वार करने के लिए चाकू जैसे हथियार का इस्तेमाल किया। टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो में ली जमीन पर नीचे गिरे हुए दिख रहे है और एक व्यक्ति ने खून बहने से रोकने के लिए उनकी गर्दन को रूमाल से दबाया हुआ है। खबरों में कहा गया है कि पुलिस ने हमलावर को घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया। हमलावर ने अपने सिर पर ताज जैसा कुछ पहना हुआ है। ली 2022 में राष्ट्रपति यून सुकयियोल से बहुत कम अंतर से राष्ट्रपति पद का चुनाव हार गए थे। पूर्व प्रांतीय गवर्नर रहे ली को उनकी बेबाक शैली के लिए जाना जाता है। उनके समर्थक उन्हे अभिजात्य विरोधी नेता के रूप में देखते है जो वर्चस्व की राजनीति में सुधार ला सकता है, भ्रष्टाचार मिटा सकता है और बढ़ती आर्थिक असमानता को हल कर सकता है। उनके आलोचक उन्हे ऐसा नेता मानते है जो विभाजन को बढ़ावा देने में भरोसा करता है।

## हांगकांग के प्रमुख अधिकार कार्यकर्ता, प्रकाशक जिम्मी लाई ने राजद्रोह के आरोप खारिज किए

**हांगकांग।** हांगकांग के प्रमुख अधिकार कार्यकर्ता और प्रकाशक जिम्मी लाई ने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित एक ऐतिहासिक मुकदमे में मंगलवार को राजद्रोह और विदेशी ताकतों से मिलीभगत के आरोप सिरे से खारिज कर दिए। अब बंद हो चुके अखबार एप्पल डेली के संस्थापक लाई पर चीन और हांगकांग की सरकारों के खिलाफ नफरत भड़काने वाली देशद्रोही प्रकृति की सामग्री प्रकाशित करने की साजिश रचने का एक आरोप और चीन तथा हांगकांग के खिलाफ प्रतिबंध और अन्य प्रतिकूल कदम उठाने के लिए विदेशी ताकतों से मिलीभगत के दो आरोप लगाए गए है। अदालत में लाई को जेल के तीन अधिकारी ले कर आए। लाई ने आरोपों को स्वीकार नही किया। अदालत ने लाई की, उनके खिलाफ लगाए गए राजद्रोह के आरोपो को हटाने की कोशिश को नाकाम कर दिया था। अदालत ने मंगलवार को अभियोजन पक्ष की शुरुआती दलीलो पर सुनवाई शुरू की। गहरे नीले रंग का कोट और सफेद कमीज पहने हुए लाई अदालत कक्ष में घुसने पर अपने परिवार के सदस्यो की ओर देखकर मुस्कुराए। लाई (76) को 2019 में लोकतंत्र के समर्थन में हुए व्यापक प्रदर्शनो के बाद, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दोषी पाए जाने पर उन्हे उम्रकैद की सजा हो सकती है।

# दक्षिणी गाजा में भीषण लड़ाई, अन्य इलाकों से इजराइल के हजारों सैनिकों की वापसी

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में मंगलवार को भीषण लड़ाई की खबर है। इससे एक दिन पहले ही इजराइल ने कहा था कि वह भीषण हवाई बमबारी और जमीनी कार्वाई की रणनीति में संभावित बदलाव के मद्देनजर अन्य इलाकों से अपने हजारों सैनिकों को वापस बुला रहा है। इजराइल ने हमास शासित गाजा को तबाह कर दिया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को कुचलने और गाजा में आतंकवादी समूह द्वारा अब भी बंधक बनाकर रखे गए 100 से अधिक लोगों को मुक्त कराने तक युद्ध जारी रखने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कई और महीने लग सकते हैं। लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की क्षेत्र की यात्रा से पहले इजराइल पर युद्ध रोकने का अंतरराष्ट्रीय दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इजराइल के हमले में पहले ही करीब 22 हजार फलस्तीनी मारे गए हैं। ब्लिंकन ने अपील की है कि वह फलस्तीनी नागरिकों को बचाने के लिए और कदम उठाए।

इजराइल द्वारा सैनिकों को हटाने की घोषणा ऐसे समय में की गई है जब देश के उच्चतम न्यायालय ने नेतन्याहू सरकार के विवादित न्यायिक सुधार विधेयक के अहम बिंदुओं को रद्द कर दिया है। न्यायिक सुधार की योजना ने इजराइलियों को विभाजित कर दिया था और सात अक्टूबर को हमास के हमले से पहले सैन्य तैयारियों को खतरे में डाल दिया था। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि पांच ब्रिगेड या हजारों सैनिकों को आने वाले हफ्तों में गाजा से वापस बुलाया जाएगा। कुछ सैनिक वापस अपने प्रशिक्षण केंद्रों में जाएंगे जबकि बाकी आरक्षित सैनिक अपने घरों को जाएंगे। युद्ध ने आरक्षित सैनिकों को मोर्चे पर आने के लिए मजबूर किया जिसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ा क्योंकि अपना व्यवसाय चलाने या विश्वविद्यालय की पढ़ाई करने वालों को अपना काम रोकना पड़ा।

सेना ने सार्वजनिक रूप से नहीं बताया कि सैनिकों की वापसी युद्ध के नए चरण को प्रतिबिंबित करती है लेकिन यह कदम इजराइली नेतृत्व द्वारा रेखांकित योजना के अनुकूल है जिसने कम तीव्रता के सैन्य अभियान पर जोर दिया है और यह हमास के गढ़ को निशाना बनाने तक सीमित होगा। इजराइली नेतृत्व के अनुसार, यह अभियान लंबा चल सकता है। इजराइल ने कहा है कि वह उत्तरी गाजा के अधिकतर इलाकों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने के करीब है, जिससे वहां बलों की आवश्यकता कम हो जाएगी। फिर भी फलस्तीनी क्षेत्र के अन्य हिस्सों में खासतौर पर दक्षिण में भीषण लड़ाई जारी है। दक्षिण में हमास के लड़ाके इजराइल का मुकाबला कर रहे हैं और गाजा पट्टी की 23 लाख की आबादी में से अधिकतर लोग इन्हीं इलाकों में शरण लिए हुए हैं।

इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सोमवार देर रात घोषणा की कि गाजा के करीब सात इजराइली समुदायों के निवासी जल्द ही अपने घरों में लौट सकते हैं। यह ठोस संकेत है कि सेना को विश्वास है कि उसने गाजा के कुछ हिस्सों से रॉकेट प्रक्षेपण के खतरे को कम कर दिया है। समुदाय सीमा से चार से सात किलोमीटर (2.5 से 4.5 मील) दूर रहते हैं। फलस्तीनियों ने बताया कि दक्षिणी खान यूनिस शहर में सोमवार की रात से ही इजराइल बड़े पैमाने पर हवाई हमला कर रहा है और तोप के गोले बरसा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा के बुरीज शरणार्थी शिविर में और आसपास के इलाकों में भी लड़ाई चल रही है। गाजा शहर के निवासियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र स्थित जबालिया शरणार्थी शिविर और आसपास के इलाकों में भी संघर्ष जारी है। इस शहर की अधिकतर आबादी दूसरे स्थानों पर चली गई है और गत दो महीने से इलाके में लड़ाई चल रही है।

इजराइल पर हमास ने पिछले साल सात अक्टूबर की रात को हमला कर 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया और 240 को बंधक बना लिया। हमास शासित गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल द्वारा जवाब में किए गए हमले में अबतक 21,900 लोग मारे गए हैं। इजराइल के मुताबिक, गाजा में हमास के खिलाफ जमीनी कार्वाई शुरू होने के बाद से अबतक उसके 173 सैनिक मारे गए हैं जबकि आठ हजार चरमंपथियों को उसने मार गिराया है। गाजा की 23 लाख आबादी में से 85 प्रतिशत लोग विस्थापित हुए हैं। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीजे) का रुख किया और आरोप लगाया है कि गाजा से फलस्तीनियों का सफाया करने के लिए वह नरसंहार को अंजाम दे रहा है। इजराइल ने हालांकि दक्षिण अफ्रीका के दावे को खारिज करते हुए इसे यहूदी विरोधी विचार करार दिया है। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले सप्ताह हेग स्थित अदालत से अनुरोध किया कि वह अंतरिम आदेश जारी कर इजराइल को तत्काल गाजा में सैन्य अभियान स्थगित करने का निर्देश दे।

## इजराइल अपने खिलाफ नरसंहार के आरोपों का अंतरराष्ट्रीय अदालत में बचाव करेगा

**यरुशलम।** इजराइल ने कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय अदालत में दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर नरसंहार के आरोपों के खिलाफ अपना बचाव करेगा। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी एलोन लेवी ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले को राजनीतिक और कानूनी संरक्षण देने का आरोप लगाया। इस हमले के बाद ही इजराइल ने हमास के खिलाफ युद्ध शुरू किया था। लेवी ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के नरसंहार के बेतुके आरोप को खारिज करने के लिए इजराइल हेग में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष पेश होगा। दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में मामले की शुरूआत की, जिसमें इजराइल पर गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार का आरोप लगाया और अदालत से इजराइल को हमले रोकने का आदेश देने के लिए कहा। इजराइल अपने खिलाफ़ अंतरराष्ट्रीय मामलों को अनुचित और पक्षपाती बताकर ख़ारिज कर देता है और शायद ही कभी सहयोग करता है। इजराइली प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है।

# रूस ने मिसाइल से यूक्रेन के शहरों को बनाया निशाना, पांच की मौत

● **करीब 100 अन्य घायल**

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों पर मंगलवार को मिसाइलों से हमला किया जिनमें पांच लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 100 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। युद्ध के दो साल होने को आए हैं और इसके साथ ही रूस ने सर्दियों में शहरी इलाकों में बमबारी तेज कर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि राजधानी कीव पर किए गए हमले में चार आम लोगों की मौत हुई है और 92 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि किनझल मिसाइलों से राजधानी पर हमला किया गया जो ध्वनि की गति से 10 गुना अधिक गति से जा सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर पूर्वी शहर खारकीव में रूस के हमले में एक अन्य व्यक्ति की मौत हुई है।

यूक्रेन के कमांडर-इन-चीफ जनरल वलेरी जालुजनी ने दावा किया कि हवाई रक्षा बलों ने रूस द्वारा दागी गई सभी 10 हाइपरसोनिक मिसाइलों सहित करीब 100 विभिन्न प्रकार की मिसाइलों को नाकाम कर दिया है। रूस ने शुक्रवार से अपने हमले तेज कर दिए हैं और लगातार यूक्रेन के शहरों को निशाना बना रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक शुक्रवार को किए हमले में एक दिन में सबसे अधिक 41 आम लोग मारे गए थे। राजधानी कीव में नौ मंजिला अपार्टमेंट में दो लोग मारे गए। 48 वर्षीय इन्ना लुहिना और उनकी 80 वर्षीय मां सहित परिवार के सदस्य हमले की चपेट में आ गए। इमारत पर हुए हमले में बचे करीब 100 लोगों ने स्कूल की इमारत में अस्थाई शरण ली है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि रूस ने विभिन्न तरह की करीब 100 मिसाइलें दागी हैं।

## उटाह से लापता चीनी छात्र सुरक्षित बरामद, साइबर अपहरण का शिकार हुआ

**रिवरडेल (अमेरिका)।** अमेरिका के उटाह राज्य में गत सप्ताह लापता हुए चीनी छात्र का पुलिस ने पता लगा लिया है और प्राधिकारियों ने बताया कि यह उसके परिवार से 80,000 डॉलर वसूलने के लिए किए गए साइबर अपहरण का मामला लगता है। साइबर अपहरण तब होता है जब कोई व्यक्ति पीड़ित के सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नियंत्रण कर लेता है और फिरौती मिलने तक उस पर से नियंत्रण नहीं छोड़ता है। चीन का 17 वर्षीय छात्र शुक्रवार को लापता हो गया था। उसे आखिरी बार एक दिन पहले सॉल्ट लेक सिटी से करीब 48 किलोमीटर दूर रिवरडेल में उसके घर पर देखा गया था। रिवरडेल पुलिस ने शुरुआत में बताया था कि उनका मानना है कि छात्र को उसके घर से जबरन ले जाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार रात को वह रिवरडेल से करीब 40 किलोमीटर दूर एक स्थान पर सुरक्षित पाया गया।

## पाकिस्तान में आतंकवादियों ने छह लोगों की हत्या की

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा में अज्ञात आतंकवादियों ने पंजाब सूबे के छह लोगों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी, मरने वाले सभी लोग नाई की दूकान चलाते थे। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। एआरवाई न्यूज ने मंगलवार को दी खबर में कहा है कि घटना अफगानिस्तान से लगते खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित मूल रूप से पंजाब सूबे के निवासी हैं और स्थानीय बाजार में नाई की दुकान चलाते थे। पुलिस ने बताया कि उनका अपहरण कर लिया गया था और शव मंगलवार को मिला। तत्काल इन हत्याओं की कोई जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने छह नाई की हत्या के दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। पुलिस ने बताया कि इससे पहले उत्तरी वजीरिस्तान में ही पांच मजदूरों की अज्ञात आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। घटना को तब अंजाम दिया गया था जब वे अपने तंबू में रह रहे थे।

# एक समय में कई कार्य करने की क्षमता उम्र के साथ होती है प्रभावित

**द कन्वरसेशन।** सिडनी

**हम सभी** के पास समय की कमी है, इसलिए मल्टी-टास्किंग (बहु कार्य) को आधुनिक जीवन की आवश्यकता के रूप में देखा जाता है। हम टीवी देखते समय काम के ई-मेल का जवाब देते हैं, बैठकों में खरीदारी की सूची बनाते हैं और बर्तन धोते समय पॉडकास्ट सुनते हैं। हम दैनिक और महत्वपूर्ण दोनों कार्यों को निपटाते समय दिन में अनगिनत बार अपना ध्यान बंटाते हैं। लेकिन एक ही समय में दो काम करना हमेशा उतना उत्पादक या सुरक्षित नहीं होता जितना एक समय में एक ही काम पर ध्यान केंद्रित करना होता है। मल्टी-टास्किंग के साथ दुविधा यह है कि जब कार्य जटिल या ऊर्जा खपाने वाला हो जैसे फोन पर बात करते हुए कार चलाना तो हमारा प्रदर्शन अक्सर एक या दोनों में खराब हो जाता है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारी बहु-कार्य करने की क्षमता में क्यों और कैसे बदलाव आता है।

## कम प्रभावी तरीके से अधिक काम करना

मस्तिष्क स्तर पर मल्टी-टास्किंग के साथ समस्या यह है कि एक ही समय में दो कार्य करने पर अक्सर तंत्रिका तंत्र में प्रतिस्पर्धा होती है- जैसे कि सड़क पर यातायात की दो परस्पर धाराएं। विशेष रूप से, फ्रंटल कॉर्टेक्स में मस्तिष्क के नियोजन केंद्र (दूसरों के बीच पैरिएटो-सेरेबेलर प्रणाली से संबंध) मोटर और संज्ञानात्मक दोनों कार्यों के लिए आवश्यक हैं। जितने अधिक कार्य दृष्टि जैसी समान संवेदी प्रणाली पर निर्भर होंगे, हस्तक्षेप उतना ही अधिक होगा। यही कारण है कि गाड़ी चलाते समय मल्टी-टास्किंग, जैसे फोन पर बात करना जोखिम भरा हो सकता है। फोन पर जितनी गहनता से बात करेंगे, दुर्घटना का खतरा उतना ही अधिक होगा, भले ही आप ब्लूटूथ की मदद से बात कर रहे हैं। आम तौर पर, आपके प्राथमिक मोटर (तंत्रिका का) कार्य में जितने अधिक कुशल होंगे, आप उसी समय किसी अन्य कार्य को करने में उतने ही बेहतर होंगे। उदाहरण के लिए कुशल सर्जन आम निवासियों की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से एक साथ कई कार्य कर सकते हैं। अत्यधिक स्वचालित कौशल और कुशल मस्तिष्क प्रक्रियाओं का अभिप्राय है कि आप बेहतर तरीके से मल्टी टास्किंग कर सकते हैं। मल्टी टास्किंग में बच्चों के मुकाबले वयस्क बेहतर होते हैं। मस्तिष्क की क्षमता और अनुभव दोनों ही वयस्कों को बच्चों की तुलना में मल्टी टास्किंग की अधिक क्षमता प्रदान करते हैं। आपने देखा होगा कि जब आप किसी समस्या के बारे में सोचना शुरू करते हैं, तो आप बहुत धीरे-धीरे चलते हैं, और कभी-कभी गहराई से सोचने पर रुक जाते हैं। एक ही समय में चलने और सोचने की क्षमता बचपन और किशोरावस्था के मुकाबले बेहतर हो जाती है, जैसा कि अन्य प्रकार के मल्टी-टास्किंग में होता है।

## जब हम वृद्धावस्था की ओर बढ़ते हैं?

वृद्ध वयस्कों में मल्टी टास्किंग संबंधी त्रुटियों की आशंका अधिक होती है। वृद्ध वयस्क युवा वयस्कों की तुलना में बहुत धीमी गति से और मंथर गति से चलते हैं। वृद्ध वयस्क चलते समय और विशेष रूप से मल्टी-टास्किंग करते समय अपने प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स को अधिक सक्रिय रखते हैं। तब अधिक हस्तक्षेप करता है जब समान मस्तिष्क नेटवर्क को भी संज्ञानात्मक कार्य करने के लिए सूचीबद्ध किया जाता है।

## उम्र दराज लोग अभ्यास और सुधार कर सकते हैं

मल्टी-टास्किंग क्षमताओं का परीक्षण चिकित्सकों को अकेले चलने के आकलन की तुलना में एक बुजुर्ग मरीज के भविष्य में गिर जाने के जोखिम के बारे में बेहतर बता सकता है, यहां तक कि समुदाय में रहने वाले स्वस्थ लोगों के लिए भी। परीक्षण उतना ही सरल हो सकता है जितना कि किसी को मन ही मन किसी संख्या को घटाते हुए, या एक कप और तश्तरी ले जाते हुए, या एक ट्रे पर गेंद को संतुलित करते हुए एक पथ पर चलने के लिए कहना। इसका लक्ष्य यह है कि मरीज अपना ध्यान दो कार्यों में अधिक कुशलता से बांट सकें और विकर्षणों को नजरअंदाज कर सकें, गति और संतुलन में सुधार कर सकें।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 जनवरी 2024



# भारतीय महिलाओं के हाथ लगी निराशा

- भारत की करारी हार, ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया
- लिचफील्ड का शतक , कंगारुओं ने 190 रन से दी मात

भाषा। मुंबई



**बेहतरीन फॉर्म** में चल रही फोएबे लिचफील्ड के शतक की मदद से रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 190 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारतीय महिला टीम का इस तरह से ऑस्ट्रेलिया को वनडे में अपने घरेलू मैदान पर हराने का पिछले 16 साल से चला आ रहा इंतजार बढ़ गया। ऑस्ट्रेलिया की यह भारतीय धरती पर वनडे में लगातार दसवीं जीत है। भारत 2007 के बाद से अपने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 338 रन का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। इसके जवाब में भारतीय टीम 32.4 ओवर में 148 रन पर आउट हो गई। लिचफील्ड ने 125 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 119 रन की लाजवाब पारी खेली जबकि हीली ने 85 गेंद पर 82 रन बनाए जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 189 रन जोड़े जो भारत में किसी भी विरोधी टीम का किसी विकेट के लिए सर्वोच्च साझेदारी है। वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय टीम ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में जीत दर्ज की थी लेकिन 50 ओवर के प्रारूप में वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई। बड़े लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने पांचवें ओवर में ही यास्तिका भाटिया (06) का विकेट गंवा दिया जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (29) अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाई। इन दोनों को मेगन शट (23 रन देकर दो विकेट) ने आउट किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (03) का खराब प्रदर्शन जारी रहा। जॉर्जिया वेयरहम (23 रन देकर तीन विकेट) ने उन्हें बेथ मूनी के हाथों के कैच आउट कराने के बाद दूसरे मैच में 96 रन की शानदार पारी खेलने वाली रिचा घोष (19) को बोल्ड किया। जेमिमा रोड्रिग्स (25) ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन एशले गार्डनर (38 रन देकर एक विकेट) ने जल्द ही उनके तेवरों पर विराम लगा दिया। अलाना किंग (21 रन देकर दो विकेट) ने अमनजोत कौर (03) और पूजा वस्त्राकर (14) को पवेलियन की राह दिखाई जबकि अनुभवी स्पिनर एनाबेल सदरलैंड (नौ रन देकर दो विकेट) ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत सुनिश्चित की। दीप्ति शर्मा 25 रन बनाकर नाबाद रही। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया तथा श्रेयंका पाटिल (37 रन देकर तीन विकेट) से मिले झटकों के बावजूद सपाट विकेट पर रन बनाना जारी रखा। भारत की तरफ से अमनजोत कौर ने भी दो विकेट लिए लेकिन इसके लिए उन्होंने 70 रन खर्च किए। पहले दो मैच में 78 और 63 रन बनाने वाली लिचफील्ड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। वह जब 62 रन पर खेल रही थी तब अमनजोत की गेंद पर दीप्ति शर्मा ने उन्हें जीवनदान दिया था। दीप्ति ने आखिर में 40वें ओवर में लिचफील्ड को हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच कराया। यह वनडे में उनका 100वां विकेट था। दीप्ति यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की केवल चौथी गेंदबाज हैं। पूजा वस्त्राकर (68 रन देकर एक विकेट) ने 29वें ओवर में हीली को बोल्ड करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद पारी के 36वें ओवर में पाटिल ने बेथ मूनी (03) और ताहलिया मैकग्रा (00) को लगातार गेंदों पर पगबाधा आउट किया। एशले गार्डनर के 27 गेंदों में चार चौकों की मदद से 30 रन, एनाबेल सदरलैंड के 21 गेंदों में 23 रन और अलाना किंग की 14 गेंद पर तीन छक्कों और एक चौके की मदद से खेली गई नाबाद 26 रन की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया अपने रिकार्ड को बेहतर करने में सफल रहा।

## स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया महिला पारी** : लिचफील्ड का हरमनप्रीत बो दीप्ति 119, हीली बो वस्त्राकर 82,पैरी पगबाधा बो अमनजोत 16, मूनी पगबाधा बो पाटिल 3,मैकग्रा पगबाधा बो पाटिल 0,गार्डनर बो पाटिल 30,सदरलैंड का हरमनप्रीत बो अमनजोत 23, वेयरहैम नाबाद 11,किंग नाबाद 26, **अतिरिक्त** : 28 रन, कुल योग : 50 ओवर में सात विकेट पर 338 रन, **विकेट पतन** : 189-1, 209-2, 216-3, 216-4, 256-5, 295-6, 299-7, **गेंदबाजी** : रेणुका 7-0-52-0, वस्त्राकर 10-0 - 68-1, पाटिल 10-0- 57 - 3, कश्यप 3-0 -30 -0, शर्मा 10-0- 53-1, अमनजोत 10 -0- 70-2

**भारत** : भाटिया बो शट 06, मंधाना का गार्थ बो शट 29, घोष बो वेयरहम 19, कौर का मूनी बो वेयरहम 03 ,जेमिमा का किंग बो गार्डनर 25,दीप्ति नाबाद 25,कौर का लिचफील्ड बो किंग 03,वस्त्राकर बो किंग 14,पाटिल का मैकग्रा बो सदरलैंड 02 ,रेणुका सिंह का हीली बो सदरलैंड 00,कश्यप का मूनी बो वेयरहम 08,अतिरिक्त: 14,**कुल**: (32.4 ओवर में ऑल आउट) 148,**विकेट पतन**:1-32, 2-43, 3-57, 4-72, 5-98, 6-102, 7-128, 8-135, 9-135, 10-148.,**गेंदबाजी**: मेगन शट 6-1-23-2, किम गार्थ 5-0-33-0, जॉर्जिया वेयरहम 6.4-0-23-3, एशले गार्डनर 7-0-38-1, अलाना किंग 5-0-21- 2, एनाबेल सदरलैंड 3-0-9-2

## टी20 विश्व कपः रोहित और विराट से बात कर सकते हैं अगरकर, आईपीएल में 30 खिलाड़ियों पर रहेगी नजर



**केपटाउन।** अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम का चयन करते समय माथापच्ची करनी पड़ेगी क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली जून में होने वाले विश्व कप में खेलने के इच्छुक हैं। रोहित और कोहली दोनों नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के बाद भारत की तरफ से सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेले हैं। दो राष्ट्रीय चयनकर्ता शिवसुंदर दास और सलिल अंकोला अभी दक्षिण अफ्रीका में है जबकि दूसरे टेस्ट मैच के दौरान अगरकर भी यहां पहुंच जाएंगे। पूरी संभावना है कि अगरकर और उनके साथी इस दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ तथा टेस्ट और वनडे के कप्तान रोहित और स्टार बल्लेबाज कोहली से बात करेंगे और उसी के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम का चयन किया जाएगा। वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगभग 30 खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखी जाएगी। अभी यह देखना होगा कि अगरकर और उनके साथी 11 जनवरी से मोहाली में होने वाली श्रृंखला के लिए रोहित और कोहली का चयन करते हैं या नहीं या फिर आईपीएल के दौरान ही उनकी फॉर्म और फिटनेस पर नजर रखी जाएगी।

## वार्नर की असाधारण प्रतिभा के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से उनका अनुबंध बना रहाः माइकल क्लार्क

**सिडनी।** पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि डेविड वार्नर की असाधारण प्रतिभा के कारण ही यह सुनिश्चित हो पाया कि मैदान के बाहर कुछ मुद्दो के बावजूद इस विस्फोटक सलामी बल्लेबाज का क्रिकेट आस्ट्रेलिया के साथ अनुबंध खत्म नही हो। पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के बाद 37 वर्षीय वार्नर इस प्रारूप से संन्यास ले लेंगे। अपने करियर के दौरान वह विवादो से भी जुड़े रहे जिनमे 2018 मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच मे गेंद से छेड़छाड़ करना भी शामिल है। क्लार्क ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में कहा, डेवी (वार्नर) शुरू से ही मजबूत इरादों वाला व्यक्ति था। उस जैसा दृढ़ और आक्रामक रवैया रखने वाला खिलाड़ी मुझे टीम में पसंद था। लेकिन मैदान के बाहर भी उसका रवैया ऐसा ही था जिसके कारण वह परेशानियो मे भी पड़ा।

## पाक के खिलाफ नजरें आखिरी टेस्ट खेल रहे वॉर्नर पर

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले तीसरे टेस्ट में सभी की नजरें डेविड वॉर्नर पर टिकी होंगी जो अपने कैरियर का आखिरी टेस्ट खेलने जा रहे है। आस्ट्रेलिया पर्थ और मेलबर्न टेस्ट के साथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला पहले ही जीत चुका है। पाकिस्तान ने आखिरी बार आस्ट्रेलिया को किसी टेस्ट में 1985 में एससीजी पर ही हराया था। वॉर्नर ने नववर्ष पर प्रेस कांफ्रेंस में वनडे क्रिकेट से भी संन्यास लेने का ऐलान किया था। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वह 2025 आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में वापसी कर सकते है। वह जून में होने वाले टी20 विश्व कप तक टी20 क्रिकेट खेलते रहेंगे। 37 वर्ष के वॉर्नर ने कहा , मैं वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले से संतुष्ट हूं। भारत में खिताब जीतना खास था।

## जगरेब ओपन के लिए भारतीय कुश्ती टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोएशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोएशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा। डब्ल्यूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्ईय समिति कर रही है। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपिंदर सिंह बाजवा है। बाजवा ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा , विदेश मंत्रालय ने समय पर दखल दिया जिससे 25 भारतीयों को वीजा औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अब जगरेब जाने का मौका मिल गया है। टीम को वीजा की अपाइंटमेंट हासिल करने में परेशानी हो रही थी लेकिन विदेश मंत्रालय ने मदद की। बाजवा ने कहा कि क्रोएशियाई कुश्ती महासंघ के महासचिव टिन ब्रेगोविच ने 13 पहलवानों, नौ कोचिंग और सहयोगी स्टाफ और तीन रैफरियों को न्यौता दिया है। हमने सुनिश्चित किया है कि ओलंपिक खेलने के दावेदार पहलवानों को मौका मिले। हमें यकीन है कि जगरेब में खेलने वाले पहलवान अप्रैल में होने वाले एशियाई क्वालीफिकेशन और मई में विश्व क्वालीफिकेशन के लिए पुख्ता तैयारी करेंगे।

## आस्ट्रेलियाई पीएम ने ख्वाजा के साहस की सराहना की

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने फलस्तीन और इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध में पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाने के बाद आईसीसी से टकराव में क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा के साहस की तारीफ की है। पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान जूते पर कबूतर का लोगो और जैतून की शाखा के जरिए समानता और स्वतंत्रता का संदेश देने का ख्वाजा का अनुरोध आईसीसी ने खारिज कर दिया था। ख्वाजा ने पर्थ टेस्ट के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी थी और आईसीसी ने इसके लिए उन्हें फटकार लगाई थी। अल्बानीज ने सिडनी टेस्ट से पहले आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की टीमों को संबोधन के दौरान कहा , मैं ख्वाजा को मानवीय मूल्यों के लिए खड़े होने का साहस दिखाने पर बधाई देता हूं। उसने हिम्मत दिखाई है और टीम ने उसका साथ दिया जो बहुत अच्छी बात है। पिछले सप्ताह आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने उनका समर्थन करते हुए कहा था कि गाजा मे मानवाधिकार संकट की ओर इशारा करने का ख्वाजा का प्रयास आक्रामक नही था।

## अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ की शानदार शुरुआत

**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ ने मंगलवार को यहां ऑकलैंड टेनिस क्लासिक मे हमवतन क्लेरी लियु को सीधे सेटो मे हराकर 2024 के अपने सत्र की शानदार शुरुआत की।गत चैंपियन गॉ ने अपने फोरहैंड का शानदार नमूना पेश किया तथा लियु को 6-4, 6-2 से पराजित करके दूसरे दौर मे प्रवेश किया। गॉ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन के फाइनल मे आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था।विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने नए साल की शुरुआत हार के साथ की। उन्हे पहले दौर मे दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने 6-4, 6-3 से पराजित किया।

## चेन्नई ओपन : मित्रा से हारने के बावजूद कृष्णन शीर्ष पर

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर पी सरवना कुमार चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर मे अधिराज मित्रा से हारने के बावजूद शीर्ष पर बने हुए है। कृष्णन चार अंक लेकर पांच अन्य ग्रैंडमास्टर फेडोरेव अलेक्सेइ (बेलारूस), ग्लेक इगोर (बेल्जियम), के मुहम्मद (ताजिकिस्तान), मानिक मिकुलास (स्लोवाकिया) और एंगुएन डुक होआ (वियतनाम) के साथ शीर्ष पर है। अलेक्सेइ ने मुरली कृष्णन को हराया लेकिन इगोर को रोहित एस के हाथो पराजय झेलनी पड़ी। मुहम्मद ने कोल्ला भावन और मिकुलास ने श्रीराम आदर्श उप्पाला को मात दी। अंतरराष्ट्रीय मास्टर अरण्यक घोष, वियानी अंतोनियो डिकुन्हा और साहिल डे समेत छह खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है।

## सीबीआई ने सबूतों के अभाव में आईपीएल सट्टेबाजी से जुड़े दो मामले बंद किए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2019 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे कथित फिक्सिंग से जुड़े दो मामलो को सबूतो के अभाव में बंद कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने यह जानकारी मिलने के बाद मई 2022 मे सात लोगो के खिलाफ दो प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की थी कि क्रिकेट सट्टेबाजी मे शामिल व्यक्तियों का एक नेटवर्क पाकिस्तान से मिल रहे इनपुट के आधार पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचो के नतीजो को प्रभावित कर रहा है। सीबीआई ने पहली एफआईआर दिल्ली के रोहिणी स्थित दिलीप कुमार तथा हैदराबाद के रहने वाले गुर्म वासु और गुर्म सतीश के खिलाफ दर्ज की थी।

## इज़हार व राजेश प्रथम

**मुंबई।** वी ने फेस्टिव लकी ड्रा के बहुप्रतीक्षित परिणाम की घोषणा की। विजेताओं के नाम इस प्रकार है श्रीमान किशनगंज के मोहमद इज़हार हुसैन जिन्होंने प्रथम पुरस्कार मे मारुती सेलेरिओ कार जीती, भागलपुर के राजेश कुमार अवं अकबरपुर के श्रीमान सहीद आलम ने दूसरे पुरस्कार मे हीरो कद बाइक जीती। वी मार्ट के सीएमडी हेमंत अग्रवाल ने कहा कि हमे वास्तव में उन विजेताओं के नामों की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं लखनऊ स्थित विकासनगर स्टोर में आयोजित एक भव्य समारोह में विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। इस फेस्टिव लकी ड्रा में पूरे भारत वर्ष से हजारों लोगों ने भाग लिया। आज एक भव्य समारोह में वी.बाज़ार ने सभी श्रेणियों में भाग्यशाली विजेताओं के नामों की घोषणा की। पुरस्कारों में 1 कार, 2 बाइक, 5 रेफ्रिजरेटर, 5 वॉशिंग मशीनए 5 एलईडी टीवीए 10 माइक्रोवेव ओवन और 20 आयरन थे।

## गत चैम्पियन अमेरिका को हराकर आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल में

**पर्थ।** गत चैम्पियन अमेरिका को 2-1 से हराकर मेजबान आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। मैथ्यू एबडेन और स्टोर्म हंटर ने मिश्रित युगल में जेसिका पेगुला और राजीव राम को 6-3, 6-। से हराया। आस्ट्रेलिया 18 देशों के मिश्रित टीम टूर्नामेंट मे ग्रुप सी मे शीर्ष पर रहा। इससे पहले एलेक्स डि मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 6- 4, 6-2 से हराकर आस्ट्रेलिया को। -0 से बढत दिला दी थी। लेकिन पेगुला ने एला टोमजानोविच को 7-6, 6-3 से मात देकर बराबरी दिलाई।

# भारतीय गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

- दक्षिण अफ्रीका से दूसरा टेस्ट आज से, श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए करनी होगी मेहनत

भाषा। केपटाउन





**पहले टेस्ट** में शर्मनाक हार के बाद वापसी के लिए भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि विश्व चैम्पियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके। इस समय विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023, 25 चक्र में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है जबकि भारत छठे स्थान पर है। हरफनमौला रविंद्र जडेजा की वापसी से मध्यक्रम संतुलित होगा और बीच के ओवरों में पुरानी कूकाबूरा से वह प्रभावी साबित होंगे। भारत के लिए तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका अहम होगी। प्रसिद्ध कृष्णा अभी टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं और शार्दुल ठाकुर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। बल्लेबाजों में शीर्ष तीन यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर के खराब फॉर्म ने टीम की चिंता बढा दी है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के बाउंसर झेलने होंगे। पहले टेस्ट की पहली पारी में केएल राहुल और दूसरी पारी में विराट कोहली को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज सेंचुरियन में अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर सका। नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में एक हार और एक ड्रॉ के बाद भारत जीत के लिए बेताब होगा। इस मैदान पर हालांकि पिछले छह में से चार मैच भारत गंवा चुका है। पिछले छह सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के लिए अच्छे नहीं रहे हैं जो वनडे विश्व कप फाइनल की हार के बाद उबरने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद सेंचुरियन में ढाई दिन के भीतर टेस्ट में पारी और 32 रन के अंतर से हार ने उनकी समस्याएं बढा दी है। अब ऐसे में नए साल की शुरूआत यहां न्यूलैंड्स पर जीत के साथ करने के लिए वह बेताब होंगे। इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस टेस्ट के बाद विदा ले रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर नहीं चाहेंगे कि महेंद्र सिंह धोनी के बाद यहां टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराने वाले रोहित भारत के दूसरे कप्तान बनें। यहां टॉस की भूमिका अहम होगी क्योंकि तापमान 33 . 34 के बीच है और पिच पर हरी घास है। यह पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है जिस पर स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ऐसे में जडेजा के फिट होने पर टीम में रविचंद्रन अश्विन को रखने के कोई मायने नहीं है। रोहित को यह भी देखना होगा कि वह अपने विशेषज्ञ बल्लेबाजों पर भरोसा करके शार्दुल और प्रसिद्ध की जगह मुकेश कुमार या आवेश खान को जगह देंगे।

## अफगानिस्तान के कोच बने रहेंगे ट्रॉट

**काबुल।** पिछले कुछ अर्से में अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का करार एक साल के लिए बढा दिया गया है। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 में पदभार संभाला था और 2023 के आखिर में उनका 18 महीने का कार्यकाल खत्म हो गया। उनके मार्गदर्शन में अफगानिस्तान ने टी20 एशिया कप 2022 में अच्छा प्रदर्शन किया , पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीती और बांग्लादेश को पहली बार वनडे श्रृंखला में हराया। वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका और नीदरलैंड को मात दी। अफगानिस्तान टीम इस समय यूएई में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेल रही है। इसके बाद 11 से 17 जनवरी तक भारत में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलना है।

# दक्षिण अफ्रीका में चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम



भाषा। नई दिल्ली

**कोर ग्रुप के लिए चुने गए खिलाड़ी इस प्रकार हैं:** गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश पीआर, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान। डिफेंडरः जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप ज़ेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत। मिडफील्डरः मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह। फॉरवर्डः एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

**भारतीय पुरुष हॉकी** टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी जिसमें उसका सामना मेजबान देश के अलावा फ्रांस और नीदरलैंड से होगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट से पहले 39 सदस्ईय कोर ग्रुप राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेगा जो बुधवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित परिसर में शुरू होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम 11 दिन के शिविर के बाद केपटाउन रवाना होगी। दक्षिण अफ्रीका में 28 जनवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट से भारतीय टीम को फरवरी में ओडीशा में होने वाले प्रो लीग की तैयारी करने का भी मौका मिलेगा। भारत को प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, स्पेन और आयरलैंड का सामना करना है। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमारे खिलाड़ी अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के बाद तरोताजा होकर वापसी कर रहे हैं। हम दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हॉकी सत्र की शुरुआत करेंगे। यहां से पेरिस ओलंपिक तक हमारा कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा।

## भारत को 2024 में तेज गेंदबाजों की बड़ी खेप तैयार करने पर ध्यान देना चाहिएः पठान



**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि भारत को 2024 में अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण की बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इस विभाग में उसकी कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत को पहले टेस्ट मैच में मोहम्मद शमी की बड़ी कमी खली और उसे इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। चोटों से परेशान रहने वाले जसप्रीत बुमराह को शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, भारत को 2024 में तेज गेंदबाजों की अच्छी इकाई तैयार करने की जरूरत है। दक्षिण अफ्रीका में क्या हुआ हम सभी ने देखा। हमारे बैकअप गेंदबाज तैयार नहीं थे। हमें शमी की बहुत कमी खली। भगवान ना करे, अगर बुमराह के साथ कुछ हो जाता है, जैसे कि वह अतीत में चोटिल होते रहे हैं। ऐसे में अगर हमने तेज गेंदबाजों की बड़ी खेप तैयार नहीं की तो हमें उनके (बुमराह और शमी) जैसे अच्छे तेज गेंदबाज नहीं मिलेंगे। आपके पास उच्च स्तर पर खेलने के लिए कम से कम सात या आठ तेज गेंदबाज हमेशा तैयार होने चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय टीम में युवा और अनुभव का अच्छा मिश्रण होना चाहिए। हमारा ध्यान युवा और अनुभव का अच्छा मिश्रण तैयार करने पर होना चाहिए, क्योंकि इससे हमेशा लाभ मिलता है। युवाओं के उत्साह को कम करने के लिए आपको शांत दिमाग से भी काम करने की जरूरत है।

# लखनऊ के ताइकवांडो खिलाड़ियों को 6 स्वर्ण

- 5 रजत, 4 कांस्य समेत जीते 15 पदक



**लखनऊ।** लखनऊ के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय इंडो नेपाल अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारतीय ताइक्वांडो टीम की ओर से खेलते हुए 6 स्वर्ण ए 5 रजतए 4 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर अपना दबदबा बनाए रखा। यह प्रतियोगिता नई दिल्ली के सेंट्रल अकादमी इंटरनेशनल स्कूल में गत 30.31 दिसंबर 2023 को आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में पदक विजेता ये सभी खिलाड़ी ऑक्सफ ोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के निदेशक मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पदक विजेता खिलाड़ी –क्योरगी इवेंट–स्वर्ण पदक :अनुराज मौर्य कैडेट अंडर–33 किग्रा, अनुभव तिवारी सब जूनियर अंडर–29 किग्रा,रजत पदक–सिद्धार्थ सिंह सब जूनियर अंडर 27.29 किग्रा,कांस्य पदक रू देव द्विवेदी ,सब जूनियर अंडर 41.47 किग्रा, आकांक्षा विश्वकर्मा सीनियर अंडर–46 किग्रा,पूमसे इवेंट स्वर्ण पदक–श्रेयांश नायक, संस्कार शुक्ला, अनुराज मौर्या, आकांक्षा विश्वकर्मा,रजत पदक–आशुतोष कुमार मिश्रा,कुणाल यादव, मयांक तिवारी, देव द्विवेदी,कांस्य पदक रू सिद्धार्थ सिंह, आनंद तिवारी।

## साहसिक कार्य करने वाले बच्चे सम्मानित

### मानव दिवस पर 18 विभूतियों का सम्मान



**लखनऊ।** नववर्ष को विश्व मानव संघ ने मानव दिवस के रूप में मनाया तथा देश एवं विदेश में समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली18 विभूतियों को 26 वें अन्तर्राष्ट्रीय जुनूं अवार्ड 2023 से नवाजा गया व नागरिक अभिनंदन किया गया। उक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष प्रवीण भूषण श्रीवास्तव ने दी। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को भी सम्मानित किया गया। श्री भूषण ने बताया कि मानव दिवस प्राणी एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कवि अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा रचित पुस्तक मन्थरा का विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि नरेश शंकर श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय जुनूं अवार्ड से प्रत्येक वर्ष समर्पित और कठिन परिश्रम से आगे आने वाले कलाकारों, लेखको, समाज सेवियों एवे साहसिक कार्य करने वालों को विश्व मानव संघ सम्मानित करता है। मानव दिवस की शुरूआत संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं अन्तर्राष्ट्रीय समाज सेवी लेखक व चित्रकार डॉ. रश्मि भूषण जुनूं ने की थी। सम्मानित किए जाने वाले लोगों में अर्चना श्रीवास्तव, श्रुति भट्टाचार्य, श्रीमती बीना अडवाणी, उमेश प्रकाश, राकेश सक्सेना, सरिता सिंह, रवीन्द्र दुधानी, ड. रूचिता सुजय चौधरी, मनोरमा श्रीवास्तव, चेयरमैन फाउण्डेशन अमा ;कोलम्बिया, अध्यक्ष नेशनल डी एक्शन रूरेल बरकीना फासो अफ्रीका, चेयरमैन इन्टरनेशनल सोसाइटी फार ह्यूमन राइट्स कैबोवर्डे कैपवर्डे चेयरमैन ब्रेथ,कनाडा, अध्यक्ष ग्रीन वर्ल्ड बांग्ला देश,अध्यक्ष ऐबा ब्राजील, अध्यक्ष काउन्सिल फार ह्यूमन राइट्स एंड रिलीजियन्स फ्रीडम बेल्जियम एवं अन्य को सम्मानित किया गया।

# जोकोविच ने जिरि को दी मात

## सर्बिया युनाइटेड कप के क्वार्टर फाइनल में



**पर्थ।** नोवाक जोकोविच ने कलाई के दर्द से उबरते हुए चेक गणराज्य के जिरि लेहेका को 6–।, 6– 7, 6–। से हराया जिसकी मदद से सर्बिया ने युनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को कलाई के दर्द के कारण मेडिकल सहायता लेनी पड़ी। इससे पहले विम्बलडन चैम्पियन मारकेटा वोंड्रोसोवा ने ओल्गा दानिलोविच को 6–।, 3–6, 6–3 से हराकर चेक टीम को बढत दिलाई थी। सर्बिया ने दूसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में अगले दौर में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में चिली ने यूनान को 2–। से हराया। अब यूनान को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कनाडा को हराना होगा। वहीं गत चैम्पियन अमेरिका को 2–। से हराकर मेजबान आस्ट्रेलिया क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। मैथ्यू एबडेन और स्टोर्म हंटर ने मिश्रित युगल में जेसिका पेगुला और राजीव राम को 6–3, 6–। से हराया। आस्ट्रेलिया 18 देशों के मिश्रित टीम टूर्नामेंट में ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा। इससे पहले एलेक्स डि मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 6– 4, 6–2 से हराकर आस्ट्रेलिया को।–0 से बढ़त दिला दी थी। लेकिन पेगुला ने एला टोमजानोविच को 7–6, 6–3 से मात देकर बराबरी दिलाई। एक अन्य मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने एकल और युगल दोनों मुकाबले जीते जिसके दम पर पोलैंड ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं फ्रांस ने जर्मनी को 2–1 से मात दी।

## नडाल ने साल के पहले मैच में जीत दर्ज की

**ब्रिसबेन।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7-5, 6-1 से हराकर इस वर्ष मे पहली जीत दर्ज की।पिछले साल जनवरी मे आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर मे बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नही खेला है। सैतीस वर्ष के नडाल ने पहले सेट मे सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाए। उन्होंने 89 मिनट मे यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे है। अन्य मैचो मे जर्मनी के यानिक हांफमैन ने पांचवी वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7-5, 6-4 से मात दी। महिला वर्ग मे 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वी रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7- 5, 7-6 से हराया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।